राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

वर्ष 07,अंक 195, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

देशी लौकिया की गौशाला का वीडियो वायरल, गौ भक्तो में आक्रोश...03

पुतिन दिल्ली आ रहे, एक से बढ़कर एक हथियारों के साथ S-500 भी ला रहे...12

# समान नागरिक संहिता संवैधानिक आकांक्षा है इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

» मुय न्यायाधीश ने जोर देकर कहा, 'यूसीसी एक संवैधानिक आकांक्षा है... इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है।




**संवाददाता सचिन बाजपेई**

**नई दिल्ली:** सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि समान नागरिक संहिता (niform Civil Code - UCC) भारत के संविधान की एक आकांक्षा है और इसका धर्म से कोई संबंध नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों को महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताते हुए यह टिप्पणी की।

**मामले का संदर्भ** पीठ (जिसमें न्यायमूर्ति जोयमाला बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे) मुस्लिम महिलाओं के विरासत अधिकारों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में शरीयत कानून के उन प्रावधानों को चुनौती दी गई थी जो महिलाओं को पुरुषों की तुलना में संपत्ति में कम हिस्सा देते हैं। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि ये प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन करते हैं।

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि अदालत इन प्रावधानों को रद्द कर देती है तो मुस्लिम विरासत कानून में कानूनी रिक्तता (वैक्यूम) पैदा हो सकती है, क्योंकि मुस्लिम विरासत पर कोई अलग सेकुलर स्टैट्यूटरी कानून नहीं है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह 'बहुत अच्छा मामला' है, लेकिन इसे विधायिका की बुद्धिमत्ता पर छोड़ना बेहतर होगा। मुख्य न्यायाधीश ने जोर देकर कहा, 'यूसीसी एक संवैधानिक आकांक्षा है... इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। '

**कोर्ट की प्रमुख टिप्पणियां**

- यूसीसी को 'सबसे प्रभावी समाधान' बताया, जो विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान सिद्धांत लागू कर सकता है।

- अदालत ने जोर दिया कि व्यक्तिगत कानूनों में लैंगिक भेदभाव दूर करने के लिए यूसीसी सबसे व्यावहारिक रास्ता है, लेकिन इसे लागू करना विधायिका (संसद) की जिम्मेदारी है, न कि न्यायपालिका की।

- कोर्ट ने पहले भी कई मामलों (जैसे शाह बानो, सरला मुद्गल) में यूसीसी की आवश्यकता पर बल दिया है, लेकिन इसे 'डेड लेटर' (मृत प्रावधान) की तरह पड़ा रहने पर खेद जताया है।

**संवैधानिक आधार**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 (राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों के अंतर्गत) में स्पष्ट रूप से कहा गया है: 'राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।' हालांकि यह न्यायालय में लागू करने योग्य नहीं है, लेकिन यह राज्य की नीति बनाने का मार्गदर्शक सिद्धांत है।

सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है कि यूसीसी राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देगा, विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों से उत्पन्न विरोधाभासी वफादारियों को समाप्त करेगा और लैंगिक समानता तथा धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेगा।

**पृष्ठभूमि और प्रतिक्रियाएं**

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूसीसी को लेकर राजनीतिक और सामाजिक बहस जारी है। कुछ राज्य (जैसे उत्तराखंड) पहले ही यूसीसी लागू कर चुके हैं, जबकि केंद्र सरकार पर इसे पूरे देश में लागू करने का दबाव बढ़ रहा है।

मुस्लिम समुदाय के कुछ नेताओं और संगठनों ने व्यक्तिगत कानूनों में सुधार के बजाय ष्ट को सांस्कृतिक पहचान पर हमला बताते हुए चिंता जताई है। वहीं, महिलाओं के अधिकारों के समर्थक और कई कानूनी विशेषज्ञ इसे लैंगिक न्याय की दिशा में सकारात्मक कदम मानते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यूसीसी किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक अधिकार सुनिश्चित करने का संवैधानिक लक्ष्य है, जो अनुच्छेद 25 (धर्म की स्वतंत्रता) से अलग है।

**विशेषज्ञों का विश्लेषण**

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अदालत की यह टिप्पणी संसद को यूसीसी पर गंभीरता से विचार करने का संदेश देती है। यदि विधायिका यूसीसी लाती है तो यह विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे क्षेत्रों में एकरूपता लाएगी, जिससे महिलाओं को विशेष रूप से लाभ होगा। हालांकि, यूसीसी के क्रियान्वयन में चुनौतियां भी हैं- भारत की सांस्कृतिक विविधता, विभिन्न धर्मों के रीति-रिवाज और संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए इसे संवेदनशील तरीके से तैयार करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी यूसीसी को लेकर लंबे समय से चली आ रही बहस को नई दिशा देती है। यह स्पष्ट संदेश है कि समान नागरिक संहिता कोई धार्मिक मुद्दा नहीं, बल्कि समानता, न्याय और राष्ट्रीय एकता का संवैधानिक सपना है, जिसे अब विधायिका को साकार करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

# मेरी इजाजत के बिना तस्वीरों और वीडियो का इस्तेमाल न हो अल्लू अर्जुन

» पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए अल्लू अर्जुन पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

» अल्लू अर्जुन ने अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया है.

» अभिनेता ने अपनी अनुमति के बिना नाम, तस्वीरें और आवाज के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है.

» यह मुकदमा अनाधिकृत मर्चेंडाइज में उनके व्यक्तित्व से जुड़ी सामग्री के इस्तेमाल के खिलाफ है



तेलुगू फिल्म स्टार अल्लू अर्जुन ने अपने 'पर्सनैलिटी राइट्स' (व्यक्तित्व अधिकारों) की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है. टॉलीवुड एक्टर अल्लू अर्जुन ने कोर्ट में एक मुकदमा दायर कर राहत की मांग की है. एक्टर ने दावा किया है कि उनकी अनुमति और सहमति के बिना उनके व्यक्तित्व से जुड़ी सामग्री जिनमें उनका नाम, तस्वीरें और आवाज शामिल हैं, उसका इस्तेमाल किया जा रहा है. बिना इजाजत के व्यावसायिक लाभ के लिए मर्चेंडाइज में उनके 'पर्सनैलिटी राइट्स' (व्यक्तित्व अधिकारों) के व्यावसायिक इस्तेमाल के खिलाफ भी दायर किया गया है।

अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म 'राका' जल्दी ही आने वाली है, जिसमें दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिकाओं में होंगी. जानकारी के मुताबिक, अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और जान्हवी कपूर भी इस प्रोजेक्ट में अहम किरदार निभाती नजर आएंगी. यह फिल्म 700 करोड़ रुपये से ज्यादा के भारी-भरकम बजट पर बन रही है और इसका निर्माण सन पिक्चर्स कर रहा है।

**बॉम्बे हाई कोर्ट ने क्या दिया था आदेश?**

हाल के दिनों में कई मशहूर हस्तियों ने अपने 'पर्सनैलिटी राइट्स' (व्यक्तित्व अधिकारों) की रक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया है. हाल ही में, कार्तिक आर्यन को भी राहत मिली. जब बॉम्बे हाई कोर्ट ने उनके व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन करने वाली सामग्री को हटाने का आदेश दिया।

पर्सनैलिटी राइट्स किसी व्यक्ति के अपनी पहचान के व्यावसायिक और सार्वजनिक उपयोग को नियंत्रित करने के कानूनी अधिकार को संदर्भित करते हैं. ये अधिकार किसी व्यक्ति से जुड़ी विशिष्ट विशेषताओं, जैसे कि उसका नाम, छवि, शक्ल, आवाज, हस्ताक्षर या यहां तक कि ट्रेडमार्क वाक्यांशों, को बिना सहमति के दुरुपयोग से बचाते हैं।

मुकदमे में आगे कहा गया है कि कई ढ्ढ प्लेटफॉर्म ने उनकी सहमति के बिना, उनकी आवाज की नकल करने और डिजिटल अवतार तथा डीपफेक सामग्री बनाने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकों का इस्तेमाल किया. मुकदमे में चेहरे की मॉर्फिंग, सिंथेटिक आवाज के मॉडल और उनकी छवि के आधार पर विकसित किए गए अनधिकृत चैटबॉट के उदाहरणों का भी जिक्र किया गया है।

**AI अवतार विवाद में कोर्ट की सख्ती**

लेकिन बाद में कोर्ट ने कहा कि वह आदेश पारित करेंगे. इससे पहले कई अभिनेताओं, क्रिकेटरों से लेकर अन्य को राहत मिल चुकी है. हाई कोर्ट ने दिल्ली और अर्जुन के गृह राज्य तेलंगाना के बीच की भौगोलिक दूरी का जिक्र करते हुए पूछा कि आप यहां क्यों आए है? बीच में पांच राज्य है. इसपर अर्जुन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील स्वाति सुकुमार ने कहा कि उल्लंघन पूरे देश में हो रहा है. उन्होंने कोर्ट को बताया कि आरोपियों में से एक ने एक ऐसा एप बनाया है. जो किसी व्यक्ति को अर्जुन की कृत्रिम प्रतिकृति से बात करने में सक्षम बनाता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हरिवंश निर्विरोध चुने राज्यसभा के उपसभापति



**ब्यूरो प्रयागराज।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह चुने गई हैं. इतिहास में यह पहली बार है जब किसी को भी लगातार तीसरी बार बिना किसी विरोध के राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी खुद मौजूद थे. राजनीति में कई बार ऐसे मौके आते हैं जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव की जगह सहमति नजर आती है। राज्यसभा के उपसभापति पद का चुनाव ऐसा ही एक पल लेकर आया, जहां बिना किसी मुकाबले के फैसला हो गया. हरिवंश नारायण सिंह का लगातार तीसरी बार इस पद पर चुना जाना सिर्फ एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सदन की कार्यशैली और राजनीतिक समीकरणों का संकेत भी है. दिलचस्प यह रहा कि इस अहम मौके पर नरेंद्र मोदी खुद सदन में मौजूद रहे, जिससे इस चुनाव की अहमियत और बढ़ गई। बिना विपक्षी उम्मीदवार के चुनाव जीतना किसी भी संसदीय प्रक्रिया में एक खास स्थिति होती है. यह या तो राजनीतिक रणनीति का हिस्सा होता है या फिर सहमति की मजबूरी. इस बार भी ऐसा ही देखने को मिला, जब विपक्ष ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया और राज्यसभा में उपसभापति का चुनाव लगभग तय हो गया।

### दिल्ली के बाहरी रिंग रोड पर आग का गोला बन गई i-20 कार, हादसे में बाल-बाल बचा ड्राइवर

**बाहरी दिल्ली।** बाहरी रिंग रोड पर चलती हुई आई-20 कार में आग लग गई। समय रहते ही ड्राइवर सुरक्षित कार से बाहर आ गया और देखते ही देखते आग जलकर पूरी तरह से राख हो गई। शुक्रवार की दोपहर बाहरी रिंग रोड स्थित रोहिणी सेक्टर-3 काली माता मंदिर के सामने एक आई - 20 कार में अचानक से आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के समय कार में केवल चालक ही मौजूद था। जो समय रहते ही कार से सुरक्षित बाहर आ गया और कार धू-धू कर जलने लगी। दमकल विभाग के कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर 1:20 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। जानकारी मिलने के बाद दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। 2:05 बजे आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच में जुटी हुई है। कार के चालक राहुल ने बताया कि मैं अपनी आई-20 कार से सरस्वती विहार के लिए निकला।

# सबरीमाला विवादः आस्था बनाम संविधान...सुप्रीम कोर्ट में तीखी बहस, अंतरात्मा की स्वतंत्रता पर उठे अहम सवाल

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के सामने शुक्रवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई के दौरान, आस्था, परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन को लेकर बहस हुई। दरअसल, केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन की सुनवाई जारी रही. इस दौरान विभिन्न पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकीलों ने अपने-अपने तर्क पेश किए, और इस मुद्दे के सामाजिक और कानूनी पहलुओं को सामने रखा। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता. पांचवे दिन आत्मार्थम ट्रस्ट की ओर से पेश होते हुए, वकील एम.आर. वेंकटेश ने 'संप्रदाय' शब्द की व्याख्या को चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि यह शब्द विदेशी मूल का है और भारतीय संदर्भ में इसकी अपनी सीमाएं हैं. उन्होंने दलील दी कि गैर-सांप्रदायिक मंदिरों के अधिकारों को भी समान सुरक्षा दी जानी चाहिए. वेंकटेश ने आगे कहा कि कई महिलाएं स्वेच्छा से मासिक धर्म के दौरान मंदिरों में प्रवेश करने से बचती हैं. इस प्रथा को परंपरा और व्यक्तिगत आस्था के दायरे में समझा जाना चाहिए।

**सभी धर्मों के अधिकारों को ध्यान में रखे सुप्रीम कोर्ट**

इसके विपरीत, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कोर्ट के सामने एक व्यापक संवैधानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि कोर्ट को एक संतुलित फैसला देना चाहिए जो सभी धर्मों के अधिकारों को ध्यान में रखे. धवन ने यह भी कहा कि आस्था समय के साथ विकसित होती है, और ऐसा विकास केवल कानूनी उपायों से नहीं लाया जा सकता. उनके अनुसार, असहमति और विभाजन से भरे समाज में, कोर्ट को एक सामंजस्यपूर्ण व्याख्या अपनानी चाहिए।

**संविधान में निहित कुछ अधिकार धार्मिक प्रथाओं से ऊपर**

धवन ने आगे स्पष्ट किया कि किसी भी धर्म पर सम्मानपूर्वक सवाल उठाना एक लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है; हालांकि, हेट स्पीच को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. उन्होंने यह भी तर्क दिया कि संविधान में निहित कुछ अधिकार धार्मिक प्रथाओं से ऊपर हैं, और इसलिए उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए. राजीव धवन ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंहवी के इस तर्क से असहमति जताई कि सबरीमाला के अलावा भगवान अयप्पा के अन्य मंदिर भी हैं जहां मासिक धर्म वाली महिलाएं जा सकती हैं.उन्होंने इस तर्क से असहमति जताई।



न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों पर फैसला सुनाते समय, एक संवैधानिक संस्था को व्यक्तिगत धार्मिक विश्वासों से ऊपर उठकर एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए. 'अंतरात्मा की स्वतंत्रता' के दायरे पर सवाल उठाते हुए, उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को फैसला सुनाते समय अपनी व्यक्तिगत धार्मिक चेतना से ऊपर उठना चाहिए और व्यापक संवैधानिक ढांचे द्वारा निर्देशित होना चाहिए.

**संविधान की व्याख्या केवल धर्म तक ही सीमित नहीं**

पीठ ने यह भी संकेत दिया कि संविधान की व्याख्या केवल धर्म तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अंतरात्मा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के व्यापक दायरे में भी किया जाना चाहिए. अदालत की इन टिप्पणियों ने इस बहस को और भी अधिक गहराई प्रदान की है कि क्या धार्मिक परंपराएँ संवैधानिक मूल्यों पर वरीयता पा सकती हैं. अब मामले की अगली सुनवाई के दौरान, इस जटिल प्रश्न पर संभवतः और भी विस्तार से चर्चा की जाएगी. एक ऐसी प्रक्रिया जो देश में धर्म और अधिकारों के बीच संतुलन के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

**HC ने 1991 में लगाई थी रोक, SC ने 2018 में हटाया**

वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (TDB) ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है. यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं. भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं. अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं. उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है. केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी. सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया. फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गई, जिसपर अब सुनवाई हो रही है. मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।

# चार वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले दरोगा को 20 साल की सजा



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** चार वर्षीय बच्ची को टॉफी देने का लालच देकर अपने कमरे में बुलाया और फिर उससे दुष्कर्म किया। घटना सामने आने पर पूरे राजस्थान में हड़कंप मच गया था। पीड़िता और उसके परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया और आरोपी सब इंस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महकमे ने आरोपी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त भी कर दिया। मामले की जांच तेजी से पूरी की गई और पॉक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई। सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से आरोपी के खिलाफ 33 गवाह और 46 दस्तावेजी सबूत पेश किए गए। पॉक्सो कोर्ट की न्यायाधीश रेखा राठौड़ ने गवाहों के बयानों और उपलब्ध सबूतों पर गौर करते हुए सब इंस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह यादव को दोषी करार दिया। सजा सुनाए जाने के बाद सब इंस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह यादव ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगा । वहीं, पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार सैनी ने मामले को दिल दहला देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी द्वारा ही छोटी बच्ची के साथ इस तरह की घटना अत्यंत गंभीर है।

## दिल्ली मेट्रो की इस लाइन पर 19 अप्रैल को देर से चलेंगी ट्रेनें, DMRC ने दिया अपडेट



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो लाइन की नियमित रखरखाव के लिए रविवार सुबह ब्लू लाइन पर कुछ स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवा देर से शुरू होगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इंद्रप्रस्थ और सुप्रीम कोर्ट स्टेशनों के बीच निर्धारित ट्रैक रखरखाव कार्य किया जाना है। इससे 19 अप्रैल को शुरुआती घंटों में लाइन 3 और लाइन 4 पर मेट्रो ट्रेन संचालन प्रभावित रहेगा।

**इन स्टेशनों के बीच ट्रेनों की टाइमिंग**

उस दिन वैशाली से द्वारका सेक्टर-21 की ओर पहली ट्रेन सुबह 6.05 बजे, लक्ष्मी नगर से द्वारका सेक्टर-21 की ओर सुबह 6.21 बजे और यमुना बैंक से द्वारका सेक्टर-21 की ओर पहली ट्रेन सुबह 5.50 बजे प्रस्थान करेगी। द्वारका से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी तथा द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा और वैशाली की ओर जाने वाली पहली ट्रेनों के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

# संसद में बहस के बीच आधी रात को लागू हुआ महिला आरक्षण कानून 2023

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** देश की संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े मुद्दों पर देर रात तक जोरदार बहस हुई। इसी बीच महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले महिला आरक्षण अधिनियम-2023 को गुरुवार से लागू कर दिया गया है। इस संबंध में केंद्रीय कानून मंत्रालय ने आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। अधिनियम लागू होने के बावजूद इसका लाभ मौजूदा लोकसभा में महिलाओं को तुरंत नहीं मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार, महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था अगली जनगणना के आधार पर होने वाली परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगी।



केंद्रीय कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 के प्रावधान 16 अप्रैल 2026 से प्रभावी माने जाएंगे। महिला आरक्षण कानून पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह तो बिल्कुल ही अजीब है। सितंबर 2023 में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' आज से लागू हो गया है, जबकि इसमें किए जाने वाले संशोधनों पर अभी भी बहस चल रही है और उन पर मतदान होगा। मैं तो पूरी तरह से हैरान हूँ।

सितंबर 2023 में संसद ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, कानून में पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि यह आरक्षण 2027 की जनगणना के बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू किया जा सकेगा। फिलहाल लोकसभा में जिन तीन विधेयकों पर चर्चा चल रही है, उनका उद्देश्य इस आरक्षण को वर्ष 2029 से लागू करने का रास्ता तैयार करना है।

# अवैध खनन की खबर से नाराज इंस्पेक्टर ने एक पत्रकार को दी गालियां, कहा- तुम्हारे मुँह में...

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पुलिस महकमे को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। सराय अकिल थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह और कनैली चौकी प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह का कथित गाली-गलौज भरा ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। वायरल ऑडियो में आरोप है कि थाना प्रभारी एक स्थानीय पत्रकार से अमर्यादित भाषा में बात कर रहे हैं और उसे एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में भारी आक्रोश व्याप्त है।

मामला सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी का बताया जा रहा है। स्थानीय पत्रकार संजय सिंह के अनुसार, उन्होंने हाल ही में यमुना नदी में चल रहे अवैध खनन को लेकर एक खबर प्रकाशित की थी। इसी खबर से नाराज होकर संबंधित पुलिस अधिकारी उनसे खफा थे। आरोप है कि बुधवार रात करीब 9 बजे कनैली चौकी प्रभारी ने पत्रकार को सराय अकिल चौराहे से हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।

पीड़ित पत्रकार का कहना है कि थाने पहुंचते ही थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह ने उनके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। उन्होंने न केवल मां-बहन की गालियां दीं, बल्कि झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी भी दी। आरोप यह भी है कि विरोध करने पर पत्रकार के साथ मारपीट की गई और उसके मुंह में पेशाब करने की बात कही गई।

इस दौरान पूरी घटना का ऑडियो रिकॉर्ड हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी जैसे ही अन्य पत्रकारों को हुई, उन्होंने तुरंत पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण को अवगत कराया। मामला बढ़ता देख पुलिस ने देर रात पत्रकार को थाने से छोड़ दिया। पीड़ित ने पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत एसपी से करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी चायल को सौंपी गई है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना के सामने आने के बाद जिले भर के पत्रकारों और सामाजिक संगठनों में भारी रोष है। सभी ने निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोंदीपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का निरीक्षण



**सीएमओ ने परखी स्वास्थ्य सेवाएं**

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शुक्रवार को विकास खण्ड बलरामपुर के ग्राम गोंदीपुर का भ्रमण कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से फीडबैक लेकर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति को समझा। डॉ. रस्तोगी ने इस अवसर पर ग्रामवासियों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने, मच्छरों से बचाव और समय पर उपचार कराने की सलाह दी। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत घर-घर पहुंचकर लोगों को जागरूक करें और आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएमओ राजेश पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिले के दुबौलिया थाना क्षेत् मे पेड़ से लटकता मिला 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव




**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के साड़पुर गांव में शुक्रवार सुबह एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव घर के सामने पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान साड़पुर गांव निवासी केशव प्रसाद (70) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सुबह घर के बाहर निकलने पर परिजनों ने उनका शव पेड़ से लटका देखा। इसके बाद परिवार और गांव मे कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस टीम ने घटनास्थल की गहन जांच-पड़ताल की और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मामला संज्ञान में है और जल्द ही घटना का खुलासा होगा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार




**चोरी के बकरे की बिक्री के 3270 रुपये बरामद**

**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अतीक पुत्र गफ्फार निवासी लालगंज मजरे मकदूमपुर कला थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 3270 रुपये बरामद हुये । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 14/15.04.2026 की रात्रि को ग्राम मकदूमपुर से बकरा चोरी किया था । बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई । थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# अवैध पैथोलॉजी और एक्सरे सेंटर बना मौत का जाल, प्रशास न मौन

**●गायघाट में बिना लाइसेंस चल रहा प्रिंस पैथा सेंटर, मरीजों की जान जोखिम में।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले कलवारी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गायघाट में स्वास्थ्य विभाग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए एक अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। 'प्रिंस पैथा एंड एक्सरे कलेक्शन सेंटर' नाम का यह संस्थान बिना किसी वैध लाइसेंस या पंजीकरण के मरीजों की जांच कर रहा है, जो सीधे तौर पर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है।

**रसूख के आगे कानून बौना**




हैरानी की बात यह है कि घनी आबादी वाले नगर पंचायत में खुलेआम चल रहे इस अवैध सेंटर पर अब तक स्वास्थ्य विभाग की नजर नहीं पड़ी है। स्थानीय चर्चाओं के अनुसार, सेंटर संचालक को किसी बड़े रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण विभाग कार्रवाई करने से कतरा रहा है। बिना पैरामेडिकल डिग्री और तकनीकी विशेषज्ञ के हो रही जांचों से गलत रिपोर्ट आने का खतरा बना रहता है।

**साठगांठ की आ रही बू**

क्षेत्र के नागरिकों का आरोप है कि स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों और जिम्मेदारों की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा अवैध धंधा संचालित होना नामुमकिन है। बिना पंजीकरण के एक्सरे मशीनों का संचालन भी पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद खतरनाक है।

**जनता की मांग**

मरीजों की जान को खतरे में देखते हुए स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) से इस फर्जी सेंटर को तत्काल सील करने और संचालक के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस स्वास्थ्य माफिया के खिलाफ कब जागता है।

### दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा हुआ दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर जातिसूचक गाली देने व लाठी डंडे और धारदार हथियार से लैस होकर हमला करने की घटना मे लालगंज पुलिस ने पांच नामजद तथा आधा दर्जन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के उधरनपुर निवासी विनोद सरोज पुत्र छोटे लाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 15 अप्रैल को रात करीब नौ बजे उसके घर पर गांव के धर्मेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, विवेक यादव, श्यामा देवी व अमरनाथ यादव तथा पांच छः अज्ञात रंजिशन आ धमके। आरोपियो ने पीडित व उसके परिवार के सदस्यो को जातिसूचक गालियां दी। मना करने पर चाकू व लाठी डंडा लेकर हमलावर हो उठे। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र यादव समेत दर्जन भर आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व गालीगलौज समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### अम्बेडकर सम्मान अभियान के तहत नई सीवर लाइन व पाइप लाइन का भूमिपूजन, शिलान्यास सम्पन्न



**कानपुर।** आज 17 अप्रैल 2026 को भारतीय जनता पार्टी के भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के अन्तर्गत आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र की फूलबाग बस्ती में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, वक्ताओं ने डा0 भीमराव अम्बेडकर के राष्ट्रीय योगदान पर विचार व्यक्त किये तथा बस्ती के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया गया। विधायक सलिल विश्नोई ने बस्ती में डाली जाने वाली वाटर लाइन व सीवर लाइन कार्य का भूमि पूजन, शिलान्यास करके कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ राम किशोर साहू, राजकुमार दिवाकर, अजीत सोनकर, सुनील शेरवानी, दिनेश सुदर्शन, मुन्ना हजारिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मानदेय न मिलने से भड़के रोजगार सेवक, ब्लॉक परिसर में जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा।** ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पचपेड़वा ब्लॉक परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक संघ अध्यक्ष अतुल कुमार पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र हुए और अपनी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी मोहित दूबे को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उन्हें पिछले आठ महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने कहा कि परिवार का भरण-पोषण तक मुश्किल हो गया है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री द्वारा घोषित एचआर पॉलिसी को तत्काल लागू करने, मानदेय में बढ़ोतरी करने तथा बीते 20 वर्षों से कार्यरत रोजगार सेवकों के नियमितीकरण की मांग प्रमुख रूप से उठाई। एसोसिएशन के आह्वान पर सभी मनरेगा कर्मचारी 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इसके साथ ही 1 मई को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपने की भी घोषणा की गई है। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि हड़ताल के दौरान किसी भी रोजगार सेवक पर कार्य करने का दबाव न बनाया जाए। यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## दो रसगुल्ले खाने पर मासूम को जिंदा जलाया, शादी समारोह में सनसनी!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मैं अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं आए दिन जिले में घटनाएं हो रही है लेकिन इसमें कहीं ना कहीं पुलिस की कमियां उजागर होती है ताजा मामला जिले केछावनी थाना क्षेत्र के मलौली गोसाई गांव में शादी समारोह के दौरान एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। दो रसगुल्ले खाने पर नाराज कैटरिंग ठेकेदार ने 11 वर्षीय बालक अमर उर्फ चमन को आग के हवाले कर दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। घटना बुधवार रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, चमन अपनी नानी के साथ रिश्तेदारी में आयोजित शादी में शामिल होने आया था। खेलते-खेलते वह खाने की व्यवस्था वाले स्थान पर पहुंच गया और वहां से दो रसगुल्ले खा लिए। इसी बात पर कैटरिंग ठेकेदार ने गुस्से में आकर बच्चे के




साथ यह खौफनाक कृत्य कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और परिजनों को सूचना दी। घायल बच्चे को पहले नजदीकी अस्पताल, फिर अयोध्या मेडिकल कॉलेज और बाद में गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। पीड़ित के मामा की तहरीर पर छावनी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया ।

## पचपेड़वा में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण

**● विकास और सुशासन का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जनपद की आदर्श नगर पंचायत पचपेड़वा में शासन द्वारा मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें पूर्व विधायक शैलेश कुमार शैलू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान नव-निर्वाचित एवं मनोनीत सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उप जिलाधिकारी ने सभासद रामवेलास विश्वकर्मा, आशुतोष चौधरी और राम जीवन मिश्रा को विधिवत शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि शैलेश कुमार शैलू ने अपने संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका केवल पद तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जनता के विश्वास और अपेक्षाओं को पूरा करने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी सभासदों से ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नगर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, पारदर्शी सुशासन स्थापित करने और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि पचपेड़वा को आदर्श नगर पंचायत बनाने के लिए सभी का सहयोग और समर्पण अनिवार्य है। आयोजकों ने विश्वास जताया कि सभी जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से नगर पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर अरुदेव पाठक, डॉ. जानकी पाल, रामनिवास विश्वकर्मा, विजयपाल प्रजापति, संजय तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के विचारों से सशक्त हो रहा राष्ट्र- समानता, शिक्षा और संवैधानिक नैतिकता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आजकलपार्टियां संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदर विधानसभा के गणेशपुर नगर पंचायत स्थित मंझरिया में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विवेकानन्द मिश्र उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश चक्रवर्ती शामिल हुए। कार्यक्रम का संयोजन चंद्र शेखर 'मुन्ना' ने किया तथा संगोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने की। मुख्य अतिथि विवेकानन्द मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल संविधान का निर्माण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज में 'संवैधानिक नैतिकता' का होना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने राजनीतिक लोकतंत्र के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र की आवश्यकता पर



बल देते हुए कहा कि इन मूल्यों को अपनाकर ही राष्ट्र सशक्त और समावेशी बन सकता है।

विशिष्ट अतिथि रमेश चक्रवर्ती ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना। उन्होंने दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए उच्च शिक्षा एवं बौद्धिक विकास पर विशेष जोर दिया, जिससे वे समाज और शासन व्यवस्था में अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी भारतीय समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि जाति प्रथा समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है, जिसे समाप्त कर समानता और न्याय की स्थापना करना आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक चंद्र शेखर 'मुन्ना' ने कहा कि बाबा साहब ने दलितों को 'मानवीय गरिमा' दिलाने के लिए अनेक संघर्ष किए और समाज में समानता, न्याय एवं मानवाधिकारों की स्थापना के लिए अपना जीवन समर्पित किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री राजेंद्र राजभर, प्रभात गौतम, मण्डल अध्यक्ष शिव प्रसाद चौधरी, विशुद्धानंद, वेद प्रकाश, दिलीप भट्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बस्ती में बजरंग दल का ज्ञापन, बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**●सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जनपद में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती सामाजिक एवं सुरक्षा चुनौतियों को लेकर गंभीर चिंता जताई। इस संबंध में जिला प्रशासन के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि देश के विभिन्न हिस्सों में हो रही घटनाएं सामाजिक सौहार्द, कानून व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं। इसमें अवैध गतिविधियों, संगठित अपराध तथा महिलाओं एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया।

कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से भूमि कब्जा (लैंड जिहाद), कथित लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर कठोर कानून बनाने और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि इन विषयों पर सख्ती से नियंत्रण आवश्यक है, जिससे सामाजिक संतुलन और सुरक्षा बनी रहे।

सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि आपराधिक और समाज-विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाए, जिससे आम जनता का विश्वास बना रहे।

संगठन के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य समाज में शांति, सुरक्षा और आपसी भाईचारे को बनाए रखना है। उन्होंने प्रशासन से इन मुद्दों पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान प्रांत उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, विभाग मंत्री विवेक सिंह सोनू, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख धर्मेंद्र चौरसिया, जिला अध्यक्ष गोपेश पाल, मनोज सिंह, जिला मंत्री प्रवीण सिंह, सह मंत्री विनय रावत, दुर्गेश भारतवंशी, जिला संयोजक राहुल पांडे, अजय कनौजिया, कोषाध्यक्ष संजय अग्रहरी, रंजनी चौधरी, गीतांजलि, नीरज जी, श्रवण सिंह, गौरी शंकर तिवारी, अनिल सिंह, बामदेव मिश्र, विनय सिंह एवं विचित्रमणि पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम - सुधांशु शुक्ला

**●मटियारी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिता सिंह पूर्व सदस्य महिला आयोग मौजूद रही**

**नारी शक्ति बंधन अधिनियम का जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज ने किया स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर मटियारी हाउस गौरीगंज में एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं ने प्रतिभाग किया और अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महिलाओं ने मीडिया से मुखातिब होते हुए इस अधिनियम को देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी कदम बताया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने



कहा कि लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है, जिसे संतुलित करने के लिए यह अधिनियम अत्यंत आवश्यक था। यह कानून महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनीता सिंह ने कहा कि यह अधिनियम केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में महिलाओं के प्रति सोच और दृष्टिकोण को भी सकारात्मक रूप से परिवर्तित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता मिलेगी और वे आत्मविश्वास के साथ समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण में संवेदनशीलता आएगी, जिससे महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को बेहतर ढंग से समझा और हल किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम भविष्य में एक सशक्त एवं समावेशी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज ने कहा कि यह कानून महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों के तहत मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को न्याय और समानता के अधिकारों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का अवसर मिलेगा। उपमा सरोज ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में आगे आती हैं तो वह किसी भी समस्या का समाधान भावनात्मक रूप से करती हैं हमारे देश में जितना महिला नेतृत्व बढ़ेगा उतना ही हमारा देश विकसित होगा। महिला ही नींव बनाती है कि हमारा भविष्य कैसा होगा हमारे देश का भविष्य कैसा होगा, जितना महिलाएं आगे आएंगी उतना ही हमारा देश तरक्की करेगा। इस अधिनियम में सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर मिलेगा। केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। इससे बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने भविष्य को लेकर अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर बनेगी ,महिलाओं को समाज में सम्मान और पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तो स्वास्थ्य, पोषण और महिला कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी, जिससे समाज का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्व केवल 33 प्रतिशत आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज में लैंगिक समानता की दिशा में एक सशक्त संदेश भी देता है। यह महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व में आगे आने के लिए प्रेरित करेगा और शासन व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। महिलाओं ने यह भी कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा और नीतियां अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनेंगी। अंत में सभी वक्ताओं ने इस अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे महिलाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि इससे देश में महिला सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी।

## जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर की गई गोष्ठी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** पुलिस सभागार गौरीगंज में जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी श सरवणन टी. द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सुविधा और कार्यस्थल पर उनके अधिकारों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद के प्रमुख चिकित्सालयों, शिक्षण संस्थानों, महिला छात्रावासों, व्यापार मंडल व अन्य प्रमुख संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी की गई । महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई व किसी भी आपात स्थिति में विभिन्न हेल्पलाइन् नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में जानकारी दी गई । गोष्ठी में महोदय द्वारा संस्थानों मे कार्यरत महिला कर्मचारियों व छात्राओं के लिये परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए तथा वर्तमान समय में प्रचलित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय जैसे साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करने अथवा www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ संबंधित थाने अथवा जनपदीय साइबर थाना पर शिकायत दर्ज कराने हेतु जागरुक किया गया । साइबर अपराध से बचने हेतु किसी भी प्रकार के सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे- ओटीपी, फोटो, मोबाइल नं0, आदि साझा न करें । तदोपरान्त उपस्थित पदाधिकारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं व सुझावों को विस्तार से सुना गया । एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठा ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### रेडिको खेतान लिमिटेड यूनिट सीतापुर द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बिसवां/सीतापुर** रेडिको खेतान लिमिटेड, यूनिट- सीतापुर द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस/सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026)के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्लांट हेड अंशु श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पास के स्कूल माथुर प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गाँव- कंदुनि, जनपद सीतापुर में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विवेक वर्मा एवं विशाल शर्मा द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य समाज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपदा के समय सही प्रतिक्रिया के लिए लोगों को तैयार करना था।

## आवश्यक सूचना

आधार हाउसिंग की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल शैलेन्द्र कुशवाहा उर्फ शैलेन्द्र पुत्र प्रहलाद उर्फ प्रहलाद कुशवाहा निवासी - ग्राम इटवा उर्फ भरौटा, पोस्ट बैकुंठपुर, देवरिया उ0प्र0- 274501 , अपनी पत्नी श्रीमती गीता देवी पत्नी शैलेन्द्र कुमार कुशवाहा के नाम से भूखण्ड सं0-7 का भाग, जो कि खसरा संख्या- 145 का भाग है जिसका रकबा- 600 वर्गफिट है जो कि स्थित-ग्राम नौबस्ताकलां परगना, तहसील व जिला लखनऊ को ओम प्रकाश पुत्र राम भरोसे से ऋय कर रहे है। जिसकी चौहद्दी पूरब- भूखण्ड संख्या-18 पश्चिम- 28 फिट चौड़ा रास्ता, उत्तर- भूखण्ड सं0- 07 का शेष भाग, दक्षिण- भूखण्ड सं0- 8 (मनीष सिंह) उपरोक्त भूमि को आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में शैलेन्द्र कुशवाहा उर्फ शैलेन्द्र पुत्र प्रहलाद उर्फ प्रहलाद कुशवाहा व श्रीमती गीता देवी पत्नी शैलेन्द्र कुमार कुशवाहा के द्वारा बंधक किया जा रहा है। यदि उक्त खसरे के सह खातेदार श्रीमती पूर्णिमा वर्मा पुत्री जयचन्द, श्रीमती सविता सिंह पत्नी नवीन चन्द, भदौरिया प्रमोटर्स एण्ड डेवलेपर्स प्रा0लि0 या किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था या सह खातेदार को उपरोक्त भूखण्ड ऋय-विक्रय या बंधक किये जाने में कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करने का कष्ट करें उपरोक्त समयावधि के बाद कोई भी दावा विचार योग्य नही माना जायेगा।

**आपत्ति हेतु सम्पर्क करे-**
**ललित मोहन जोशी एडवोकेट**
**एमजी-87 अलीगंज, लखनऊ।**
**डवइपसम.91.9565881290**

## सूचना

**दिल्ली सहकारी ट्रिब्यूनल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ग्राउंड फ्लोर, बी-विंग, विकास भवन-II, सिविल लाइंस, दिल्ली-110054**

**अपील संख्याः 015/2020**
**मनोज सिंह**
**बनाम**
**सीए सहकारी क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट सोसाइटी एवं अन्य**
**प्रति,**

**प्रतिवादी संख्या-2** श्री अर्पित सिंह पुत्र श्री राम सहोदर सिंह 820-सी, सेक्टर-3, उद्यान-1, एल्डेको-1, एकता विहार कॉलोनी, लखनऊ (उ.प्र.) पिन-226012 मोबाइल नं.- 9821618655

**तथा**

प्रतिवादी संख्या-3 श्रीमती इला सिंह पत्नी श्री अर्पित सिंह एवं पुत्री श्री रिपु दमन सिंह सी-15/5, पेपर मिल कॉलोनी, सी-ब्लॉक, अंशिक निशांत गंज (लखनऊ), उ.प्र., पिन-226007 मोबाइलः 090643477/ 7897286123

उपरोक्त मामले के संबंध में प्रतिवादियों संख्या-2 एवं 3 को दिल्ली सहकारी ट्रिब्यूनल, दिल्ली में 21.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होने हेतु तलब किया जाता है।

यदि प्रतिवादीगण निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध एक्स-पार्टे (एकपक्षीय) कार्यवाही की जाएगी।

प्रकाशन की सूचना की एक प्रति रिकॉर्ड के लिए इस ट्रिब्यूनल को अवश्य भेज दी जाए।

**रजिस्ट्रार**
**दिल्ली सहकारी ट्रिब्यूनल**

# देशी लौकिया की गौशाला का वीडियो वायरल, गौ भक्तो में आक्रोश

● वीडियो फोटो शूट करने वालो से लगवाई गयी उठक-बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**महमूदाबाद-सीतापुर।** विकास खण्ड रामपुर मथुरा अंतर्गत एक गौशाला की बदहाली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिससे गौभक्तों में भारी रोष व्याप्त है। सोशल मीडिया पर रामपुर मथुरा क्षेत्र की एक गौशाला का हृदय विदारक वीडियो और तस्वीरें वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोकेशन टैग के साथ वायरल हुए इन दृश्यों ने गौशालाओं के प्रबंधन और पशुओं की सुरक्षा के दावों की पोल खोल कर रख दी है। वायरल वीडियो में गौवंशों की जो स्थिति दिखाई दे रही है, उसे झुठलाना अब प्रशासन के लिए नामुमकिन है। साक्ष्यों से स्पष्ट है कि सरकारी धन और योजनाओं के बावजूद धरातल पर गौवंश दाने-पानी और उचित देखभाल के अभाव में तड़पने को मजबूर है। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि बेजुबानों के साथ की गई क्रूरता की पराकाष्ठा है। इसी के साथ एक और भी वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन लोगों से भी अभद्रता की जा रही जिनके द्वारा इसका वीडियो व फोटो शूट किया जा रहा है। बताया जाता है उनसे उठक बैठक तक भी लगवाई गयी। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन और गौशाला संचालकों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। स्थानीय नागरिकों और गौभक्तों का कहना है कि जिम्मेदारों को इस दुर्दशा पर शर्म आनी चाहिए। यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य है।

आक्रोशित लोगों का मानना है कि गौवंशों के साथ इस तरह का व्यवहार करने वाले 'हैवानों' को न केवल कानूनी सजा मिलनी चाहिए, बल्कि वे ईश्वरीय न्याय से भी नहीं बच पाएं। गौवंशों का श्राप उन सभी को लगेगा जिन्होंने अपने स्वार्थ के लिए इन बेजुबानों को मरने के लिए छोड़ दिया।

**प्रशासन से जनता की अपील-** वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। गौशाला की वर्तमान स्थिति में सुधार के लिए युद्ध स्तर पर कदम उठाए जाएं। दोषियों की पहचान कर उन पर 'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम' के तहत मुकदमा दर्ज हो। गौसेवा के नाम पर भ्रष्टाचार और क्रूरता करने वालों के लिए समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

## मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत नारी वंदन अधिनियम पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में उच्च शिक्षा संस्थानों में 10 से 20 अप्रैल 2026 के मध्य 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' प्रचार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5 के द्वितीय चरण में नारी वंदन अधिनियम के समर्थन पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो ( डॉ0) माधवी शुक्ला ने किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी वंदन अधिनियम के बारे में महिलाओं को विशेष तौर पर बताये जाने की आवश्यकता है। निर्णायक मंडल में प्रो कुसुम लता, डॉ मंजूला शुक्ला एवं डॉ अदिति सिंह रही। प्रतियोगिता में जान्हवी मोदनवाल एम ए प्रथम वर्ष,पायल गुप्ता बी ए सी प्रथम वर्ष,अंशिका मोदनवाल बीए द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सान्तवना प्राची सिंह बीए सी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ शेफालिका राय के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कुल 43 छात्र- छात्राएँ सहित, डपारस सिंह, क़ुर्बान एवं प्रमिला देवी उपस्थित रहे।

# सीबीएसई हाईस्कूल में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम



● 96.8 प्रतिशत अंक राजवीर रहे विद्यालय के टॉपर।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सुरेंद्र सरस्वती नगर स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के राजवीर सिंह ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। राजीव दीक्षित 96.60 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। शिवांश सिंह, शक्ति वर्धन सिंह और सूर्यांशी सिंह ने 96.20 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। निहारिका त्रिवेदी ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर चौथा स्थान पाया।

शशांक त्रिपाठी 95.80 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर रहे। राघव मिश्रा ने 95.60 प्रतिशत अंक पाकर छठा स्थान प्राप्त किया। सुवर्णा तिवारी और यशस्वी ने 95.40 प्रतिशत अंक पाकर सातवां स्थान हासिल किया। अवनीश त्रिपाठी 95 प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर रहे। प्रीति गौतम ने 94.60 प्रतिशत अंक पाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। छात्रा दिशा जैन, अक्षय सोनी और मयंक भूषण ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान हासिल किया।विद्यालय प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है।

# जनपद न्यायाधीश ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह व बालिका आश्रय गृह का किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली:-** जुवेनाइल जस्टिम कमेटी के अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति अजय भनोट के द्वारा किशोर अपराधियों द्वारा मादक पदार्थो के सेवन के सम्बन्ध में जारी निर्देशों के अनुपालन में मा0 जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह की अध्यक्षता में समिति के द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह व बालिका आश्रय गृह, रायबरेली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला क्रीड़ाधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिला जज द्वारा आवासित किशोर अपराधियों से मादक पदार्थो के सेवन के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मादक पदार्थो का सेवन न करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला जज द्वारा आवासित किशोर के खानपान, रहन-सहन, पढ़ाई, खेलकूद व व्यावसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये। इसके अतिरिक्त बालिका गृह रायबरेली का भी निरीक्षण किया गया। आवासित बालिकाओं को भी मादक पदार्थो व नशीली दवाओं के इस्तेमाल से होने वाली शारीरिक समस्याओं के बाबत अवगत कराते हुए इनका इस्तेमाल न करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। परिसर में खेलकूद हेतु बने बैड़मिटन कोर्ट सही न पाये जाने पर प्रबन्धक गाँधी सेवा निकेतन को मुख्य विकास अधिकारी से सहयोग लेते हुए सही कराने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के उपरांत राजकीय सम्प्रेक्षण गृह रायबरेली में आवासित किशोर अपराधियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता का आयोजन किया गया। उक्त जागरुकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा के द्वारा बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त बच्चों हेतु स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह रन बहादुर वर्मा, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में लगी आग 6 घंटे के बाद भी आग पर नहीं पाया गया काबू

**आग बुझाने में ड्रमंडगंज वन रेंज की टीम लगी रही लेकिन आग अपनी स्पीड से दौड़ती रही**

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज वन रेंज के महुगढ़ी जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लग गई लगभग 1:00 बजे से लेकर 6:00 तक आग दूदू कर जलती रही काफी देर से पहुंची वन विभाग की टीम आग बुझाने का प्रयास करती रही लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया 6 घंटे तक आग अपनी स्पीड से दौड़ती रही। स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष जंगल में इसी तरीके से आग लग जाता है आग का कोई पता नहीं चलता कि कैसे लगी आग यहां तक की लोगों ने वन विभाग की संदिग्ध भी बताएं कि हर वर्ष आग लगने का नहीं चला पता खबर लिखे जाने तक आग पर नहीं पाया गया था काबू महुगढ़ी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सुरेश केसरी ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि पहाड़ के नीचे ही बनाया गया है गौशाला हम लोग गौशाला की सुरक्षा करने में लग रहे की आग की लपट से पशुओं को ना हो तकलीफ।

# एस.एम.एस. ऑफ इंस्टीट्युशन्स के संस्थापक स्व. सतीश कुमार सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एस.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के संस्थापक स्वर्गीय सतीश कुमार सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शैक्षणिक, गैरशैक्षणिक, उच्च अधिकारियों एवं छात्रों ने स्व. सतीश कुमार सिंह जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं थे, बल्कि एक दूरदर्शी चिंतक, वैज्ञानिक, दृष्टिकोण से युक्त तथा गहन आध्यात्मिक सोच के धनी व्यक्तित्व थे। उन्होंने फूड एंड सिविल सप्लाई विभाग में ज्वाइंट कमिश्नर के पद से सेवा निवृत्त होकर अपने जीवन में उत्कृष्ट कार्य किए। सन् 1995 में जब प्रदेश में मात्र कुछ ही संस्थान उच्च शिक्षा हेतु उपलब्ध थे तब स्व. सतीश कुमार सिंह के अथक प्रयास, प्रेरणा एवं छात्रों को उच्च शिक्षा सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य हेतु स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज (एस.एम.एस.) वाराणसी परिसर की स्थापना की गयी, इसी क्रम में सन् 2008 में लखनऊ परिसर स्थापित हुआ। एस.एम.एस. वाराणसी परिसर में सन् 2002 में स्थापित सेन्टर फार स्प्रीचुलिज्म एण्ड ह्यूमन इनरिचमेंट के साथ लखनऊ परिसर में स्थापित सर सी.वी.रमन रिसर्च सेन्टर एवं वैदिक विज्ञान केंद्र उनकी दूरदर्शी सोच और ज्ञान- समर्पित दृष्टिकोण के जीवंत उदाहरण हैं, जो आज भी विद्यार्थियों एवं समाज को प्रेरित कर रहे हैं। पुण्यतिथि के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से संस्थान परिसर में हर्बल एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने संस्थान के संस्थापक स्व. सतीश कुमार सिंह को याद करते हुए कहा कि संस्थान संस्थापक महोदय की प्रेरणा के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव कटिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर संस्थान प्रांगण में एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभाग किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), एसएमएस लखनऊ द्वारा लिखित एवं स्व. सतीश कुमार सिंह को समर्पित पुस्तक ''सुपर ब्रेनः योग



और ध्यान'' का विधिवत विमोचन किया गया। इस पुस्तक में योग एवं ध्यान के माध्यम से मानसिक सशक्तीकरण और जीवन में संतुलन स्थापित करने के महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर आशियाना स्थित कुष्ठ रोगियों के आश्रम में रह रहे कुष्ठ रोगियों को भोजन के पैकेट का वितरण भी किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. आशीष भटनागर, महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, निदेशक (प्रशासन) डॉ. जगदीश सिंह, एसोसियेट डायरेक्ट डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, अधिष्ठाता डॉ. पी. के. सिंह, रजिस्ट्रार शेष नारायण शुक्ला, मुख्य महाप्रबन्धक सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के साथ सभी संकायाध्यक्षों, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्मिकों ने स्व. सतीश कुमार सिंह को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की।

# महमूदाबाद में छात्र संसद शपथ समारोह आयोजित, विद्यार्थियों में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना पर जोर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महमूदाबाद-सीतापुर** आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास हमारी सांस्कृतिक विरासत व परंपराओं से होता है। वाद-विवाद, भाषण, त्वरित भाषण और अंत्याक्षरी जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर पूरे मनोयोग से पढ़ाई करनी चाहिए और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।



यह बातें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी 'विरल' ने शुक्रवार को कालेज के शास्त्री सभागार में आयोजित छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह में नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि छात्र संसद से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का भाव विकसित होता है। ऐसे कार्यक्रमों से हमारी सांस्कृतिक परंपराएं जीवित रहती हैं और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती हैं। छात्र संसद के तहत सांस्कृतिक विभाग में श्रेया रॉय को अध्यक्ष, अभिनव अवस्थी को उपाध्यक्ष, आदित्य प्रजापति को महामंत्री, अशिंका यादव को मंत्री, रिज़ा फातिमा को मुख्य प्रवक्ता, कोमल यादव को प्रवक्ता और प्रतिक्षा राज को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सदस्य के रूप में निशा जायसवाल, अभय प्रताप सिंह और दिया राय शामिल रहीं। वहीं शिशु भारती विभाग में द्विव्यांश यादव को अध्यक्ष, उज्ज्वल वर्मा को उपाध्यक्ष, रिचा को महामंत्री, आर्यन कश्यप को मंत्री, अशिंका मिश्रा को मुख्य प्रवक्ता, तनु सिंह को प्रवक्ता तथा इशिका गुप्ता और सौम्या श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सदस्य के रूप में अभिनव वर्मा और सौम्या श्रीवास्तव को भी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 के छात्र उज्ज्वल वर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रमुख प्रतिभा सिंह ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य यशपाल वर्मा, व्यवस्था प्रमुख शिवसेवक मिश्र, अखिलेश शर्मा, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ अलंकरण, विद्यालय परिसर में गूंजा उत्साह और गर्व

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां सीतापुर** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम करते हुए एल्पिस ग्लोबल स्कूल बिसवां ने इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर इतिहास रच दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक भव्य अलंकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसने पूरे कार्यक्रम को विशेष बना दिया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। आस्था (97.6%), शौर्य वर्मा (97%), कृष्णा सिंह (96.4%), अभिनव पटेल (96.4%), अविका गुप्ता (96.2%), रुश्दा फुरकान (96.2%) सहित अनेक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन के श्री मुदित सिंघल एवं श्री उमंग राजवंशी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके संबोधन ने समारोह को भावुक और



प्रेरणादायक बना दिया।

विद्यालय की प्राचार्या दीपा चंद्रा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की। पूरे समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में खुशी, गर्व और उत्साह का माहौल बना रहा। एल्पिस ग्लोबल स्कूल का यह परिणाम और भव्य सम्मान समारोह एक बार फिर यह संदेश देता है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और परिश्रम से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## रेलवे पटरी के निकट अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी




**बिसवां, सीतापुर** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम सरैया माफी में रेलवे पटरी के निकट अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह स्थान रॉयल भट्ठे के उत्तर दिशा में स्थित है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया कि शव लगभग दो-तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। आसपास के लोगों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की जानकारी हो सकेगी। फिलहाल पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व मंत्री के पेट्रोल पंप पर साइबर ठगी, एकाउंट हुआ फ्रीज

● गूगल पे व फोन पे आदि जैसे ऑनलाइन लेन-देन के माध्यम अब हुए जोखिम भरे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महमूदाबाद-सीतापुर** नगर के एक पेट्रोल पंप पर साइबर ठग द्वारा खाते में पैसे भेजकर सीएनजी भरवाई और शिकायत करके पेट्रोल पंप का खाता भी फ्रीज करवा दिया। ऐसा ही एक मामला महमूदाबाद कस्बे के पेट्रोल पंपों पर देखने को मिल रहा हैं, बताया जा रहा है कि कई पेट्रोल पम्पों के लाखों रुपए ब्लॉक किये जा चुके है।

आज एक ताजा मामला सामने आया है। नगर के साई पेट्रोल पम्प, स्थित पैतेपुर रोड निकट मोतीपुर चौराहा का पूरा बैंक एकाउंट फ्रीज (बंद) किया गया, तब हड़कंप मच गया, छानबीन करने पर जब सारी सच्चाई मालूम पड़ी तो वहाँ के मैनेजर द्वारा स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया गया। यह पंप पूर्व विधायक व मंत्री नरेंद्र



सिंह वर्मा का है इसकी शिकायत उन्होंने जिले के पुलिस कप्तान से भी मिलकर की है। बताया जा रहा है कि एक संदिग्ध व्यक्ति अपने वाहन में कई बार सीएनजी डलवाई और UPI के माध्यम से आनलाइन पैसा डाला, आज वह व्यक्ति फिर सीएनजी डलवाने गया तब सेल्समैन ने उसे पहचान कर उससे पूंछतांछ करने लगे, तो वह गाड़ी छोड़ कर भाग गया। इस पेट्रोल पंप के लगभग तीन लाख से ऊपर की रकम की शिकायत है। पेट्रोल पंप से डीजल या पेट्रोल ले लिया या फिर सेल्समैन से साठगांठ कर नगद ले लिया, फिलहाल जांच जारी है।

## लखनऊ में चला प्रशासन का बुलडोजर, एक ही दिन में 7.75 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

**सरोजनीनगर (लखनऊ)।** नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्रवाई हुई। प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जेसीबी चलाकर दो गांवों से कुल 7 करोड़ 75 लाख रुपये बाजार कीमत की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराई। नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश के नेतृत्व में ग्राम औरंगाबाद जागीर में खसरा संख्या 803, 805, 843, 1145 व 1146 की 0.557 हेक्टेयर जमीन पर बनी रेडीमेड बाउंड्रीवॉल, दुकानें व टीनशेड ध्वस्त कर 7.25 करोड़ की भूमि खाली कराई गई। इसके साथ ही ग्राम अशरफ नगर में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव व एसडीएम अंकित शुक्ला के निर्देशन में खसरा संख्या 734/1 की 0.253 हेक्टेयर रास्ते की जमीन पर अवैध रूप से खड़ी बाउंड्रीवॉल तोड़कर 50 लाख की पांच सौ वर्गमीटर जमीन मुक्त कराई गई। नायब तहसीलदार नगर निगम तेजस्वी प्रकाश ने बताया कि कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों में विरोध भी किया लेकिन बावजूद इसके दोनों जगह कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

## चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर 99वीं जयंती

● सीतापुर 17 अप्रैल चन्द्र भानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की 99 वीं जयंती मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई के सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया ने चंद्रशेखर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चंद्रशेखर जी दृढ़ इच्छाशक्ति, सिद्धांतों के प्रति अडिग और निर्भीक जननेता के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चंद्रशेखर जी के नाम पर महाविद्यालय में कृषि फार्म है जिसमें परास्नातक कृषि के छात्र-



छात्राएं शोध करते हैं जिनका सीधा लाभ किसानों को मिलता है।

उनकी स्मृति हम सभी को निरंतर कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ विवेक कुमार वर्मा, डॉ श्वेता मिश्रा, डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ राजीव कृष्ण बाजपेई, डॉ पी के मिश्रा डॉ पी के सिंह, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ आशुतोष, डॉ विवेक कुमार वर्मा, डॉ पुष्पा यादव, डॉ नलिनी मिश्रा, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ सुधाकर सिंह, विपुल अग्रवाल, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, प्रेम बाबू चौरसिया, डॉ रवी शंकर वर्मा, जितेंद्र बाजपेई, रामप्रकाश, सत्रोहन एवं संतपाल यादव सहित सभी शिक्षक और कर्मचारीयों चंद्रशेखर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी।

# परिसीमन 2026 से क्यों चिंतित हैं दक्षिण भारतीय राज्य?

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में वर्ष 2026 एक निर्णायक मोड़ के रूप में अंकित होने जा रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया जिसे परिसीमन कहा जाता है वह अब एक राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुकी है। यह प्रक्रिया केवल भौगोलिक सीमाओं के अंकन तक सीमित नहीं है अपितु यह भारतीय संघवाद की आत्मा और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के मूल सिद्धांतों को प्रभावित करने वाली है। वर्तमान परिसीमन विधेयक 2026 ने देश के राजनीतिक मानचित्र को पुनः परिभाषित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस विधेयक के केंद्र में जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण है। पिछले कई दशकों से भारत में लोकसभा की सीटों की संख्या 543 पर स्थिर रही है जिसका आधार 1971 की जनगणना थी। उस समय की जनसंख्या और वर्तमान समय की जनसंख्या के बीच का अंतराल इतना विशाल हो चुका है कि एक सांसद के लिए अपनी विशाल जनता का प्रभावी प्रतिनिधित्व करना कठिन हो गया है। इसी समस्या के समाधान हेतु नए विधेयक में निचले सदन की सीटों की संख्या को बढ़ाकर लगभग 850 करने का प्रस्ताव है। यह विस्तार नए संसद भवन की क्षमता और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यक माना जा रहा है। परिसीमन की इस यात्रा को समझने के लिए इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर दृष्टि डालना अनिवार्य है। भारत में 1976 में आपातकाल के दौरान संविधान के 42वें संशोधन के माध्यम से सीटों के पुनर्वितरण पर रोक लगा दी गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य उन राज्यों को सुरक्षा प्रदान करना था जिन्होंने परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू किया था। सरकार का मानना था कि यदि केवल जनसंख्या के आधार पर सीटें बढ़ाई गईं तो जनसंख्या नियंत्रण करने वाले राज्य राजनीतिक रूप से कमजोर हो जाएंगे। इस रोक को पहले वर्ष 2001 तक और फिर 84वें संशोधन द्वारा वर्ष 2026 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। अब जबकि यह समय सीमा समाप्त हो रही है सरकार ने इस प्रक्रिया को पुनः सक्रिय करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि इसे महिला आरक्षण विधेयक के क्रियान्वयन से जोड़ दिया गया है। वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जानी हैं। हालांकि इस आरक्षण के प्रभावी होने की पूर्व शर्त परिसीमन की प्रक्रिया का पूर्ण होना है। इस प्रकार परिसीमन अब केवल जनसंख्या का गणित नहीं बल्कि लैंगिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का प्रवेश द्वार भी बन गया है।

विधेयक के प्रस्तुत होते ही देश में एक वैचारिक विभाजन स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से दक्षिण भारत के राज्य जैसे तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। इन राज्यों का तर्क अत्यंत सुदृढ़ और तर्कसंगत है। उनका कहना है कि पिछले पांच दशकों में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। इसके परिणामस्वरूप वहां जनसंख्या वृद्धि दर उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में काफी कम रही है। यदि अब सीटों का आवंटन केवल जनसंख्या की संख्या के आधार पर होता है तो इन राज्यों की संसद में हिस्सेदारी वर्तमान की तुलना में कम हो जाएगी। उदाहरण के लिए वर्तमान में उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों की जनसंख्या वृद्धि दर अधिक होने के कारण उनकी सीटों में भारी वृद्धि होने की संभावना है। आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की लोकसभा सीटें वर्तमान 80 से बढ़कर 140 से अधिक हो सकती हैं। वहीं दक्षिणी राज्यों की सीटों में भी संख्यात्मक वृद्धि तो होगी किंतु कुल संसद में उनका प्रतिशत हिस्सा घट जाएगा। यह स्थिति दक्षिण के राज्यों को यह संदेश देती है कि उनके द्वारा किए गए विकास और जनसंख्या नियंत्रण के प्रयासों का उन्हें राजनीतिक पुरस्कार मिलने के स्थान पर दंड मिल रहा है। राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह विवाद सत्ता के संतुलन से जुड़ा है। उत्तर भारत के राज्यों में वर्तमान सत्ताधारी दलों की पैठ अधिक गहरी है। विपक्ष का आरोप है कि सीटों के इस नए वितरण से उन दलों को लाभ होगा जिनका आधार उच्च जनसंख्या वाले क्षेत्रों में है। इस प्रकार परिसीमन एक निष्पक्ष प्रशासनिक प्रक्रिया के स्थान पर राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने का उपकरण बन सकता है। हालांकि केंद्र सरकार ने इन आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी राज्य की वर्तमान सीटों को कम नहीं किया जाएगा। प्रस्तावित ढांचे के अनुसार यदि कुल सीटें 850 तक पहुंचती हैं तो दक्षिणी राज्यों की कुल सीटें वर्तमान 129 से बढ़कर लगभग 195 हो सकती हैं। सरकार का तर्क है कि जब हर राज्य की सीटों में वृद्धि होगी तो किसी के साथ अन्याय होने का प्रश्न ही नहीं उठता। किंतु विवाद का वास्तविक बिंदु कुल संख्या नहीं बल्कि तुलनात्मक शक्ति है। यदि उत्तर भारत की सीटें दक्षिण के मुकाबले अधिक तेजी से बढ़ती हैं तो नीति निर्माण और बजटीय आवंटन में उत्तर का प्रभाव अधिक प्रबल हो जाएगा।

आर्थिक मोर्चे पर भी दक्षिणी राज्यों के अपने तर्क हैं। ये राज्य देश के सकल घरेलू उत्पाद में बड़ा योगदान देते हैं और अधिक राजस्व केंद्र को प्रदान करते हैं। उनका मत है कि केवल जनसंख्या को ही प्रतिनिधित्व का आधार मानना आधुनिक शासन व्यवस्था के विरुद्ध है। कुछ क्षेत्रीय नेताओं ने सुझाव दिया है कि परिसीमन के लिए एक मिश्रित मॉडल अपनाया जाना चाहिए जिसमें जनसंख्या के साथ-साथ शिक्षा के स्तर, स्वास्थ्य संकेतकों और आर्थिक योगदान को भी कुछ महत्व दिया जाए। हालांकि संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा करना संवैधानिक रूप से अत्यंत जटिल होगा क्योंकि भारत का लोकतंत्र एक व्यक्ति एक वोट के सिद्धांत पर आधारित है। किसी भी मतदाता के वोट का मूल्य उसके क्षेत्र की आर्थिक प्रगति या शिक्षा के आधार पर कम या अधिक नहीं किया जा सकता। इस जटिलता के कारण सरकार के सामने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की चुनौती है जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों और संघीय संतुलन के बीच सामंजस्य बिठा सके।

परिसीमन आयोग की कार्यप्रणाली भी इस बहस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय है जिसका गठन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। इसकी अध्यक्षता सामान्यतः सर्वोच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा की जाती है और इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा संबंधित राज्यों के निर्वाचन आयुक्त शामिल होते हैं। आयोग की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि इसके द्वारा जारी किए गए आदेशों को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। ये आदेश राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून का रूप ले लेते हैं। इस अपार शक्ति के कारण विपक्ष ने आयोग की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठाए हैं। उनका कहना है कि आयोग की संरचना में राज्यों का अधिक प्रतिनिधित्व होना चाहिए ताकि क्षेत्रीय चिंताओं को बेहतर ढंग से सुना जा सके। विधेयक में यह भी प्रावधान है कि संसद यह निश्चित करेगी कि किस वर्ष की जनगणना को आधार बनाया जाए। इससे सरकार को समय और परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेने की शक्ति मिलती है जो आलोचकों के अनुसार राजनीतिक हस्तक्षेप का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

विधेयक के दीर्घकालिक परिणामों पर विचार करें तो वर्ष 2029 के आम चुनाव भारत के लिए पूरी तरह से भिन्न होंगे। संसद के भीतर का दृश्य बदल जाएगा। बड़ी संख्या में नए सांसदों की उपस्थिति और महिलाओं के लिए आरक्षित 33 प्रतिशत सीटों के साथ भारतीय विधायी ढांचे का चेहरा बदल जाएगा। यह परिवर्तन केवल संख्यात्मक नहीं बल्कि गुणात्मक भी हो सकता है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नीति निर्माण में अधिक संवेदनशीलता और सामाजिक विषयों पर अधिक ध्यान दिए जाने की अपेक्षा है। किंतु इस उज्ज्वल पक्ष के साथ क्षेत्रीय असंतुलन का काला बादल भी मंडरा रहा है। यदि उत्तर और दक्षिण के बीच का राजनीतिक अंतराल बढ़ता है तो यह भारत की एकता और अखंडता के लिए एक नई चुनौती पेश कर सकता है। संघीय ढांचे में राज्यों का विश्वास बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए व्यापक परामर्श और संभवतः संविधान के उच्च सदन अर्थात राज्यसभा की शक्तियों में वृद्धि जैसे विकल्पों पर विचार किया जा सकता है ताकि राज्यों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। निष्कर्षतः परिसीमन विधेयक 2026 केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं है बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र के अगले अध्याय की पटकथा है। इसमें एक ओर जनसंख्या के आधार पर न्यायोचित प्रतिनिधित्व देने की आकांक्षा है तो दूसरी ओर संघीय संतुलन बिगड़ने का वास्तविक भय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संख्या का महत्व सर्वोपरि है परंतु विविधतापूर्ण राष्ट्र में सभी क्षेत्रों की भावनाओं का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। आने वाले वर्षों में यह देखना रोचक होगा कि भारत सरकार और राजनीतिक दल इस संवैधानिक अनिवार्यता और क्षेत्रीय न्याय के बीच कैसे संतुलन साधते हैं। अंततः सफलता उसी मॉडल में निहित होगी जो भारत के प्रत्येक नागरिक को यह अनुभव कराए कि संसद में उसकी आवाज और उसके राज्य का महत्व अक्षुण्ण है चाहे वह भौगोलिक रूप से कहीं भी स्थित हो। यह विधेयक भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा है जो यह तय करेगा कि आने वाले दशकों में देश का संघीय ढांचा कितना सुदृढ़ और समावेशी होगा। 2026 का यह मोड़ भारत के भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाला एक ऐतिहासिक क्षण सिद्ध होने जा रहा है।

**महेन्द्र तिवारी**

# जब घर ही कब्र बन गया और रिश्ते खामोश गवाह

**[ अपनों के बीच भी अजनबी बनकर दम तोड़ती एक जिंदगी ]**

**[ इंसानियत की दरारें: एक मृत्यु जो पूरे समाज पर सवाल छोड़ गई ]**

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के नगीन नगर (चंदन नगर थाना क्षेत्र) की तंग गलियों में जब लंबे समय से जमी खामोशी अचानक दरक गई, तो उसके भीतर छिपा भयावह सच पूरे इलाके को भीतर तक हिला गया। एक बंद और उपेक्षित मकान से निकली सड़न और रहस्य ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को सन्न कर दिया। इसी मकान के भीतर 65 वर्षीय वृद्ध का निर्जीव शरीर कुछ दिनों (लगभग दो दिन) से पड़ा हुआ था, और समय के साथ वह उपेक्षा की भयावह तस्वीर बन चुका था। यह घटना केवल मृत्यु की सूचना नहीं थी, बल्कि टूटते रिश्तों, बिखरते परिवार और संवेदनहीन होते समाज का दर्दनाक दर्पण थी। बंद दीवारों के भीतर दबी यह चुप्पी अब एक कठोर प्रश्न बनकर खड़ी है—क्या इस आधुनिक युग में इंसान अपने ही घर के भीतर इतना अकेला और असहाय हो सकता है?

सन्नाटे में दबी हुई सच्चाई जब अचानक सांस लेने लगती है, तो उसका पहला स्पर्श ही पूरे वातावरण को हिला देता है। कॉलोनी के बच्चे गली में क्रिकेट खेल रहे थे, तभी गेंद अचानक उसी बंद पड़े पुराने मकान के भीतर जा गिरी। गेंद लेने गए बच्चों ने जैसे ही अंदर झांका, तेज दुर्गंध और सड़न की भयावह स्थिति ने उन्हें भयभीत कर दिया। भीतर का दृश्य अत्यंत भयावह था—चूहों द्वारा क्षत-विक्षत शव और मौत का गहरा सन्नाटा। यह सच शायद और भी दिनों तक छिपा रहता, यदि वह गेंद उस बंद मकान में न जाती, जिसने एक अनदेखी और उपेक्षित त्रासदी को उजागर कर दिया। सूचना मिलते ही चंदन नगर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची, जहां भीतर का दृश्य अत्यंत भयावह और दिल दहला देने वाला था—कमरे में फैली सड़ांध, जड़ हो चुकी खामोशी और लंबे समय से उपेक्षित वातावरण यह स्पष्ट संकेत दे रहे थे कि मृत्यु कई दिन पहले हो चुकी थी और किसी ने उसकी सुध नहीं ली थी; शव काफी विकृत अवस्था में था, जिससे यह घटना केवल एक पुलिस जांच का विषय न रहकर समाज की संवेदनहीनता और टूटते पारिवारिक संबंधों का कठोर दर्पण बन गई, और सबसे बड़ा प्रश्न यही रह गया कि तीन पुत्रों के होते हुए भी यह व्यक्ति अपने अंतिम समय में इस तरह पूर्णतः अकेला क्यों रह गया। जीवन की कठिन धूप में तपकर यह वृद्ध व्यक्ति वर्षों तक मेहनत-मजदूरी करता रहा और अपने परिवार की ज़िम्मेदारियों को कंधों पर ढोता हुआ बच्चों के भविष्य को संवारने में पूरी उम्र खपा दी; अभावों और आर्थिक संघर्षों के बीच भी उसने कभी घर की डोर को टूटने नहीं दिया और हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहा। समय के साथ शराब की लत ने उसके जीवन को अवश्य प्रभावित किया, लेकिन पिता के हृदय में बसे स्नेह और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद कभी कम नहीं हुई, जबकि विडंबना यह रही कि वही बच्चे धीरे-धीरे उससे दूर होते चले गए; त्याग, उपेक्षा और टूटते रिश्तों के बीच यह पवित्र सा बंधन अंततः बिखरकर एक दर्दनाक मौन में बदल गया।

तीन पुत्रों के होते हुए भी यह वृद्ध व्यक्ति अपने अंतिम समय में गहरी एकाकी स्थिति में था; वर्षों से चले आ रहे पारिवारिक मतभेदों ने रिश्तों की नींव कमजोर कर दी थी, जिसके कारण न कोई मुलाकात बची, न कोई हालचाल लेने वाला और न ही कोई जिम्मेदारी निभाने वाला शेष रहा। जिस पिता ने जीवन भर अपनी संतान के भविष्य को संवारने में अपना सब कुछ लगा दिया, वही अंततः उपेक्षा का शिकार बन गया; कभी स्नेह और अपनत्व से भरे रक्त संबंध धीरे-धीरे दूरी, नाराज़गी और स्वार्थ में बदल गए। यह स्थिति बताती है कि समय के साथ कई रिश्ते भावनाओं से टूटकर केवल औपचारिक औपचारिकता भर रह जाते हैं। मृत्यु की सूचना मिलने के बाद जब रिश्तेदारों और पुत्रों को खबर दी गई, तो उनका व्यवहार और भी अधिक पीड़ादायक और निराशाजनक था; एक-एक कर सभी ने आने से स्पष्ट इनकार कर दिया, मानो अंतिम संस्कार कोई पारिवारिक दायित्व नहीं बल्कि एक अनचाहा बोझ हो। एक ओर वृद्ध पिता का निर्जीव शरीर पड़ा था, तो दूसरी ओर पुत्रों की संवेदनहीनता और दूरी साफ झलक रही थी। आश्चर्यजनक रूप से संपत्ति को लेकर सक्रियता तो दिखाई दी, लेकिन भावनाओं, कर्तव्य और मानवीय संवेदना का पूर्ण अभाव उजागर हो गया। यह पूरा दृश्य रिश्तों के पतन और सामाजिक मूल्यों के क्षरण की सबसे कठोर और असहज तस्वीर प्रस्तुत करता है।

नगीन नगर, इंदौर की यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है; आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में मोबाइल, काम और व्यक्तिगत स्वार्थ ने पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट को लगातार कमजोर कर दिया है। बुजुर्ग घरों में अकेलेपन का जीवन जीने को मजबूर हैं, जिनकी देखभाल और हालचाल लेने वाला कोई नहीं बचा। यह घटना उस गहराते सामाजिक संकट को उजागर करती है, जहां इंसान मौजूद होते हुए भी इंसानियत धीरे-धीरे खोती जा रही है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति और भी भयावह रूप ले सकती है। यह घटना एक गहरी सामाजिक पीड़ा और विचारणीय सच्चाई को उजागर करती है, जिसे नज़रअंदाज़ करना अब संभव नहीं है। जीवन की वास्तविक संपत्ति न तो धन है और न ही भौतिक सुख-सुविधाएं, बल्कि रिश्तों की गरमाहट, सम्मान और अपनापन ही उसका असली आधार हैं। यदि हम आज अपने बुजुर्गों की उपेक्षा करते हैं, तो यही उपेक्षा कल हमारे अपने जीवन में भी लौट सकती है। यह प्रसंग स्पष्ट चेतावनी देता है कि रिश्तों को समय रहते समझना, संवारना और निभाना ही सबसे बड़ी मानवीय जिम्मेदारी है। अन्यथा अंत में केवल पछतावे का अंधकार शेष रह जाएगा और समाज धीरे-धीरे उस संवेदनहीन दिशा में बढ़ता जाएगा, जहां इंसान होते हुए भी इंसानियत का अर्थ खोने लगता है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# अनिवार्य मतदान जन जागरूकता की आवश्यकता और लोकतंत्र की सुदृढ़ता

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है जहां जनता को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया गया है। यह अधिकार केवल एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। जब नागरिक मतदान करते हैं तब वे अपने भविष्य की दिशा तय करते हैं और शासन व्यवस्था को आकार देते हैं। इसके बावजूद यह एक गंभीर सच्चाई है कि देश में बड़ी संख्या में लोग मतदान से दूर रहते हैं। यही कारण है कि अनिवार्य मतदान और जन जागरूकता की आवश्यकता आज अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गई है। हाल के राजनीतिक घटनाक्रम में यह स्पष्ट रूप से देखा गया कि संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि यह किसी एक दल का विषय नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का विषय है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि इस निर्णय को राजनीति के तराजू पर न तौला जाए बल्कि इसे देशहित में देखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि विपक्ष श्रेय लेना चाहता है तो वह ले सकता है लेकिन महिलाओं के अधिकारों को रोका नहीं जाना चाहिए। यह दृष्टिकोण लोकतंत्र की भावना को मजबूत करने वाला है। दूसरी ओर कई विपक्षी नेताओं ने इस विषय पर शंका और विरोध प्रकट किया। प्रियंका वाड्रा ने इसे राजनीतिक दृष्टि से प्रेरित बताया जबकि अखिलेश यादव ने इसे केवल नारे तक सीमित बताया। इसी प्रकार कपिल सिब्बल ने भी सरकार की मंशा पर प्रश्न उठाए। लोकतंत्र में प्रश्न उठाना आवश्यक है लेकिन हर विषय पर बिना ठोस आधार के विरोध करना उचित नहीं है। जब कोई निर्णय व्यापक जनहित से जुड़ा हो तो उसका समर्थन किया जाना चाहिए।

यहीं पर अनिवार्य मतदान का महत्व सामने आता है। यदि प्रत्येक नागरिक के लिए मतदान करना अनिवार्य हो जाए तो लोकतंत्र और अधिक सशक्त हो सकता है। इससे नागरिकों में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। लोग केवल दर्शक बनकर नहीं रहेंगे बल्कि सक्रिय भागीदार बनेंगे। इससे शासन व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक और संतुलित बनेगी। भारत में यह देखा गया है कि कई बार शिक्षित वर्ग भी मतदान के प्रति उदासीन रहता है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की भागीदारी अधिक होती है। यह स्थिति बताती है कि समस्या केवल संसाधनों की नहीं बल्कि सोच की भी है। इसलिए आवश्यक है कि समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचे कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। जब तक यह भावना विकसित नहीं होगी तब तक लोकतंत्र की जड़ें पूरी तरह मजबूत नहीं हो पाएंगी। अनिवार्य मतदान लागू करने के लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। विद्यालयों महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से लोगों को यह समझाना होगा कि उनका एक मत कितना महत्वपूर्ण है। जब व्यक्ति यह समझेगा कि उसका मत देश की दिशा तय कर सकता है तब वह स्वेच्छा से मतदान के लिए प्रेरित होगा।

सरकार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदान प्रक्रिया सरल और सुगम हो। मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और ऐसी व्यवस्था की जाए कि किसी भी नागरिक को मतदान करने में कठिनाई न हो। पारदर्शिता और निष्पक्षता भी उतनी ही आवश्यक है क्योंकि जब लोगों का विश्वास चुनाव प्रक्रिया में बना रहेगा तब ही वे अधिक संख्या में भाग लेंगे। विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एक सशक्त विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है और नीतियों में सुधार लाने में मदद करता है। लेकिन जब विपक्ष हर विषय पर केवल विरोध करता है तो उसकी विश्वसनीयता प्रभावित होती है। जनता यह समझने लगती है कि विरोध तर्क पर आधारित नहीं बल्कि राजनीति से प्रेरित है। इसलिए विपक्ष को चाहिए कि वह रचनात्मक भूमिका निभाए और जहां आवश्यक हो वहां समर्थन भी दे। महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे विषय केवल राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के माध्यम भी हैं। यदि इन पर सहमति बनती है तो यह देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया यह संदेश कि यह लोकतंत्र की जीत होनी चाहिए वास्तव में सार्थक है क्योंकि लोकतंत्र में सामूहिक निर्णय ही सबसे प्रभावी होते हैं।

अनिवार्य मतदान इस पूरी प्रक्रिया को नई दिशा दे सकता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हर नागरिक अपनी भूमिका निभाए और लोकतंत्र केवल कुछ लोगों तक सीमित न रह जाए। इससे सरकारों को भी जनता की वास्तविक इच्छाओं के अनुसार काम करना पड़ेगा क्योंकि हर मत महत्वपूर्ण होगा। अंततः यह समझना आवश्यक है कि लोकतंत्र केवल अधिकारों का नाम नहीं है बल्कि यह कर्तव्यों का भी समुच्चय है। यदि नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगे तो लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा। इसलिए यह समय है कि अनिवार्य मतदान जैसे विचारों पर गंभीरता से विचार किया जाए और जन जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ाया जाए। विपक्ष को भी यह समझना चाहिए कि बेवजह विरोध करना लोकतंत्र के हित में नहीं है। यदि कोई निर्णय देश और समाज के लिए लाभकारी है तो उसका समर्थन किया जाना चाहिए। स्वस्थ बहस और रचनात्मक आलोचना लोकतंत्र की पहचान है लेकिन केवल विरोध करना उचित नहीं है। जब हर नागरिक जागरूक होगा और अपने मताधिकार का उपयोग करेगा तब ही भारत का लोकतंत्र वास्तव में सशक्त और जीवंत बन पाएगा। अनिवार्य मतदान और जन जागरूकता इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# मिलावट का महाजाल, थाली से लेकर शरीर तक फैलता धीमा जहर,सूरत का खुलासा एक चेतावनी, देशभर में मिलावट की भयावह सच्चाई

सूरत के सचिन जीआईडीसी में नकली घी फैक्ट्री का भंडाफोड़ केवल एक स्थानीय अपराध नहीं, बल्कि पूरे देश में फैले मिलावट के संगठित नेटवर्क की गंभीर तस्वीर पेश करता है। 1 किलो शुद्ध घी से 15 किलो नकली घी तैयार करने की तकनीक न सिर्फ कानून का मजाक उड़ाती है, बल्कि आम जनता की सेहत के साथ खुला खिलवाड़ भी है। 'विदुर' जैसे नामों के पीछे छिपा यह जहर देश के कई राज्यों तक पहुंच रहा था, जिससे यह साफ हो जाता है कि मिलावट का कारोबार अब छोटे स्तर की धोखाधड़ी नहीं, बल्कि एक बड़ा और संगठित उद्योग बन चुका है।

भारत में खाद्य मिलावट की समस्या नई नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इसकी गंभीरता और विस्तार दोनों तेजी से बढ़े हैं। विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, देश में जांच किए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों में से एक बड़ा हिस्सा किसी न किसी रूप में मिलावटी पाया जाता है। कई राज्यों में यह आंकड़ा 20 से 30 प्रतिशत तक पहुंच जाता है, जो बेहद चिंताजनक है। दूध, घी, तेल, मसाले, मिठाइयां, यहां तक कि फल और सब्जियां भी इस जाल से अछूती नहीं हैं। मिलावट अब केवल गुणवत्ता की कमी नहीं रही, बल्कि यह सीधे-सीधे स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है।

मुनाफे की अंधी दौड़ में मिलावटखोरों ने इंसानियत को ताक पर रख दिया है। सूरत के इस मामले में जिस तरह केमिकल, पामोलीन ऑयल और सिंथेटिक फ्लेवर का इस्तेमाल कर नकली घी तैयार किया जा रहा था, वह दिखाता है कि अपराधी कितनी वैज्ञानिक और योजनाबद्ध तरीके से इस काम को अंजाम दे रहे हैं। डॉक्टरों की तरह सिरिंज का इस्तेमाल कर केमिकल की सटीक मात्रा मिलाना इस बात का प्रमाण है कि यह काम केवल अवैध ही नहीं, बल्कि बेहद खतरनाक भी है। ऐसे उत्पाद दिखने और महकने में भले ही असली जैसे लगें, लेकिन इनके सेवन से शरीर के अंदर धीरे-धीरे जहर फैलता है।

मिलावटी खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इनके दुष्प्रभाव तुरंत दिखाई नहीं देते। यह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर करते हैं और गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। हृदय रोग, किडनी फेल होना, लिवर डैमेज, कैंसर जैसी घातक बीमारियां लंबे समय तक मिलावटी भोजन के सेवन से जुड़ी हुई हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर और भी अधिक खतरनाक होता है, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। यही कारण है कि मिलावट केवल एक आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सीधा हमला है।

आज स्थिति यह हो गई है कि आम उपभोक्ता के लिए असली और नकली के बीच अंतर करना बेहद मुश्किल हो गया है। आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडेड लेबल और सस्ते दामों के लालच में लोग अनजाने में ही मिलावटी उत्पाद खरीद लेते हैं। सूरत के मामले में भी 'विदुर' ब्रांड के नाम पर नकली घी को असली बताकर बेचा जा रहा था, जिससे उपभोक्ता आसानी से धोखा खा जाते थे। यह प्रवृत्ति केवल एक शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर कोने में इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। मिलावट का यह जाल केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे कस्बों और गांवों तक भी फैल चुका है। थोक व्यापारियों और सप्लाई चेन के जरिए यह नकली सामान दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाया जाता है। कई बार स्थानीय दुकानदार भी अनजाने में ऐसे उत्पाद बेचते हैं, जिससे यह समस्या और भी जटिल हो जाती है। इसके पीछे एक पूरा नेटवर्क काम करता है, जिसमें निर्माता, सप्लायर और वितरक सभी शामिल होते हैं। इस समस्या की जड़ में कमजोर निगरानी व्यवस्था और कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन न होना भी शामिल है। हालांकि देश में खाद्य सुरक्षा के लिए कानून मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन सख्ती से नहीं हो पाता। जांच की प्रक्रिया धीमी होती है और दोषियों को सजा मिलने में लंबा समय लग जाता है, जिससे उनके हौसले बुलंद रहते हैं। कई मामलों में जुर्माना भी इतना कम होता है कि वह उनके मुनाफे के सामने नगण्य साबित होता है।

ऐसे में जरूरी है कि मिलावटखोरों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कानूनों को और सख्त बनाया जाए, ताकि दोषियों को कड़ी सजा मिले और दूसरों के लिए यह एक उदाहरण बन सके। साथ ही, खाद्य पदार्थों की नियमित और व्यापक जांच होनी चाहिए, जिससे बाजार में बिकने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। तकनीक का उपयोग कर ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत बनाना भी समय की जरूरत है।

सरकार के साथ-साथ उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। लोगों को जागरूक होना होगा और सस्ते के लालच से बचना होगा। विश्वसनीय ब्रांड और प्रमाणित उत्पादों को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही, यदि किसी उत्पाद की गुणवत्ता पर संदेह हो तो उसकी शिकायत संबंधित विभाग में करनी चाहिए। जागरूक उपभोक्ता ही इस समस्या से लड़ने में सबसे बड़ा हथियार बन सकता है।

सूरत का यह कांड एक चेतावनी है कि अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह केवल एक शहर या एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश की चुनौती है। मिलावट का यह जहर हमारी थाली में घुलकर हमारी सेहत को धीरे-धीरे खत्म कर रहा है। अब समय आ गया है कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए और मिलकर इसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ जीवन मिल सके।

**कांतिलाल मांडोत**

# भीषण प्रचंड गर्मी से बेहाल प्रदेश के सरकारी स्कूल

देश के अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी भीषण गर्मी ने अपना तांडव मचा रखा है। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल के अंत तक लू और प्रचंड गर्मी का दौर जारी रहने की संभावना है। एक और राज्य सरकारें लोगों को गर्मी से बचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर दोपहर में घर से बाहर न निकलने की सलाह दे रही हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हीं सरकारों के आदेश से हर वर्ष अप्रैल माह में स्कूलों का संचालन जारी रहता है। नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चे तपती दोपहरी में स्कूल से घर लौटते नजर आते हैं। सरकारें भले ही स्कूलों का समय दोपहर 12 बजे तक सीमित करने के निर्देश जारी करती हैं, लेकिन वास्तविक समस्या इससे कहीं अधिक गंभीर है। मध्यम और निम्न वर्ग के अधिकांश बच्चे पैदल, साइकिल या ऑटो से स्कूल आते-जाते हैं। ग्रामीण



क्षेत्रों में तो कई बच्चों को कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में जब स्कूलों की छुट्टी दोपहर 12 बजे के बाद होती है, तब बच्चों को अपने घर पहुँचने में डेढ़ से दो घंटे तक का समय लग जाता है, जो दिन का सबसे अधिक गर्म और खतरनाक समय होता है। इस दौरान लू और तेज धूप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों की स्थिति और भी चिंताजनक है। उन्हें भीषण गर्मी के इस प्रकोप से बचाने के लिए राज्य सरकारों को गंभीरता से मंथन करना चाहिए। यदि स्कूलों का संचालन जून माह से प्रारंभ किया जाए, तो बच्चों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिल सकती है। वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन का प्रभाव भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मानव द्वारा प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के कारण हर वर्ष गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यहां तक कि जो क्षेत्र पहले ठंडे माने जाते थे, वहां भी अब कूलर और एसी की आवश्यकता महसूस होने लगी है। ऐसे में देशभर की राज्य सरकारों को चाहिए कि वे शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल के बजाय 1 जून से करने पर गंभीरता से विचार करें। यह निर्णय न केवल व्यावहारिक होगा, बल्कि बच्चों और शिक्षकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक साबित होगा।

अतः प्रतिवर्ष बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए सरकार को नए शैक्षणिक सत्र के समय में बदलाव पर निर्णय लेना चाहिए और 1 जून से स्कूल खोलने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। यही विद्यार्थियों और अभिभावकों के हित में एक संवेदनशील और दूरदर्शी पहल होगी।

**अरविंद रावल**

# वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर बढ़ती चिंता

टोक्यो में आयोजित एज़ेडईसी-प्लस बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यापारिक जहाजों पर हो रहे हमलों को पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा पर गंभीर चिंता व्यक्त की। यह बयान ऐसे समय में आया है जब विश्वभर में समुद्री मार्गों की सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति की स्थिरता को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। भारत ने स्पष्ट रूप से कहा कि समुद्री रास्ते केवल व्यापार के साधन नहीं हैं बल्कि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा हैं और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की सामूहिक जिम्मेदारी है। भारत का यह रुख उसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और ऊर्जा सुरक्षा के प्रति उसकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में यदि समुद्री मार्गों में किसी भी प्रकार का व्यवधान आता है तो उसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग और आम नागरिकों के जीवन पर पड़ता है। यही कारण है कि भारत ने इस मंच पर सुरक्षित और निर्बाध समुद्री परिवहन को अत्यंत आवश्यक बताया। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि हाल के वर्षों में कई समुद्री क्षेत्रों में तनाव और संघर्ष की स्थितियां बनी हैं, जिनका असर अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर पड़ा है। व्यापारिक जहाजों पर हमले न केवल अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन हैं बल्कि वे वैश्विक स्थिरता के लिए भी खतरा हैं। एस. जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे हमलों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता और इसके खिलाफ कड़े वैश्विक प्रयास जरूरी हैं। ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती पर भी भारत ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। आज के समय में ऊर्जा केवल आर्थिक विकास का आधार नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। यदि ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है तो इसका प्रभाव उद्योगों, परिवहन और रोजमर्रा के जीवन पर व्यापक रूप से पड़ता है। इस संदर्भ में भारत ने साझेदारी और सहयोग के जरिए ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित और स्थिर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस बैठक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई प्रमुख नेताओं ने भी भाग लिया, जिनमें अनवर इब्राहिम और फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर शामिल थे। इन नेताओं ने भी ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों पर अपने-अपने विचार साझा किए।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मूक-बधिर बच्चों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट

**योजना का आवेदन 25 तक**

**देवरिया।** जनपद में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के मूक-बधिर बच्चों के लिए राज्य सरकार द्वारा कॉक्लियर इम्प्लांट योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत श्रवण बाधित बच्चों को सुनने और बोलने योग्य बनाने के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति बच्चे लगभग 6 लाख तक का अनुदान दिया जाता है। विभाग द्वारा चयनित चिकित्सालयों में यह सुविधा उपलब्ध है, जिससे बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, फोटो, माता-पिता का आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र 25 अप्रैल तक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन कक्ष संख्या-17 में जमा किए जा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद पात्र बच्चों का परीक्षण कराया जाएगा और चयनित लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

### पति व अज्ञात महिला पर गाली-गलौज व धमकी का मुकदमा हुआ दर्ज

**गोलाबाजार गोरखपुर–** गोला क्षेत्र की एक महिला की शिकायत पर गोला पुलिस ने उसके पति तथा एक अज्ञात महिला के खिलाफ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मुकदमा दर्ज कर मामले का जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम गाजे गडहा निवासी तमन्ना पत्नी गुल मोहम्मद ने थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि उसके पति का एक अज्ञात महिला से संबंध हो गया है। पीड़िता ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं और उनके पालन-पोषण व पढ़ाई-लिखाई के खर्च को लेकर वह पहले से ही परेशान है। कई बार समझाने के बावजूद उसका पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर पति उसे गाली-गलौज करता है, वहीं संबंधित अज्ञात महिला भी फोन पर उसे अपशब्द कहती है और जान से मारने की धमकी देती है। गोला पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति और अज्ञात महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 और 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गहमा-गहमी के बीच पेट्रोल पंप पर हुआ तेल का वितरण



**ईंधन की मांग बढ़ते ही पेट्रोल पंप पर उमड़ा वाहनों का हुजूम, बेकाबू भीड़ को संभालना पंप प्रबंधन के लिए बना चुनौती**

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित किसान सेवा केन्द्र (इंडियन ऑयल) पर उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया। जब डीजल और पेट्रोल के वितरण के दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। क्षेत्र में ईंधन की मांग बढ़ते ही पंप पर ट्रैक्टरों और बाइक सवारों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिससे देखते ही देखते स्थिति गहमागहमी में बदल गई। लोग पहले तेल लेने की होड़ में एक-दूसरे से उलझते नजर आए, जिसके कारण पंप प्रबंधन के लिए वितरण प्रक्रिया को संभालना चुनौतीपूर्ण हो गया। हंगामे और बढ़ती भीड़ की सूचना मिलते ही परसामलिक पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाला। पुलिस बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए भीड़ को नियंत्रित किया और लोगों को कतारों में खड़ा करवाया। पुलिस की मौजूदगी में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर शांतिपूर्ण ढंग से बारी-बारी से डीजल-पेट्रोल का वितरण शुरू हुआ। वहीं इस कड़ी मशक्कत के बाद जब वितरण व्यवस्था पटरी पर लौटी तब जाकर पंप कर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों ने राहत महसूस की। प्रशासन की इस तत्परता की वजह से न केवल कानून व्यवस्था बनी रही, बल्कि जरूरतमंद किसानों और वाहन स्वामियों को सुलभता से ईंधन मिल सका।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, धमकी देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ख़जनी – गोरखपुर।** जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खजनी पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चल रही कार्रवाई के क्रम में थाना खजनी पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक खजनी जयन्त सिंह अपनी टीम के साथ सक्रिय रूप से अभियान चला रहे थे। इसी दौरान थाना खजनी पर दर्ज मुकदमा संख्या 45/26, धारा 69, 351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रहलाद यादव (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त संतकबीरनगर जनपद के धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम बघौड़ा का निवासी है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जाखा कॉलेज के पास से शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 08:45 बजे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे थाना लाकर पूछताछ की गई, जहां मामले से संबंधित आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस गंभीर आरोप के आधार पर पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था और तभी से आरोपी फरार चल रहा था। काफी समय से फरार चल रहे इस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। अंततः पुलिस की सतर्कता और सक्रियता के चलते उसे पकड़ने में सफलता मिली। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा शांतिभंग की आशंका को लेकर लालगंज पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के डगरारा गांव में बीती इक्तीस जनवरी को क्षेत्रीय लेखपाल नायब तहसीलदार के साथ पहुंचे। राजस्व टीम द्वारा न्यायिक आदेश का अनुपालन कराने की प्रक्रिया शुरू हुई कि इसी बीच गांव के सुभाष सरोज, राजेश सरोज, राधे सरोज व भगवती सरोज पुत्रगण रामलखन द्वारा शांतिभंग का प्रयास किया गया। तहरीर के मुताबिक इससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। तहरीर के आधार पर आरोपी सुभाष समेत चार के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## दुग्ध स्वर्ण महोत्सव में योजनाओं की दी जानकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** दुग्ध विकास विभाग द्वारा आयोजित दुग्ध स्वर्ण महोत्सव कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी दी गई। सजीव प्रसारण के दौरान अधिकारियों ने दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों और लाभार्थियों को आधुनिक तकनीकों, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालकों को सम्मानित किए जाने संबंधी जानकारी भी साझा की गई।

कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के चयनित लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना तथा पशुपालकों को नई तकनीकों से जोड़ना रहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, दुग्ध विकास विभाग के अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, पैरावेट्स एवं बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक और पशुपालक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रतिभागियों से अपील किया कि वे विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाएं और दुग्ध उत्पादन में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# परीक्षा परिणाम को लेकर पिता की प्रताड़ना बनी काल, 15 वर्षीय छात्रा की मौत; आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सहजनवा गोरखपुर।** जनपद के सहजनवा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां परीक्षा परिणाम को लेकर पिता की प्रताड़ना से आहत 15 वर्षीय छात्रा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सहजनवा थाना क्षेत्र के तिलौरा गांव निवासी कक्षा 10 की छात्रा आराध्या धर दुबे को उसके पिता दुर्गेश धर दुबे द्वारा परीक्षा परिणाम को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। बुधवार की शाम मानसिक दबाव और अपमान से परेशान होकर छात्रा ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल गोरखपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतका की मां अंकिता धर दुबे ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए सहजनवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया। मां का आरोप है कि पिता की प्रताड़ना और कठोर व्यवहार के चलते ही बेटी ने यह खौफनाक कदम उठाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल हरकत में आई और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार को थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्धों और वारंटियों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी दुर्गेश धर दुबे जसवाल रोड स्थित प्यारी देवी स्कूल के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस घटना ने एक बार फिर अभिभावकों के व्यवहार और बच्चों पर बढ़ते मानसिक दबाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चों पर अत्यधिक दबाव डालना उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकता है।

# गरीबों के बचत रुपयों पर प्राइवेट कंपनी ने डाला डांका

- ●-लगभग 3 करोड़ से अधिक रूपयों की हेरा फेरी का आरोप ?
- -दर्जनों ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर बताइए आप बीती ,
- - कुछ को अपर्याप्त बैलेंस अकाउंट का मिला चेक ,
- -डेली बचत के नाम पर दर्जनों लोगों ने भविष्य सुनहरा केलिए करते थे बचत
- स्थानीय पुलिस जांच में जुटी ? सवालों के घेरे में बचत कराने वाले दलाल एजेंट ?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**महराजगंज–** जिले में ऐसे तमात कंपनियां मिलेंगी जिनका ना तो समय पर ऑडिट होता है। और ना ही जनता के हितों को देखते हुए उनके बचत रुपयों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी लेने वाले विभाग के अधिकारी ही संभालते है। जिसके वजह से आम जनता को सुनहरे भविष्य का लालच दिखाकर उनके खून पसीने की कमाई पर खुलेआम डांका डाला जाता है। जबतक इसकी भनक लगती है तब करोड़ो रुपए की चपत लग चुकी होती है जानकारी की मुताबिक ठूठीबारी कोतवाली के मुख्य कस्बे में संचालित क्षेत्रीय विकास निधि प्राइवेट लिमिटेट के नाम से संचालित कम्पनी है। जहा पर ऐसे ही गरीबों के खून पसीने की कमाई की लगभग तीन करोड़ से अधिक रूपयों पर डांका डाला गया है। गरीबों के उग्र रूप देखने के बाद कुछ को चेक दिया गया। लेकिन जमा रुपया का आधा का चेक दिया गया। तो वही किसी को वो भी नहीं मिला। ग्रामीण जब चेक को पता किए तो वो चेक अकांउटद्द अपर्याप्त बैलेंस मिला । चेक काटने वाला का न बृजेश चंद श्रीवास्तव का नाम अंकित मिला । ऐसे में आम गरीब जनता जो सौ पचास रुपए करके जमा करती है। उनको अब रुपयों गबन होते देखे जाने पर कंपनी के कार्यालय के सामने नारेबाजी किया जाने लगा ही। मामला गहमा गहमी के बीच स्थानीय पुलिस पहुंची । जिसके बाद जमाकर्ता और कंपनी के कर्मचारी कोतवाली पहुंचे। और अपनी समस्याओं को बताया । इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

## तहसीलदार ने किराएदार को बेदखल कर मालिक के सुपुर्द की दुकान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)–** एक दुकान मालिक की आंखों में उस समय खुशी के आंसू छलक पड़े जब प्रशासन ने किराएदार के कब्जे से निकाल कर दुकान मालिक को उक्त दुकान सुपुर्द कर दी। यह सारी कार्रवाई उपजिलाधिकारी न्यायिक/प्रभारी तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई। उप्र नगरीय परिसर किराएदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा 36 (क) के अधीन दायर वाद में किराया प्राधिकारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा दुकान मालिक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए किराएदार के कब्जे से दुकान खाली कराकर दुकान मालिक के सुपुर्द कराई गई।

जानकारी के मुताबिक कस्बे के मोहल्ला भगत सिंह नगर निवासी पुरुषोत्तमदास स्वर्णकार पुत्र स्व. खूटेराम की एक दुकान स्थित मोहल्ला भगत सिंह नगर में छावला पुलिया के पास में मोहम्मद अशरफ पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी मोहल्ला आजाद नगर किराएदार था। कुछ महीनों से किराया नहीं देने आदि कारणों की रोशनी में पुरुषोत्तमदास ने दुकान खाली कराने के लिए उप्र नगरीय परिसर किराएदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा 36 (क) के अधीन किराया प्राधिकारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक के कोर्ट में वाद दायर किया था। तमाम कानूनी प्रक्रियाओं के बाद कोर्ट ने दुकानदार के पक्ष में फैसला सुनाया और तहसीलदार कोंच व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दुकान खाली कराने के निर्देश दिए। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी न्यायिक/ प्रभारी तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने उक्त दुकान खाली कराकर दुकान मालिक के सुपुर्द कर दी।

## मानदेय व ईपीएफ भुगतान को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों का ने किया आंदोलन, हड़ताल का ऐलान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**देवरिया।** जनपद में ग्राम रोजगार सेवकों ने मानदेय और ईपीएफ भुगतान में हो रही देरी व अनियमितताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नाराज कर्मियों ने सामूहिक हड़ताल का ऐलान करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है। ग्राम रोजगार सेवक संघ, देवरिया ने खंड विकास अधिकारी देवरिया सदर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मनरेगा कर्मियों को लंबे समय से मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। संघ ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार, सभी ग्राम रोजगार सेवक आज से 25 अप्रैल तक पूर्ण कार्य बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार का सरकारी कार्य नहीं किया जाएगा। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए, ताकि आंदोलन समाप्त किया जा सके। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि हड़ताल के दौरान किसी प्रकार का दबाव बनाया गया तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश भारती, संतोष पांडेय, हरिप्रताप शर्मा, किरण निराला, सत्यप्रकाश सिंह, जय सिंह, बबलू प्रसाद, रविकांत पांडेय, जुगनू गुप्ता, धर्मेंद्र, देवेंद्र शर्मा सहित कई ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बरहज पुलिस ने अवैध असलहा रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। बरहज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रगड़गंज से पैना जाने वाले मार्ग पर स्थित एक खाली झोपड़ी से आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अभिषेक यादव उर्फ सचिन (32) निवासी बरठा लाला, थाना मईल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा (.315 बोर) और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बरहज में मुकदमा संख्या 119/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामलक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल दीपक यादव और कांस्टेबल विश्वजीत यादव शामिल रहे।

# ग़ोला के सड़क हादसे में युवक की मौत पर उबाल: शव रखकर जाम, 25 लाख मुआवजा व नौकरी की मांग; आश्वासन के बाद हटा प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ग़ोला** –गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद शुक्रवार सुबह माहौल तनावपूर्ण हो गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने रामनगर स्थित गोला-कौड़ीराम मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि मृतक के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जानकारी के मुताबिक, गोला थाना क्षेत्र के पुरसादेउर निवासी राकेश चौहान (25) बेंगलुरु में रहकर रोजगार करता था। बीते बुधवार शाम करीब 7 बजे वह घर लौट रहा था। बांसगांव थाना क्षेत्र के धस्की के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल राकेश को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को लेकर जा रहे थे, तभी रामनगर में सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया।

सूचना मिलते ही गोला पुलिस, एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह, सीओ बांसगांव अनुज कुमार सिंह और सीओ गोला दरवेश कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को हरसंभव मदद और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए और जाम समाप्त कर दिया गया। इस दौरान सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन खत्म होने के बाद यातायात बहाल हो सका। मृतक की पत्नी वंदना की तहरीर पर बांसगांव पुलिस ने वाहन संख्या यूपी53एफबी9050 के अज्ञात चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 281, 125 व 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि राकेश की शादी महज एक वर्ष पहले ही हुई थी और उसकी कोई संतान नहीं है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## खजनी में 20 अप्रैल से जनगणना प्रशिक्षण, 1427 कर्मियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खजनी (गोरखपुर)।** आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को गति देते हुए तहसील खजनी प्रशासन ने प्रगणकों और सुपरवाइजरों के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह प्रशिक्षण 20 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक कुल 12 दिनों तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण का आयोजन श्रीमती द्रौपदी देवी इंटर एवं डिग्री कॉलेज में किया जाएगा, जहां इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। ग्रामीण चार्ज के अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु कॉलेज के 9 कमरों का चयन किया गया है। यहां प्रतिदिन 441 प्रगणक एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान कुल 1427 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे जनगणना कार्य को व्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधि, सर्वेक्षण के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां तथा डिजिटल उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी, ताकि प्रगणक अपने कार्य को कुशलतापूर्वक निभा सकें। विशेष बात यह है कि इसी परिसर में अर्बन चार्ज के तहत नगर पंचायत उनवल और कस्बा संग्रामपुर के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण भी समानांतर रूप से संचालित किया जाएगा। इसके लिए कॉलेज के दो अतिरिक्त कमरों की व्यवस्था की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना 2027 की सफलता की नींव साबित होगा। प्रशिक्षित कर्मी बेहतर समन्वय और सटीकता के साथ कार्य कर सकेंगे, जिससे जनगणना के आंकड़े विश्वसनीय और उपयोगी बनेंगे।

### यातायात पुलिस की तत्परता से मिला खोया बैग, व्यक्ति ने जताया आभार



**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक व्यक्ति का खोया बैग वापस दिलाकर सराहनीय कार्य किया है। जानकारी के अनुसार रावतपुर तिराहा के पास एक व्यक्ति का बैग ऑटो में छूट गया था। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर ड्यूटी कर रहे टीएसआई विजय नारायण सिंह और आरक्षी आशीष कुमार ने तुरंत सक्रियता दिखाई। उन्होंने आसपास के ऑटो चालकों से संपर्क कर बैग की तलाश शुरू की। पुलिस की मुस्तैदी के चलते कुछ ही देर में बैग बरामद कर संबंधित व्यक्ति को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। अपना खोया हुआ बैग वापस मिलने पर व्यक्ति के चेहरे पर खुशी झलक उठी। व्यक्ति ने कानपुर पुलिस की तत्परता और ईमानदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रयासों से पुलिस पर जनता का विश्वास और मजबूत होता है।

# सहजनवां में स्मार्ट मीटर के नाम पर 500 रुपये की वसूली, ग्रामीणों का प्रदर्शन; जांच की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सहजनवा – गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदीशपुर के रानीपुर मुस्लिम टोला में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के दौरान कथित अवैध वसूली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को दर्जनों उपभोक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, 11 अप्रैल को विद्युत विभाग के कुछ कर्मचारी गांव में पहुंचे और घर-घर जाकर पुराने बिजली मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने लगे। आरोप है कि इस प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक उपभोक्ता से 500 रुपये की वसूली की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह वसूली बिना किसी रसीद के की गई, जिससे संदेह और बढ़ गया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे उमानाथ उपाध्याय ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं पर दबाव बनाकर पुराने मीटर काट दिए और जबरन स्मार्ट मीटर लगा दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई घरों में रिचार्ज न होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। खासकर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी सहजनवा, केशरी नंदन तिवारी से की है और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यदि वसूली अवैध पाई जाती है तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, साथ ही उपभोक्ताओं से वसूली गई धनराशि वापस कराई जाए। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने एक स्वर में कहा कि वे बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए अनावश्यक आर्थिक बोझ नहीं सह सकते। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में आबरून निशा, रुकसाना, सबरून निशा, जैबुन निशा, खुशबून निशा, जायदा, जुबैदा, मुस्तफा, निजामुद्दीन, कमरुद्दीन और बिस्मिल्लाह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

## आयकर कर्मियों का विरोध प्रदर्शन शुरू, 13 मई तक आंदोलन की घोषणा

**कानपुर।** आयकर कर्मचारी महासंघ एवं आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ (पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सर्किल) की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर गुरुवार से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। यह आंदोलन केंद्रीय संयुक्त संघर्ष समिति, नई दिल्ली के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। कानपुर मुख्यालय स्थित सिविल लाइंस के आयकर भवन प्रांगण में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मध्यावकाश के दौरान दस सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष को संबोधित एक संकल्प पत्र प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अर्पणा करन को अग्रसारित करने के लिए सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह विरोध कार्यक्रम 16 अप्रैल से 13 मई तक विभिन्न चरणों में जारी रहेगा। इसमें मध्यावकाश प्रदर्शन, धरना, वॉकआउट और आवश्यकता पड़ने पर हड़ताल भी प्रस्तावित है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया तैयारी का जायजा



**मितौली खीरी** विकास खण्ड मितौली के नवीन तहसील परिसर के निकट 21 अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने आज जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग मौके पर पहुंचीं।इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय परिषद के सदस्य व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता, तहसीलदार प्रभारी दिनेश कुमार, सीओ मितौली यादवेंद्र यादव, खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार सहित तहसील व जनपद के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, तैयारियां जोरों पर।

### जनगणना-2027 कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश, 20 अप्रैल से प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा प्रारंभ**



**भदोहीः-** प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने समस्त चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना से संबंधित सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि दिनांक 20 अप्रैल से जनपद में सुपरवाइजरों को फील्ड ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जनपद में कुल 3296 प्रगणक एवं 517 सुपरवाइजर को 54 फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्य 11 प्रशिक्षण प्रभारी एवं 11 सहायक प्रशिक्षण प्रभारी के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में संपादित होगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेंद्र मौर्य सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं जनगणना कार्य से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सैनिक ग्रुप ऑफ कॉलेज में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** हनुमानगंज क्षेत्र स्थित सैनिक ग्रुप ऑफ कॉलेज में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का वातावरण ज्ञान, संस्कार और गुरु-परंपरा के सम्मान से ओतप्रोत रहा। उपस्थित लोगों ने डॉ. राधाकृष्णन के विचारों को याद करते हुए शिक्षा के महत्व और उसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन एक आदर्श शिक्षक, दार्शनिक और राष्ट्रनायक के रूप में सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थापक सन्तोष आर्मी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. राधाकृष्णन भारतीय शिक्षा दर्शन के सजीव प्रतीक थे। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों को अपनाते हुए ज्ञान को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाएं और समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर चेयरमैन ममता रानी, निदेशक (फार्मेसी) वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य आईटीआई अदलती राम, मेजर यादव, अक्षय सिंह एवं रंजना सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ने संकल्प लिया कि वे डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

## मूडा बुजुर्ग में सैकड़ों एकड़ भूमि पर दबंगों का अवैध कब्जा, जिला प्रशासन मौन

**● ग्रामीणों ने लेखपाल, कानूनगो अरुणेशमिश्रा सहित तहसीलदार गोला पर लगाए कब्जा आधारकों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** एक और जहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने के सख्त आदेश अपने मातहत को दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इसके ठीक विपरीत जनपद खीरी की तहसील गोला में अपनी ही सरकार के आदेशों को ताक पर रखकर जिम्मेदार अवैध कब्जा धारकों की ताल पर थिरकते देखे जा सकते हैं। ताजा मामला तहसील गोला के परगना भूड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग का है जहां पर खेल मैदान, मरघट, खलिहान के साथ-साथ लगभग 78 एकड़ रिक्त पड़ी सरकारी जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा देखा जा सकता है। उक्त जमीनों पर दबंगों की फसल खड़ी फसल चीखकर अवैध कब्जा होने की पुष्टि करती है। सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कब्जा की जानकारी तहसीलदार गोला भीमचंद से लेकर एसडीएम गोला सहित संपूर्ण तहसील प्रशासन को भी है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार चार बीघा मरघट के नाम दर्ज जमीन पर अर्जुन निवासी मुड़ा तो खलिहानों की जमीन पर रामसनेही, रामेश्वर, देशराज, धीरेश,सहित कई अन्य लोगों की फैसले खड़ी अवैध कब्जा की चीख चीख कर पुष्टि कर रही हैं। इनमें से रामसनेही पर धारा 67 की कार्रवाई चलने की बात प्रकाश में आई है जो सालों बीत गया लेकिन कोई कार्रवाई आदेश नहीं किया गया। यह 67 की करवाई न्यायालय की फाइल में धूल फांक रही हैं ।ग्रामीणों का आरोप है कि यह सभी अवैध कब्जा कानून को अरुणेश मिश्रा, लेखपाल और तहसीलदार गोला भीमचंद के संरक्षण में चल रहे हैं शायद इसलिए कोई आदेश नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं गांव सभा की लगभग 78 एकड़ जमीन पर कानूनगो ने सजातीय मोहित दीक्षित व कई अन्य लोगों को कब्जा करवा रखा है जिसे हर फसल पर एक मोटी रकम वसूल कर उक्त तिकड़ी में बांट लिए जाने की बात जन चर्चा का विषय बनी है लोगों का आरोप है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तब आम आदमी न्याय पाने के लिए आखिर कहां जाए? अब देखना यह है जिले की तेज तर्रार जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल उपरोक्त अवैध कब्जा के मामले में क्या निर्णय लेती हैं? सरकारी जमीन को कराया जाएगा अवैध कब्जा मुक्त या फिर यूं ही मामला रफा दफा कर दिया जाएगा ।और अवैध कब्जे धारकों को सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा।

इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल शैलेंद्र से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि इस मामले पर फोन पर कुछ मत पूछिए मिल बैठकर बात कर ली जाएगी।

## राजश्री नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया आई० वी० आर० आई०, बरेली का शैक्षिक भ्रमण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, बरेली ने नर्सिंग और पैरामेडिकल के विद्यार्थियों के लिए इंडियन वेटरनेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली के एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस विज़िट का उद्देश्य छात्रों को मिल्क प्रोसेसिंग की पूरी प्रक्रिया के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी देना था। आई० वी० आर० आई० के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में छात्रों ने मिल्क के संग्रहण, पाश्चुरीकरण, गुणवत्ता परीक्षण और पैकेजिंग की विभिन्न चरणों को नज़दीक से समझा।

संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन के लिये बेहद आवश्यक हैं। जिससे उन्हें व्यवसायिक उपयोगिता को समझने का अवसर मिलता है एवं छात्र-छात्राएं अध्ययन के साथ-साथ आम जन जीवन के साथ रूबरू होते हैं। संस्थान के प्रबंध निदेशक इं० रोहन बंसल ने डेयरी से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं को समझकर अपने ज्ञान को और बेहतर बनाने के लिये इस भ्रमण को उपयोगी बताया साथ ही छात्रों के सवाल-जवाब सत्र में सक्रिय भागीदारी की। छात्रों के प्रैक्टिकल नॉलेज को बढ़ाने के साथ-साथ हेल्थ और न्यूट्रिशन के प्रति उनकी समझ को और मजबूत किया। आई० वी० आर० आई० के प्रतिनिधि ने इस विज़िट के दौरान छात्र-छात्राओं को डेयरी हाइजीन, फूड सेफ़्टी और न्यूट्रिशन के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही सही प्रोसेसिंग और स्टोरेज से दूध की गुणवत्ता और पोषण बनाए रखने की जानकारी दी।

## हैदराबाद पुलिस ने ऐक मनचले को किया गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस एन्टीरोमियोटीम द्वारा दिनांक 17.04.2026 को गनेशपुर तिराहे के पास मार्ग पर आने जाने वाली महिलाओ पर टिप्पणी करने वाले एक नफर अभियुक्त नीरज पुत्र दिनेश उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम भवानीगंज थाना हैदराबाद जिला खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 113/2026 धारा 296 बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में वास्ते विधिक कार्यवाही मा0 न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया। नाम पता गिरफ्तार अभि0 नीरज पुत्र दिनेश उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम भवानीगंज थाना हैदराबाद जिला खीरीगिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण 1.उ0नि0 हेमन्त कटियार प्रेमशंकर, संजीव कुमार व महिला आरक्षी पूजा थाना हैदराबाद जनपद खीरी प्रमुख रूप से सामिल रही।

## गोला के ऐतिहासिक चैती मेले के मंच पर गायन शब्बीर ने मचाया धमाल

**● गोला नगर पालिकाध्यक्ष ने नगर वासियों से सहयोग बनाये रहने का किया निवेदन**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ।** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती 2026 बीसवें दिन सांस्कृतिक मंच पर शब्बीर कुमार एण्ड पार्टी तथा समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा उ0प्र0 एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी आनंद त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि लीगल एडवाइजर बीएचएल अवनि पाण्डेय, महामंत्री मां अन्नपूर्णा रसोई सेवा समिति सत्यप्रकाश अग्रवाल, डायरेक्टर कोआपरेटिव बैंक आरती सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सम्मान एवं समापन समारोह का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया।इसके बाद अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए गरिमामय उपस्थिति के लिये आभार व्यक्त किया ।

मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा उ0प्र0 एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने कहा, भाजपा में विभिन्न दायित्वों पर रहे विजय शुक्ला रिंकू ने पहली बार नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी का परचम बुलंद किया। इन्होंने ऐतिहासिक मेला चैती को भव्यता के साथ सजाया तथा विश्व प्रसिद्ध कलाकारों को सांस्कृतिक मंच पर आमंत्रित भी किया, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 20 दिनों तक गणमान्य लोगों ने आकर सांस्कृतिक मंच गौरवशाली बनाया। सभी के अभूतपूर्व सहयोग से ही मेला चैती की भव्यता, सुंदरता बढी है । इसके लिए मै कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ, मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा उ0प्र0 एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने

नगर में वैष्णो माता का कृतिम दरवार सजाने वाले अवधेश श्रीवास्तव उर्फ दीपू लाला, उत्कर्ष ललित कला एकेडमी के माध्यम से कला क्षेत्र में योगदान के लिए डा0 स्मिता तिवारी, शिक्षा ,काव्य,भजन गायन से धर्म के क्षेत्र में योगदान के लिए बृजेश तिवारी,व्यापार को समाजसेवा के लिए समर्पित केशव अग्रवाल, पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए जिला व्यूरो चीफ अमृत विचार विकास शुक्ला, अमृत विचार,नगर के कैंसर के स्पेशलिस्ट डा0आकाश राजपूत, श्री शिवसेवक दिल्ली शाखा छोटी काशी जिला प्रमुख, श्री श्याम दिवाने सेवा समिति संरक्षक जैसे अनेकों संगठनों में अतुल्यनीय योगदान के लिए अनिल कुमार जलोटा, को गोला गौरव से सम्मानित किया।

इसके साथ मेला चैती सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संयोजक, सभासदों को स्मृति चिन्ह एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया, बालीबुड सिंगर सब्बीर कुमार ने अपना फेमस गीत

जब हम जवां होंगे, जाने कहां होंगे

से शुरुआत की फिर, हैरान हूं मै आपकी जुल्फों को देखकर, सारे शिकवे गिले भुलाके कहो, गोरी हैं कलाइयां पहना दो मुझे हरी-हरी चूड़ियां, दर्दे दिल जीन का मरने का मजा देगा, ओ मां शेरावालिए, प्यार किया नहीं जाता हो जाता है

ओ धारा तेरे बिना, पर्वतों से आज मैं टकरा गया, तुमसे मिलकर न जाने क्यूं, सांस्कृतिक मंच पर डान्सर सपना ने- शाम है धुआं धुआं, जिगर बा शेर के न छे ड़ल छुरी है, मारिया मारिया, कमर के लच लच, पेट के नीचे साड़ी, तेरी जवानी बड़ी मस्त मस्त है

**डांसर मुस्कान ने-** छोरी की बात मीठी छुरी है, दरदिया अटरवा राजा, दो लब्जों में लिखी मैने, राजा जी दिलवा टूट जाये, अंगईया में देहिया टूटा ता, जैसे चुवे मउआ राजा पर डॉस कर देर रात तक दर्शकों की तालियां बटोरीं। अपनी टीम के साथ शब्बीर कुमार ने प्रस्तुति देकर महफिल को रोशन किया जो के गोला वासियों दिलों बहुत समय तक अविस्मरणीय रहेगा।

### स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली आयोजित, नामांकन बढ़ाने पर जोर

**ज्ञानपुर, भदोही।** आज दिनांक 17 अप्रैल 2026 को ग्राम सभा पुरेमटूका स्थित कंपोजिट विद्यालय हरिहरपुर सानी में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य बच्चों का नामांकन बढ़ाना, उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना तथा शिक्षा के प्रति अभिभावकों में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उन्हें शिक्षा से जोड़ें। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान, भदोही के सहयोग से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में समुदाय के वनवासी बच्चे, उनके अभिभावक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।

## हाईवे हादसाः ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर, दो युवक गंभीर



**तिलहर- शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। छाया ढाबा के पास अचानक डिवाइडर पार कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हिसमाह निवासी अभिषेक और परशुरामपुरी (जलालाबाद) निवासी बृजेश, जो नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, शाम करीब 4:30 बजे बाइक से अपने कमरे की ओर जा रहे थे। तभी सामने आई ट्रॉली से टकराकर दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही नगरिया चौकी प्रभारी जगेंद्र प्रताप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत सीएचसी भेजा। डॉक्टरों ने अभिषेक की हालत गंभीर देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जबकि बृजेश का इलाज जारी है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राजश्री कालेज में युवा संवाद- संगम"में छात्र-छात्राओं ने बाबा साहब के सिद्धान्तों पर चलने का लिया प्रण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास?से मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बाबा साहब के विचारों को ''युवा संवाद-संगम'' कार्यक्रम में व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सत्यपाल, एवं जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, संस्थान के ट्रस्टी पीयूष गुप्ता एवं रजिस्ट्रार दुष्यंत महेश्वरी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन करके किया। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि बाबा साहब ने दलित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके सामाजिक समानता और न्याय के सिद्धांत पर चलकर हम अपने देश को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा सकते हैं।

संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया की बाबा साहब की भारतीय संविधान के निर्माण में भूमिका, महिलाओं, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए उनका जीवन संघर्ष, उनकी असाधारण एकेडमिक विशेषज्ञता का भारतवर्ष सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में राजश्री लॉ कॉलेज से कुलदीप आर्य, शिव प्रताप सिंह, महक फातिमा, अंकिता सिंह, नर्सिंग संस्थान से समीर खान, सृष्टि यादव, हिमांशु, बीटेक से मुस्कान, राजश्री महाविद्यालय से ज्योति, फार्मेसी से जेहरा बी, आई0 टी0आई0 से साहिल एवं डी0एल0एड0 से सिम्मी सिंह, सोमेंद्र सिंह, अनीता देवी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से बाबा साहब के विचारों से दर्शकों को अवगत कराया। जिसमें प्रत्युत्तर में असद, शाहरुख, हिमांशु गौतम, साहिल, सृष्टि यादव ने वाद-विवाद को रोमांचक बना दिया।

## तिलहर में पुलिस मुठभेड़ः तीन अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तिलहर-शाहजहांपुर।** बीती रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि बीती रात गश्त तथा संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि निगोही की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में तिलहर की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बख्तियारपुर गौटिया मोड़ के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा करने पर उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को घेरकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त पीलीभीत के थाना बिलसंडा अंतर्गत मोहल्ला शाहगंज निवासी वाहिद खां, शाहजहांपुर के चौक कोतवाली अंतर्गत ग्राम ककरा खुर्द निवासी मुन्ना कुरैशी तथा थाना खुदागंज अंतर्गत ग्राम भाऊपुर निवासी फत्ते है। सीओ ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान वाहिद खां तथा फत्ते घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए आरोपियों पर अलग-अलग थानों में तमाम मुकदमे दर्ज है उनके कब्जे से पुलिस ने देसी तमंचे कारतूस तथा प्लैटिना मोटरसाइकिल बरामद की है।

## नकली नोटो का अवैध धंधा का गिरोह हुआ सक्रिय

**● पुलिस की टीम ने संदिग्ध लोगों की शुरू की तलाश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही-खीरी!** थाना क्षेत्र में नकली नोट चलाने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। जागरूक नागरिक की तहरीर और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र में कुछ लोग जाली नोटों के साथ-साथ नशे का कारोबार भी चला रहे हैं। हाल ही में नशे और जाली नोट के कारोबार से जुड़े कुछ लोगों की अन्य जनपदों में गिरफ्तारी भी हुई थी, बावजूद इसके क्षेत्र में ऐसे अवैध धंधों का सिलसिला जारी है।

जाली नोट के मामले में ग्राम सिंघौना निवासी सबीना पत्नी कुतुबुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह चौराहे पर स्थित अपने खोखे में किराना सामान बेचती हैं, जबकि उनके पति मुर्गे का मांस बेचते हैं। आरोप है कि गांव निवासी चुन्ना कहार का बड़ा बेटा चार-पांच दिन पूर्व उनकी दुकान पर आया और 500-500 रुपये के दो नोट देकर तेल व मीट खरीदकर चला गया। बाद में जब उनके पति उक्त नोट लेकर पेट्रोल पंप पहुंचे तो कर्मचारियों ने उसे नकली बताकर लेने से इंकार कर दिया। तब पति पत्नी सन्न रह गए और कानूनी कार्यवाही करने लगे। कानूनी कार्यवाही में पीड़िता ने 500 के दोनों जाली नोट पुलिस के सुपुर्द कर दिया।शुक्रवार को मामला सामने आने और वीडियो वायरल होने के बाद प्रभारी आशुतोष सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन आरोपी व उसका परिवार घर पर नहीं मिला।सिंगाही कार्यवाहक थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। संबंधित लोगों से पूछताछ जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।साथ ही ग्रामीणों और दुकानदारों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## मोतीपुर बवाल मामले में पीड़ितों के साथ खड़े हुए पूर्व सांसद जुगुल किशोर




**बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)** अंबेडकर जयंती पर मूर्ति स्थापना विवाद के बाद मोतीपुर गांव में मचे हड़कंप के बीच आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर जी ने गांव का दौरा किया। गांव वालों की शिकायत पर पूर्व सांसद ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी निर्दोष को परेशान न किया जाए। महिलाओं ने रो-रोकर अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद सांसद ने उन्हें सुरक्षा का पूरा भरोसा दिया।उन्होंने ग्रामीणों से कहा- 'डरें नहीं, अपने घरों में रहें और शांति बनाए रखें, भाजपा आपके साथ खड़ी है। 'मौके पर सीओ अरुण कुमार सिंह और थाना प्रभारी रविंद्र सोनकर सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## नारी शक्ति बंधन अधिनियम को लेकर भाजपा ने निकाला पैदल मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी,** 17 अप्रैल, 2026। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा ने स्थानीय कंपनी बाग से पैदल मार्च निकाला। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीनगर विधायक श्रीमती मंजू त्यागी उपस्थित रहीं।

रैली को रवाना करने से पूर्व मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू त्यागी ने कहा कि भाजपा की सरकार 'सबका साथ-सबका विकास' की सोच पर चलती है। महिलाओं का हित भी भाजपा में ही सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की स्थिति को और मजबूत करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम की पुरजोर पैरवी की है। इसके लिए अब संसद में भी महिलाओं की आवाज बुलंद करने के लिए महिला प्रतिनिधियों की निर्धारित संख्या मौजूद रहेगी। यह महिलाओं के लिए बहुत ही खुशी की बात होगी। इसके बाद मुख्य अतिथि ने पैदल मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तख्तियां पकड़े महिलाएं शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरीं। महिलाओं ने बिल के स्वागत के लिए तरह-तरह के नारे बुलंद किए। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक संजय मिश्र, पारूल गुप्ता, अनुश्री जायसवाल व संध्या बाजपेयी सहित जिला मंत्री शरद मिश्र, महामंत्री मनोज वर्मा व राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष किरन अग्रवाल, संतोष कुमारी, रामजी मौर्य, आशू मिश्र, संजय मिश्र, विनोद लोधी और जितेंद्र साहनी, जिला मंत्री अनुराग मिश्र, राजेश सिंह, मनोज वर्मा और राकेश अर्कवंशी, जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र, जिला मीडिया सह प्रभारी अंकित अवस्थी, राजू अग्रवाल, सुमित मोदी मुदित अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री अभिजात मिश्रा, जिला सोशल मीडिया संयोजक निष्कर्ष मिश्र व जिला आईटी संयोजक शौर्य सक्सेना सहित तमाम जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम का अभिमुखीकरण कार्यक्रम में अधिनियम के उद्देश्यों को बताया गया




**लखीमपुर -खीरी,** शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 ! महिला कल्याण विभाग के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यालय पर हब फार वूमेन इम्पावरमेंट टीम की जिला मिशन समन्वयक आर्य मित्रा विष्ट की अध्यक्षता में किया गया है ! ज्ञात हो नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अभिमुखीकरण कार्यक्रम शासन के दिशा-निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव के आदेश के क्रम में महिला कल्याण विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेंटर , चाइल्ड हेल्पलाइन, हब फॉर वूमेन इम्पावरमेंट व राजकीय विशेष दत्तक गृहण एजेंसी की टीम द्वारा किया गया है इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 (चरण -2) , व नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुख्य उद्देश्य महिलाओं की राजनीति क्षेत्र में भागीदारी का बढ़ावा देना , निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका को सुदृढ़ करने एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने पर चर्चा की गयी है ! इसी क्रम में एक कार्यक्रम वन स्टाप सेंटर लखीमपुर में भी आयोजित किया गया है ! उक्त कार्यक्रम में हब फार वूमेन,राजकीय विशेष दत्तक गृहण एजेंसी, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन की टीमें उपस्थित रहीं !

## संक्षिप्त खबरें

### माफिया अशरफ से कुर्क जमीन पर प्लाटिंग करने पर प्रयागराज में पांच पर मुकदमा

**प्रयागराज।** देवघाट इलाके में माफिया अशरफ की कुर्क जमीन पर भूमाफिया द्वारा प्लाटिंग कर बेचने के मामले में पांच के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर एफआइआर लिखी गई है। पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है।

**देवघाट क्षेत्र में है अशरफ की जमीन कुर्क जमीन**

देवघाट क्षेत्र में विधि विश्वविद्यालय की चहारदीवारी से सटी माफिया अतीक अहमद के भाई माफिया मो. अशरफ की लगभग सात बिस्वा जमीन को जिला प्रशासन ने कुर्क किया था। यह कार्रवाई माफिया अशरफ के खिलाफ दर्ज विभिन्न मुकदमों के तहत की गई थी। इधर कुछ समय पहले जिला प्रशासन के अधिकारियों को पता चला कि मौजूदा समय में लगभग तीन करोड़ की इस भूमि को प्लाटिंग कर बेचा गया है।

**कुछ प्लाटों पर अवैध निर्माण भी**

मामले को प्रशासनिक अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। कुर्क जमीन को किसने प्लाटिंग कर बेचा, इसकी जांच के लिए टीम बनाई गई। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा कि माफिया अशरफ की कुर्क जमीन को प्लाटिंग कर बेच दिया गया है। यही नहीं कुछ प्लाटों पर अवैध निर्माण भी करा दिया गया है। इसके बाद राजस्व टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर जमीन अपने कब्जे में ले लिया था।

### बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धमकी, गुजरात पुलिस का एक्शन, अहमदाबाद से आरोपी गिरफ्तार


बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को कथित रूप से जान से मारने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान शेखर यादव (32) के रूप में हुई है, जो बिहार के बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र का निवासी है। मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने यहां संवाददाताओं को बताया, 'मुंगेर के संग्रामपुर थाने को 15 अप्रैल को एक सूचना और एक ऑडियो क्लिप मिली थी, जिसमें दो व्यक्तियों की बातचीत के दौरान एक व्यक्ति मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देता सुनाई दे रहा था। 'उन्होंने बताया, 'ऑडियो क्लिप की जांच के बाद एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई और उसे गुजरात भेजा गया। अहमदाबाद पुलिस के समन्वय से आरोपी को हिरासत में लिया गया।' पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 15 अप्रैल को संग्रामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया, 'पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे एक नंबर से बार-बार फोन आ रहे थे, जिससे परेशान होकर उसने गुस्से में ऐसी बातें कही थीं। ' मसूद ने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मामले के पीछे कोई अन्य उद्देश्य था या नहीं। उन्होंने बताया कि आरोपी के परिजनों ने पुलिस को सूचित किया है कि वह गुजरात में ट्रक चलाता है और पिछले 18 महीनों से घर नहीं लौटा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बेलहर थाना में आपसी विवाद से जुड़ा एक पुराना मामला भी दर्ज है। उन्होंने बताया, 'मामले की जांच जारी है।

### होमगार्ड विभाग में हवलदार प्रशिक्षक के 209 पदों पर होगी भर्ती, 19 जून से आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड विभाग में हवलदार प्रशिक्षक के 209 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 19 जून से शुरू होगी। हवलदार प्रशिक्षक की यह भर्ती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) आयोजित कराएगा। मुख्य परीक्षा के यूपीएसएसएससी के माध्यम से होगी, जिसमें शामिल होने के लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2025 (पीईटी) के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार, आवेदन और परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि नौ जुलाई तय की गई है। वहीं, शुल्क समायोजन और आवेदन में संशोधन की अंतिम तारीख 16 जुलाई होगी। मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की शार्टलिस्टिंग पीईटी के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार की जाएगी। केवल पीईटी से चयनित अभ्यर्थियों को ही मुख्य परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा। लिखित परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे और इसके लिए दो घंटे का समय दिया जाएगा। प्रश्न पत्र में भारतीय इतिहास, भूगोल, कंप्यूटर और उत्तर प्रदेश से जुड़ी सामान्य जानकारी से सवाल शामिल होंगे। इसके अलावा अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा भी उत्तीर्ण करनी होगी। पुरुष अभ्यर्थियों को 25 मिनट में 4.8 किलोमीटर दौड़ पूरी करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 14 मिनट में 2.4 किलोमीटर दौड़ना होगा। भर्ती से जुड़ी विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

## बंगाल: 21/27 अप्रैल से पहले ट्रिब्यूनल से अपील मंजूर हो जाने पर बाहर किए गए लोगों को वोट देने की इजाज़त- सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए बड़ा आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि नाम हटाने के खिलाफ जिन लोगों की अपील ट्रिब्यूनल फैसला दे देगा, वे लोग बंगाल चुनाव में अपने वोट का इस्तेमाल कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 34 लाख से ज्यादा लंबित अपीलों को देखते हुए स्पष्ट समयसीमा तय की है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वोट देने से वंचित न रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चुनाव आयोग (ECI) को निर्देश दिया कि वह एक सप्लीमेंट्री संशोधित वोटर लिस्ट जारी करे, जिसमें उन वोटरों को शामिल किया जाए जिनकी अपीलें, उनके नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने के खिलाफ, तय कट-ऑफ तारीखों से पहले अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा मंजूर कर ली जाती हैं, ताकि वे पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव के आने वाले चरणों में अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

कोर्ट ने निर्देश दिया कि जिन अपीलकर्ताओं की अपीलें, वोटर लिस्ट से बाहर किए जाने के खिलाफ 21 अप्रैल (पहले चरण के लिए) या 27 अप्रैल (दूसरे चरण के लिए) से पहले अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा मंजूर कर ली जाती हैं, उन्हें सप्लीमेंट्री लिस्ट में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि वे संबंधित मतदान की तारीखों - 23 अप्रैल (पहले चरण के लिए) और 29 अप्रैल (दूसरे चरण के लिए) को अपना वोट डाल सकें।

कोर्ट ने कहा कि अगर अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा कोई अपील मंजूर कर ली जाती है और किसी को शामिल करने या बाहर करने का कोई पक्का निर्देश जारी किया जाता है तो ऐसे निर्देशों को पश्चिम बंगाल राज्य में 23 अप्रैल या 29 अप्रैल को मतदान शुरू होने से पहले ठीक से लागू किया जाएगा।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा: 'इसलिए हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ECI को निर्देश देते हैं कि, जहां भी अपीलीय ट्रिब्यूनल 21.04.2026 या 27.04.2026 तक (जैसा भी मामला हो) अपीलों पर फैसला लेने में सक्षम होते हैं। ऐसे अपीलीय आदेशों को एक सप्लीमेंट्री संशोधित वोटर लिस्ट जारी करके लागू किया जाएगा। वोट देने के अधिकार से संबंधित सभी ज़रूरी नतीजे सामने आएंगे। 'पीठ ने आगे साफ किया कि वोटर लिस्ट से बाहर किए जाने के खिलाफ सिर्फ अपील दायर करने से ही किसी व्यक्ति को वोट देने का अधिकार नहीं मिल जाएगा। 'हालांकि, यह कहने की ज़रूरत नहीं है कि बाहर किए गए लोगों द्वारा अपीलीय ट्रिब्यूनल के सामने दायर की गई अपीलों के सिर्फ लंबित होने से ही उन्हें अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं मिल जाएगा।'

यह आदेश पश्चिम बंगाल एसआईआर मामलों में पारित किया गया, जिसकी सुनवाई सोमवार (13 अप्रैल) को हुई। हालांकि, यह आदेश आज दोपहर अपलोड किया गया। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से गुज़ारिश की थी कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन लोगों की अपीलें मंजूर हो जाती हैं, उन्हें वोट देने की इजाज़त दी जाए। चुनाव आयोग ने पहले 9 अप्रैल को पहले चरण के चुनावों के लिए वोटर लिस्ट (मतदाता सूची) को फ्रीज़ कर दिया।

### मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के सरगम स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्रों का शत- प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय प्रबंधक एस.के. मिश्रा जी ने बताया कि जितने छात्रों ने दसवीं की परीक्षा दी थी सभी छात्र शानदार अंक लेकर पास हुए हैं । एस.के.मिश्रा के अनुसार मिलनियम वर्ल्ड स्कूल में बच्चों को आधुनिक तकनीकी से पढ़ाया जाता है ताकि बच्चे अपना भविष्य चुन सकें। विद्यालय की छात्रा जोया अहमद ने 93.6 प्रतिशत, शिवम मिश्रा ने 93 प्रतिशत, स्तुति तिवारी ने 92.5 प्रतिशत और पार्थ मिश्रा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी छात्रों को और उनके परिवार को बधाई संदेश के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के टॉपर छात्रों को एक्स वाइस चाँसलर ऑफ कानपुर यूनिवर्सिटी, एक्स चेयरमैन ऑफ़ यू पी पी सी एस डॉ के बी पांडे जी ने प्रोत्साहन देते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

## राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग: हरियाणा कांग्रेस के पांच विधायक निलंबित



### ● अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक अनुशासन तोड़ने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच विधायकों को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि नारायणगढ़, सढौरा, रतिया, पुनहाना और हथीन से विधायक शैली चौधरी, रेणु बाला, जरनैल सिंह, मोहम्मद इलियास और मोहम्मद इसराइल के खिलाफ यह कदम उठाया गया है।

बताया गया है कि इन विधायकों ने हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया, जिसे गंभीर अनुशासनहीनता माना गया।

यह कार्रवाई प्रदेश अनुशासन समिति की सिफारिश पर की गई और इसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मंजूरी भी प्राप्त है। राव नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर इसकी अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए एक सख्त संदेश है कि पार्टी के सामूहिक निर्णयों के खिलाफ जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय है।

### व्यापारी नेता राजीव वर्मा 'गुड्डू' बने सोनार नरहरी सेना के जिलाध्यक्ष

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के निवासी एवं व्यापारी नेता राजीव वर्मा 'गुड्डू' गुडविल को सोनार नरहरी सेना (रजि.) का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस मनोनयन के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर स्थानीय लोगों एवं समर्थकों ने उन्हें माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई।बधाई देने वालों में पार्षद राकेश जायसवाल,भाजपा के वरिष्ठ नेता हरी कृष्ण तिवारी 'बबलू', भाजपा नेता लक्ष्मी कांत तिवारी, घनश्याम जायसवाल, राजेश शर्मा, धर्मराज पटेल,सोनू मिश्रा, धनी राम मिश्रा, आकाश वर्मा,दिपक मिश्रा, दिनेश केसरवानी, हासीम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा 'गुड्डू' ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### ज्ञान, आदर्श और शिक्षा के प्रेरणास्रोत डॉ. राधाकृष्णन को सैनिक ग्रुप ऑफ कॉलेज में भावभीनी श्रद्धांजली



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** ज्ञान, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के अमर प्रवक्ता, भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि के अवसर पर हनुमानगंज क्षेत्र स्थित सैनिक ग्रुप ऑफ कॉलेज में श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर शिक्षाविदों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का वातावरण ज्ञान के प्रति समर्पण, गुरु-परंपरा के सम्मान और शिक्षा के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प से आलोकित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थापक सन्तोष आर्मी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन केवल एक महान शिक्षक का नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा दर्शन की आत्मा का प्रतीक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए ज्ञानार्जन को जीवन का सर्वोच्च साध्य मानने तथा समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर चेयरमैन ममता रानी, निदेशक (फार्मेसी) वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य आईटीआई अदलती राम, मेजर यादव, अक्षय सिंह एवं रंजना सहित समस्त गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## सीबीएसई कक्षा 10 परिणाम में सेंट्रल एकेडमी सराय इनायत का शानदार प्रदर्शन- निश्चय पांडेय बने टॉपर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा सत्र 2025-26 के कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के साथ ही सेंट्रल एकेडमी, सराय इनायत, प्रयागराज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 101 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से अधिकांश ने शानदार अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के होनहार छात्र निश्चय पांडेय ने 97.8% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वैष्णवी शर्मा ने 96% अंक के साथ द्वितीय स्थान और शिवी श्रीवास्तव ने 95.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अंशिका विश्वकर्मा (93.8%), प्रांजल चौरसिया (93.8%), जान्हवी वर्मा (92%), निकुंज सिंह (92%), नितीश कुमार मिश्रा (90.60%), आर.एन. ग्लोरी (90.40%), शिवांगी यादव (90.40%) एवं मयंक गुप्ता (90.48%) शामिल रहे।









विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। 80% से 90% के बीच 19 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जबकि 70% से 80% के बीच 32 छात्र-छात्राएं रहे। 60% से 70% के बीच 21 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए, वहीं 60% से कम अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थी भी सफल घोषित किए गए। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक एस.के. तिवारी एवं प्रधानाचार्य ऋचा त्रिपाठी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## उत्तर प्रदेश में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

### ● योगी सरकार ने नोएडा में शुरू हुई बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गौतमबुद्ध नगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त करने, धनराशि की वसूली करने और संबंधित एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी के अनुसार, जिन संविदाकारों के श्रमिकों द्वारा हालिया आंदोलन में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई, उनमें कई संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। साथ ही जिन संविदाकारों ने श्रम कानूनों का पालन नहीं करते हुए श्रमिकों को उनके देय हित लाभों से वंचित रखा, उनके विरुद्ध 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है, जिसे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष संविदाकारों की भी पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि श्रमिकों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर श्रमायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि श्रमिकों की वेतन वृद्धि को लेकर उत्पन्न असंतोष के बाद शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 74 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी, जिसका भुगतान मई माह की 7 से 10 तारीख के बीच किया जाएगा। नई दरें संविदा और स्थायी दोनों प्रकार के श्रमिकों पर समान रूप से लागू होंगी। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ और ईएसआई के अतिरिक्त कोई अन्य कटौती अनुमन्य नहीं होगी। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रम विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि श्रमिकों को ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से, साथ ही बोनस और ग्रेच्युटी जैसे सभी वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे। वेतन भुगतान में देरी या कम भुगतान की स्थिति में संविदाकारों के साथ-साथ उनके प्रधान सेवायोजकों की भी जवाबदेही तय की जाएगी।



**न्यूनतम वेतन वृद्धि का अनुपालन करने की अपील**

प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस एवं श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन वृद्धि का अनुपालन जनपद की औद्योगिक इकाइयों द्वारा किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। जनपद के विभिन्न उद्यमी संगठन शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। संगठनों द्वारा औद्योगिकी इकाइयों से व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से संदेश, ऑडियो एवं वीडियो प्रसारित कर शासन की गाइडलाइंस तथा न्यूनतम वेतन वृद्धि के अनुपालन को सुनिश्चित करने की अपील की जा रही है। उद्यमी संगठनों द्वारा किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है, जो जनपद में औद्योगिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है।

### बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पो6षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 17 अप्रैल 2026 को बच्चों के लिए व्यापक शारीरिक परीक्षण (हेल्थ चेक-अप) एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के साथ-साथ उन्हें स्वच्छता एवं संतुलित पोषण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर अनुराग एवं डॉक्टर कल्पना मिश्रा द्वारा बच्चों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें उनकी सामान्य शारीरिक स्थिति, वजन, ऊँचाई एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई। वहीं, डायटिशियन अपर्णा सक्सेना ने बच्चों को संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार सही खान-पान उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेषज्ञों ने बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने, नियमित रूप से हाथ धोने, साफ-सुथरे वातावरण में रहने तथा जंक फूड से बचने की सलाह दी। साथ ही, उन्हें फल, हरी सब्जियों एवं पौष्टिक आहार को अपने दैनिक भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस पहल से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। विद्यालय प्रशासन एवं महिला कल्याण समिति द्वारा इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई, ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित किया जा सके।

### राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ीं, दोहरी नागरिकता केस में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दिया FIR का आदेश



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास दोहरी नागरिकता होने के आरोपों की जांच आवश्यक है। न्यायालय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देते हुए यह भी कहा कि उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह या तो स्वयं जांच करे या मामले को जांच के लिए किसी केंद्रीय एजेंसी को सौंप दे। यह टिप्पणी भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें उन्होंने लखनऊ की विशेष सांसद/विधायक अदालत द्वारा 28 जनवरी को पारित आदेश को चुनौती दी थी। निचली अदालत ने कांग्रेस नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

## प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड पर पुनर्विकास कार्य प्रारंभ

### ● ड्रॉप एंड गो सहित अन्य नई व्यवस्थाएं लागू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर चल रहे व्यापक पुनर्विकास कार्यो के अंतर्गत सिटी साइड पर निर्माण कार्य दिनांक 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है। निर्माण कार्य प्रारंभ होने के उपरांत 15 अप्रैल 2026 से अग्रिम आदेश तक स्टेशन के सिटी साइड पर विभिन्न प्रतिबन्ध एवं नई व्यवस्थाएं लागू की गई है। निर्माण कार्य के दौरान की जा रही बैरीकेटिंग की प्रगति के अनुसार सिटी साइड पर निम्नलिखित अस्थायी व्यवस्थाएं अग्रिम आदेश तक लागू रहेंगी–

**गेटवार व्यवस्था:**

**गेट संख्या 1–** केवल पैदल यात्रियों के प्रवेश हेतु, **गेट संख्या 2–** 4 पहिया वाहनों की पार्किंग हेतु, **गेट संख्या 3–** पैदल यात्रियों के प्रवेश हेतु, **गेट संख्या 4 –** केवल पैदल यात्रियों के लिए, **गेट संख्या 5 एवं 6–** ड्रॉप एंड गो हेतु, **प्रवेश:** गेट संख्या 6, **निकासी:** गेट संख्या 5

**आश्रय अनुसार व्यवस्था:**

आश्रय संख्या 2 - 4 पहिया वाहन पार्किंग

आश्रय संख्या 3 - 2 पहिया वाहन पार्किंग एवं अनारक्षित टिकट वितरण

आश्रय संख्या 4 - आरक्षित टिकट वितरण

उपरोक्त व्यवस्थाएं कार्य की प्रगति के अनुरूप समय-समय पर परिवर्तित की जा सकती हैं।

रेल प्रशासन यात्रियों एवं आमजन से अनुरोध करता है कि सिटी साइड पर वर्तमान में पार्किंग की सीमित व्यवस्था उपलब्ध है, अतः भीड़ भाड़ एवं जाम की स्थिति से बचने एवं बेहतर पार्किंग की सुविधा के लिए सिविल लाइंस साइड पर उपलब्ध पार्किंग व्यवस्था का उपयोग करें। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के प्रयास निरंतर जारी हैं तथा यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

## नोएडा कांड के आतंकी कनेक्शन की होगी जांच, शहर पहुंची ATS की 2 टीमें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**लखनऊ।** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने नोएडा में श्रमिकों के धरने को उग्र रूप देने में आतंकी कनेक्शन सामने आने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। एटीएस की दो टीमें नोएडा भेजी गई हैं। अभी तक की जांच में यह बात सामने आई है कि दो सप्ताह पहले गिरफ्तार किए गए आतंकियों के हैंडलर्स के साथ मीर इलियास और आरुषी तिवारी के बीच इंटरनेट काल के जरिए कई बार बात हुई है। दोनों आरोपितों ने एक्स से कई ट्वीट कर हिंसा भड़काने का काम किया था। नोएडा में पिछले दिनों श्रमिकों के धरने ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया था। इसके चलते कई फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। श्रमिकों की आड़ में उपद्रवियों द्वारा फैलाई गई अराजकता की जांच के बाद पुलिस ने 300 से ज्यादा लोगों और 45 से ज्यादा गैर श्रमिकों को चिह्नित किया है, जो मौके पर श्रमिकों की आड़ में अराजकता फैला रहे थे। हिंसा की वीडियो देखने के बाद एटीएस की टीम इस नतीजे पर पहुंची है कि लखनऊ से गिरफ्तार आतंकियों के फोन से मिले आगजनी के वीडियो के पैटर्न पर ही नोएडा में आगजनी की गई थी। एटीएस ने दो सप्ताह पहले लखनऊ से चार आतंकियों साकिब उर्फ डेविल, अरबाब, लोकेश उर्फ पपला पंडित व विकास गहलावत को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बरामद सात मोबाइल फोन से आगजनी के कई वीडियो मिले हैं। साथ ही लखनऊ, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बेंगलुरू सहित कई शहरों के सार्वजनिक स्थलों के फोटो मिले हैं। नतीजतन एटीएस ने सभी जिलों की पुलिस को आगजनी से दहशत फैलाने के आतंक के इस माड्यूल को लेकर अलर्ट भी किया था। चारों आतंकी साकिब के लिए काम करते थे। साकिब ने इंस्टाग्राम व इंटरनेट मीडिया के अन्य प्लेटफार्मों पर राधा-कृष्णा, मुस्लिम आर्मी व किंग डेविल के नाम से खाते बनाए थे। इनके जरिए वह आतंक की नर्सरी तैयार कर रहा था।




एटीएस के सूत्रों के अनुसार प्रतिबंधित आतंकी संगठन आइसिस पाकिस्तानी हैंडलरों के जरिए भारत में विभिन्न स्थानों पर आग से दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है। दूसरी तरफ एटीएस ने श्रमिकों को भड़काने के आरोप में झारखंड निवासी आदित्य आनंद की भी तलाश शुरू कर दी है। आदित्य अपने साथी रुपेश राय व मनीषा चौहान के साथ धरने में शामिल था। रूपेश व मनीषा को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन आदित्य फरार है।

# संक्षिप्त खबरें

## बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में नामांकन प्रतिशत बढ़ाने हेतु डोर-टू-डोर अभियान शुरू



**बरही, हजारीबाग झारखंडः-** बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत अंतर्गत स्थित बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में नामांकन प्रतिशत बढ़ाने एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे गांव का भ्रमण कर अभिभावकों से संपर्क किया। अभियान के दौरान शिक्षकों ने बच्चों के परिजनों को सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया तथा सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही शिक्षा के महत्व को बताते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की गई। विद्यालय परिवार ने बताया कि इस प्रकार के जनजागरूकता अभियान से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक बच्चे विद्यालय से जुड़ सकेंगे। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिंदिया देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पंचायत सहायक सिकंदर कुमार, मनोज घोष, सरफराज खान, दामोदर गुप्ता, लक्ष्मण ठाकुर सहित सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड के बन्नोग्राम, सोल्ला, रामघाटी, चौकीसाल आदि जगहों मे महेशपुर विधायक *प्रो. स्टीफन मरांडी ने गुरुवार को को क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जनता से संवाद किया, हाल-चाल जाना एवं उनकी समस्या सुनी, क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं जैसे बिजली, पेयजल,सड़क आदि से क्षेत्र के लोगों ने विधायक को अवगत कराया। जिस पर विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने तुरंत सम्बंधित अधिकारी से फोन पर वार्ता कर समस्याओं को निदान करने की बात कही। दूसरी और ग्रामीणों ने कहा कि विधायक ने जो कार्य विगत कितने वर्षो से नहीं हो पा रहा था. वह कार्य अपने कार्यकाल मे कर के दिखाया हमें अपने विधायक पर गर्व है.योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाना है जिस पर विधायक ने कहा कि आपके सहयोग से ही हम विधायक बने हैं. हमारा कर्तव्य है कि हेमंत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को धरातल पर लाकर लाभुक तक पहुंचाना. हमारी प्रथम प्राथमिकता रही है कि हमारे विधानसभा वासियों को कोई तकलीफ नहीं हो. साथ ही साथ सरकार के द्वारा चल रहे कार्य शिक्षा,सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत योजनाओं का लाभ यहाँ के आमजन को मिले। मौके पर पूर्व उप प्रमुख अजीत मण्डल, बिश्वाजीत दास, मुसारफ हुसैन, अख्तर आलम, भगत , सुरज रविदास,प्रश्नजीत दास, सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 09 मई 2026 को जनपद न्यायाधीश शमसुल हक के निर्देशन में जनपद न्यायालय

**बस्ती।** बस्ती जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 09 मई 2026 को जनपद न्यायाधीश शमसुल हक के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्टेऊट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज बाबू ने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जायेंगा। उन्होने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, आर्बिटेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेन्ट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में नीयत कर निस्तारित किया जायेंगा।

# पितृ भक्त भगवान परशुराम ने जब माता रेणुका का किया सिर धड़ से अलग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया - पाकुड़, झारखंडः-** अपनी पर्ण कुटिर की ओर आते देख उत्सुकता वश बड़े ही निश्चल भाव पूर्ण अभिलाषा लिए आगे बढ़ते हुए आगंतुक राजा शस्त्रार्जुन का अभिनन्दन करते हुए बोले ऋषि जग्दमणि मेरी कुटिया में आपका स्वागत है राजन। यह सुन दर्प और उपेक्षा पूर्ण भाव लिए राजा शस्त्रार्जुन ने कहा ऋषि तुम हमारा सत्कार कैसे करोगे मेरे साथ तो हजारों सैनिक अश्व आदि चल रहे हैं क्या तुम हमारा स्वागत करने में सक्षम हो? आइये माहा राज आपका मेरी कुटिया में अभिनन्दन है राजन। ऋषि जमदग्नि ने बड़े ही आदर भाव से सबों को आसन ग्रहण कर भोजन के लिए मन ही मन अपनी इच्छाओं को प्रकट करने को कहा। वहीं ऋषि जमदग्नि ने गौ माता नंदिनी से कर बद्ध प्रार्थना करते हुए कहा माता आप सबों को उनकी इच्छाओं के अरूप स्वादिष्ट भोजन परोसें माता। इतने में सभी अतिथियों के सामने उनकी ही इच्छा के अनुरुप भोजन नंदिनी ने परोस कर संतुष्ट कर दिये। शास्त्रों का कथन है कुटिल जन कभी भी अपनी कुटिलता और कृतध्नता नहीं छोड़ सकता। राजा यह दिख बड़े चकित तो हुए नरेश लेकिन वे इस अकल्पनीय सत्कार के प्रति आभार प्रकट न करते हुए उन्होंने ऋषि से गौ माता उन्हें देने को कहा। ऋषि ने इस पर अनिच्छा प्रकट की तो राजा बल पूर्वक लेने की जिद पर अड़ गये तो ऋषि भी कदापि न देने को तैयार हुए। इसी बीच भीषण संघर्ष हुए और राजा सभी को लहुलुहान कर गाय जबरन ले कर चला गया। इस समय कुटिया में परशुराम जी नहीं थे और वे महेंद्र गिरि पर्वत पर कठोर तप में लीन थे। इस भीषण संकट में पड़े ऋषि जमदग्नि ने बड़े ही कातर व व्यथित स्वर में तेज ध्वनि से परशुराम को पुकारा। तपस्वी परशुराम जी पिता की आहत भरी पुकार सुन कर बड़े ही बिचललित हो तीव्रगति से पहुंच माता-पिता को नमन कर राजा शस्त्रार्जुन की अन्याय की बातें सुन उन्होंने पिता से अत्यंत आवेश आक्रोश भरे शब्दों में कहा पिता आपने इसका कड़ाई से प्रतिकार क्यों नहीं किया पिता श्री आप तो पूर्ण सक्षम हैं? इस पर जग्दमणि ऋषि व्यथित होकर कहने लगे नहीं पुत्र मैंने उन पर वार नहीं किया केवल रक्षा के निमित ही अस्त्र-शस्त्र उठाया। इसका कड़ा प्रतिकार करते हुए परशुराम जी ने कहा नहीं पिता श्री नहीं शत्रु पर वार करना ही रण नीति है अन्यथा वह प्रतिपक्षी का प्राण लेने में कतई संकोच नहीं करेगा और परशुराम जी चल पड़े नंदिनी को लाने और राजा के सभी पुत्रों को परास्त कर गाय नंदिनी को वापस लाये। उपचार के पश्चात ऋषि परिवार स्वास्थ्य हुए इसी बीच एक समय कांतीवीर इसी मार्ग से जाने के क्रम में ऋषि पत्नी रेणुका से कहा हम लोगों के मध्य विवाद होना ठीक नहीं आप कृपया आज राजभवन पधारें और हम लोग समस्या का निदान करने पर वार्ता कर लें। रेणुका ऋषि से परामर्श कर अश्व पर सवार



होकर चल पड़ी राज भवन। राजा कांतिवीर रेणुका का हार्दिक अभिनन्दन किया। तदुपरांत राजा मदिरापान कर वार्ता के बहाने अमर्यादित व्यवहार पर उतर आया तो रेणुका ने इसका कड़ा प्रतिकार किया इसी समय माहारानी ने राजन को भला-बुरा कहते हुए लताड़ा और कहा यह आपके ऐसे महावीर को शोभा नहीं देता। वहीं रेणुका को सम्मान पूर्वक विदा कर दिया गया। इधर लम्बे समय से रेणुका की वापस आने की प्रतिक्षा में ऋषि जमदग्नि की वेचैनी के साथ रेणुका को लेकर आशंकाऐं भी बढ़ने से ऋषि अत्यन्त ही उद्विग्न व क्रोधित दिखे। इसी समय रेणुका अश्व पर सवार होकर कुटिया में प्रवेश करने के पूर्व कुछ कहना चाही कि ऋषि के तम-तमाई मुख मंडल देख सहम सी गई और कुछ कहने के पहले ही ऋषि ने आक्रोशित होकर एक-एक कर सभी पुत्रों को बुला कर यह आदेश दिया कि अपनी माता का सिर धड़ से अलग कर दो लेकिन किसी ने इस निर्दयता पूर्ण आदेश को नहीं माना। इतने में ऋषि ने अपने बड़े पुत्र परशुराम को बुलाया और कहा पुत्र तुम मुझे वचन दो कि मैं जो कहुंगा निशंकोच करोगे और पितृ भक्त परशुराम जी ने वचन दिया तो आदेश मिला तुम अपनी माता का सिर तत्क्षण धड़ से अलग कर दो। अहा यह कैसी आज्ञा है पिता श्री कि भगवान शिव जी का बरदान स्वरूप प्राप्त परशु को अपनी माता का सिर धड़ से अलग करना पड़ रहा है। बड़े ब्यथित किंकर्तव्य विमुढ़ हो परशुराम ने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए माता रेणुका का सिर धड़ से अलग कर दिया। अत्यंत दुखित स्वर में परशु ने पिता से कहा पिता श्री मैंने तो वचन वद्ध होकर आपकी आज्ञा का पालन किया परन्तु आप हमें वचन दें कि मैं आप से जो चाहुंगा आप निशंकोच हमें देंगे। इस समय ऋषि अत्यन्त हर्षित मुद्रा में थे और तत्क्षण ही बड़े प्रसन्नचित्त मन से बोल पड़े हां पुत्र हां मैं वचन देता हूं तुम जो मांगोगे मैं दूंगा और परशुराम जी ने कहा पिता श्री आप हमारी माता रेणुका को तुरंत जीवित कर दें। ऋषि बड़े असमंजस में पड़ गये पर थे वचन वद्ध एवं उन्होंने तत्क्षण ही कमंडल से जल अभिमंत्रित कर रेणुका पर छिड़का और रेणुका का कटा सिर धड़ से जुड़ गया और रेणुका जीवित हो उठी सभी पुत्र इस पर अत्यंत ही हर्षित होकर माता से लिपट रो पड़े। परशुराम जी ने ऐसे ही माहा शक्तिशाली बरदानी पर अत्याचारी क्षत्रिय (राजा माहा राजाओं) का 21 बार समुल नाश कर धरा का भार हल्का कर जगत का कल्याण किया। वहीं रामावतार होने पर उन्हें ज्ञात हो चुका कि अब अत्याचारियों का अंत होगा।

उल्लेखनीय है रावण ऐसे माहाबली और बरदानी महान शिव भक्त रावण को भी भगवान शिवजी की आज्ञा पर परशुराम जी ने शहस्त्रार्जुन के कारागार से मुक्त करा कर शिवजी की कृपा प्राप्त की। सनातन सांस्कृतिक मूल्यों में भगवान के अवतार लेने के विशेष व विशिष्ट कारण है पर मुख्य लक्ष्य रहा है अत्याचारियों का अंत कर जगत कल्याण। वहीं कलियुग के आगमन के प्रभाव में राजा परीक्षित ऐसे धर्म परायण न्याय प्रिय राजा को ऋषि पुत्र के अभिशाप से अकाल मृत्य हुई। इसके बाद भी कलियुग में चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य चन्द्रगुप्त मौर्य सम्राट अशोक आदि शक्तिशाली सम्राटों ने भारत वर्ष को उच्च शिखर पर पहुंचाया। इनके शासन काल में किसी विदेशी शासकों का भारत पर आक्रमण करने का साहस नहीं हुआ। यदि सिकंदर ने किया भी तो उन्हें पराजय होकर लौटना पड़ा। लेकिन 7वीं सदी में भारत वर्ष की केन्द्रीय शासन में कोई सम्राट के शासन नहीं रहने पर भारत में विदेशी आक्रांताओं का अकारण आक्रमण प्रारम्भ हुआ। उल्लेखनीय है सत तेत्रा द्वापर युग में माहा शक्तिशाली बरदानी मायाबी राक्षसों के सिवाय जरासंध कंस आदि अहंकारी दुराचारी राजा माहा राजाओं को कठोर दण्ड देने के लिए भगवान को विभिन्न रुपों में अवतार लेना पड़ा है। त्रेता युग में पालन हार भगवान विष्णु के दो अवतार श्रीराम एवं परशुराम हुए।

## चंपापुर में ट्रैक्टर के पलटने से चालक की हुई मौत



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर थाना क्षेत्र के चंपापुर में तालाब के पास एक ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। ट्रैक्टर चालक की पहचान धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के लोधरिया के हंसराज राजवान (40) के रूप में हुई है। वे ट्रैक्टर को लेकर इस क्षेत्र में कुछ काम के लिए आए थे। तालाब के पास मार्ग संकरा होने के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर पलट गई तथा मौके पर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया है तथा मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के स्वजन भी मौके पर पहुंचे। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटा, एक बेटी को छोड़ गया है। हंसराज राजवान मूल रूप से नारायणपुर थाना क्षेत्र के पांडेयडीह का रहने वाला था, जो धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के लोधरिया में जाकर बस गया था। हंसराज राजवान की बहन का घर नारायणपुर में है।

# शादी के सीजन में रसोई गैस की किल्लत, उपभोक्ताओं की बढ़ी मुश्किलें

**●शहनाइयों की गूंज के बीच सिलेंडर की बढ़ी डिमांड, शादी वाले घरों को सर्वोच्च प्राथमिकता की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रतनपुर/महराजगंज।** विकासखण्ड नौतनवां क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की आपूर्ति बेहतर नहीं होने से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से जिनके घरों में शादियां व अन्य मांगलिक कार्यक्रम हैं उनके घरों में रसोई गैस सिलेंडर की चिंता सताने लगी है। शादियों का सीजन शुरू होने के कारण गैस की मांग में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन बुकिंग के बावजूद सिलेंडरों की डिलीवरी में करीब हफ्ते दिनों की देरी हो रही है। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी अधिक गंभीर है। जिन घरों में शादियां हैं वहां के लोग गैस एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बावजूद करीब हफ्ते दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। शादी-ब्याह के आयोजन में हलवाइयों को बड़े कमर्शियल सिलेंडर के साथ-साथ घरेलू सिलेंडरों की भी जरूरत पड़ती है, जिसकी आपूर्ति समय पर नहीं हो पा रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि समय पर सिलेंडर न मिलने के कारण कुछ क्षेत्रों में अधिक दामों पर गैस बेचने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। हालांकि गैस एजेंसियों का कहना है कि रिफिलिंग प्लांट से गाड़ी आने में देरी होने के कारण यह बैकलॉग बढ़ा है। वहीं

एजेंसी संचालकों का कहना है कि मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल उच्चाधिकारियों द्वारा आदेश मिलने पर वैवाहिक कार्यक्रम वाले परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध करवाया जाएगा। उम्मीद है कि जल्द ही आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। वहीं क्षेत्रिय उपभोक्ता जीतबहादुर यादव, अखिलेश यादव, संतराज प्रसाद, श्रवण कुमार, सूरज वर्मा, सोनू कुमार, मंटुलाल अग्रहरी, संजय अग्रहरी, अनील, विजय, राजेन्द्र, संतकुमार, गिरीराज प्रसाद, पूनम देवी, सुमित्रा, कंचन यादव, तारा देवी, गायत्री, फातिमा, आयशा, जैनब खातून सहित अन्य लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर न मिलना सिर्फ एक तकनीकी समस्या नहीं बल्कि शादी के उत्सव के आनंद में एक बड़ा बाधा है। लोगों का कहना है कि जिनके घरों में विवाह या अन्य मांगलिक कार्यक्रम हैं उन्हें बुकिंग के क्रम से मुक्त रखा जाए। लोगों का मांग है कि सम्बंधित अधिकारी जिस भी परिवार में शादी है उस परिवार को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें, ताकि मांगलिक कार्यक्रम बिना किसी अड़चन के सम्पन्न हो सके।

## नाबालिग के अपहरण मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**ककडारी नहर किनारे से दबोचा**

**तालबेहट।** कोतवाली पुलिस टीम ने अपहरण के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने ककडारी नहर के किनारे से आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस अधीक्षक मु0मुश्ताक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान में अपहरण के मुकदमें में वांछित लाखन उर्फ लखन सहरिया (20) पुत्र कमलेश सहरिया, निवासी ग्राम रेवई, तहसील पिछोर मप्र को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना तालबेहट में मु.अ.सं. 102/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। उस पर आरोप है कि उसने एक महिला की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। गिरफ्तारी टीम करने बाली टीम में उपनिरीक्षक बलराम शर्मा ,हेड कांस्टेबल उमाशंकर त्रिपाठी, कांस्टेबल दीपक कुमार रहे।

## 2026 नामांकन अभियानः बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली, हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पदमा, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 2026 नामांकन अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रोमी के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर बिहारी चौक होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। इस दौरान बच्चों ने शिक्षा के महत्व को लेकर नारे लगाए और लोगों को अपने बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने में जुटे हैं। अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें निशुल्क पाठ्यपुस्तक, पोशाक, मध्याह्न भोजन, नोटबुक, आठवीं कक्षा के छात्रों को साइकिल, कंप्यूटर शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्मार्ट क्लास, शैक्षणिक भ्रमण एवं शुद्ध पेयजल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारायण प्रसाद मेहता ने बताया, 'हम सभी का प्रयास है कि क्षेत्र का हर बच्चा स्कूल जाए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।' इस मौके पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार राणा, पूर्व प्रभारी विद्या तिर्की, दशरथ प्रसाद, शशिकला मेहता, देवाशीष घोष, कंचन कुमारी एक्का, उपेंद्र कुमार मेहता, सुदर्शन कुमार सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवती के लापता होने को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कसिहा निवासी सरिता चौरसिया पुत्री राधेश्याम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 16 अप्रैल को सुबह दस बजे उसकी उन्नीस वर्षीया बहन घर से बाहर गयी थी। इस बीच गांव के ही अंकित पुत्र ओमप्रकाश यादव उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## शिक्षक संघ ने स्कूल समय बदलने की मांग की

**●भीषण गर्मी और लू से बच्चों को बचाने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर -** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्कूलों के संचालन समय में बदलाव की मांग की है। संघ की जिला इकाई ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) को पत्र लिखकर बच्चों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहे खतरे के मद्देनजर तत्काल समय परिवर्तन का अनुरोध किया है। शिक्षक संघ द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि दोपहर के समय तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है और लू चलने लगती है। इन परिस्थितियों का छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छात्रों के हित को प्राथमिकता देते हुए संघ ने स्कूल की अवधि कम करने की अपील की है ताकि उन्हें दोपहर की तेज गर्मी से बचाया जा सके। संघ के पदाधिकारियों, जिनमें अध्यक्ष दिनेश कुमार उपाध्याय और मंत्री राम आशीष मौर्य शामिल हैं, ने सुझाव दिया है कि विद्यालयों का संचालन प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाए। वर्तमान में दोपहर तक स्कूल चलने के कारण बच्चों को घर लौटते समय भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पत्र की प्रतिलिपि वरिष्ठ अधिकारियों को भी भेजी गई है। संघ के अन्य पदाधिकारी जैसे वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अनुज यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति और संयुक्त मंत्री देशराज ने भी इस मांग का समर्थन किया है। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग बच्चों को इस तपती गर्मी से राहत दिलाने के लिए कब तक आवश्यक आदेश जारी करता है।

# राहुल गांधी मानहानि मामलाः सुल्तानपुर कोर्ट ने वादी पक्ष को दी कड़ी चेतावनी, अगली सुनवाई 22 अप्रैल को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने वादी पक्ष के रवैये पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें भविष्य में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी है। राहुल के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने बताया आज अदालत में धारा 311 दंड प्रक्रिया संहिता (CRPC) के तहत एक प्रार्थना पत्र पर बहस होनी थी। हालांकि, वादी पक्ष के वकील ने एक बार फिर स्थगन की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार तो कर लिया, लेकिन साथ ही एक महत्वपूर्ण आदेश भी पारित किया। काशी शुक्ला ने बताया कि वादी पक्ष पिछले कई तारीखों से लगातार स्थगन की मांग कर रहा है, जिससे मामले की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि अगली नियत तिथि पर वादी पक्ष बहस के लिए उपस्थित नहीं होता है, तो उनके विरुद्ध



उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा सकती है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तारीख तय की गई है।इससे पहले, 28 मार्च को हुई सुनवाई में वादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने राहुल गांधी की आवाज के नमूने की जांच की मांग की थी। उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 311 सहपठित धारा 91 के तहत एक आवेदन दिया था।

इस आवेदन में राहुल गांधी की आवाज का सैंपल लेकर उसे पहले से दाखिल की गई सीडी के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फोरेंसिक लैब) में मिलान कराने का अनुरोध किया गया है। राहुल गांधी के वकीलों ने इस मांग पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। यह मानहानि का मामला भाजपा नेता विजय मिश्रा ने अक्टूबर 2018 में दर्ज कराया था। इस मामले में राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। इसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपए के दो मुचलकों पर जमानत दी थी। राहुल गांधी ने 26 जुलाई 2024 को एमपी/एमएलए कोर्ट में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए इसे एक राजनीतिक साजिश करार दिया था। राहुल गांधी के बयान के बाद, कोर्ट ने वादी पक्ष को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद से लगातार गवाह पेश किए जा रहे थे। इससे पहले, 20 फरवरी को भी राहुल गांधी ने एमपी/एमएलए कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 313 के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। कोर्ट ने उन्हें अपनी बेगुनाही के संबंध में सफाई और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा था। हालांकि, राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने कोर्ट में कोई सफाई या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया।

# श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर मुख्य कोठारी महंत बने महाकाल गिरी महाराज, हुआ जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** परमट स्थित उत्तर भारत के प्रसिद्ध श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर (बाबा आनंदेश्वर धाम) में जूना अखाड़े द्वारा नई व्यवस्थाओं का संचालन शुरू कर दिया गया है। जूना अखाड़े की गुरुमूर्ति श्री महाकाल गिरी जी महाराज ने मंदिर के 'मुख्य कोठारी महंत' के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। मंदिर परिसर पहुँचने पर भक्तों और सेवादारों ने पुष्प वर्षा और जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया, जूना अखाड़ा संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज के निर्देशानुसार और नारायण गिरी महाराज की संस्तुति पर यह नई नियुक्तियां की गई हैं श्री महाकाल गिरी जी महाराज को 'मुख्य कोठारी महंत' की जिम्मेदारी सौंपी गई है, श्री इच्छा गिरी महाराज को मंदिर की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु नियुक्त किया गया है गौरतलब है कि दोनों महंत पूर्व में भी बाबा आनंदेश्वर धाम की व्यवस्थाओं से जुड़े रहे हैं,



किंतु अब उन्हें औपचारिक रूप से अखाड़े द्वारा विशेष दायित्वों के साथ कानपुर भेजा गया है कार्यभार संभालते ही महंतों को जूना अखाड़े की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बाबा आनंदेश्वर धाम के विकास और विस्तार को प्राथमिकता दी जाए मंदिर परिसर को और अधिक विकसित करने के लिए शासन-प्रशासन के साथ ताल-मेल बिठाकर लंबित कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे महंतों के स्वागत के दौरान मुख्य रूप से महेंद्र शैलेंद्र गिरी महंत अतुल गिरी सेक्रेटरी महंत गिरीश आनंद गिरि संजय पुजारी, अजय पुजारी, के.के. तिवारी, अनूप मिश्रा और जूना अखाड़ा के मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार 'अंश' उपस्थित रहे सभी ने दोनों महंतों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया और मंदिर की प्रगति के संकल्प को दोहराया जूना अखाड़ा संरक्षक पूज्य हरि गिरि महाराज के सख्त निर्देशों के अनुपालन में, मंदिर प्रशासन अब जल्द ही स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की योजनाओं को गति देगा महंतों के आगमन से भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## ग्राम पकड़ी में श्रीराम कथा स्थल का स्वामी श्रीरामदिनेशाचार्य जी महाराज ने स्थालीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर /** जनपद बलरामपुर के गैसड़ी ब्लाक अंतर्गत ग्राम मधपुर पकड़ी में 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नौ दिवसीय प्रस्तावित श्रीराम कथा कार्यक्रम को लेकर कथा वाचक जगदुरु रामानंदाचार्य, पूज्य स्वामी श्रीरामदिनेशाचार्य जी महाराज ने कार्यक्रम कथा स्थल का स्थालीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वामी जी महाराज ने कथा स्थल पर चल रही तैयारियों, पंडाल व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने आयोजकों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। स्वामी जी ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने



पर बल दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा जैसे पावन आयोजन में अनुशासन और सुव्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्वक कथा का श्रवण कर सकें। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष धनीराम प्रजापति व बिस्कोहर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता वरिष्ठ समाजसेवी फतेहबहादुर सिंह सहित पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि ग्राम पकड़ी में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

## खोए हुए मोबाइल बरामद कर जाखलौन पुलिस ने लौटाई मुस्कान

**ललितपुर।** थाना जाखलौन पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए दो खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ितों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सिटी सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना जाखलौन पर जनसुनवाई/पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण कर त्वरित कार्रवाई की। भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी अपलोड कर तकनीकी विश्लेषण और विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त डाटा के आधार पर दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल में सैमसंग और वनप्लस कंपनी के फोन शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 29 हजार रुपये बताई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### लंबे समय से ड्यूटी से गैरहाजिर पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई: 12 कर्मी निलंबित

**कानपुर।** पुलिस लाइन कमिश्नरेट कानपुर नगर में कार्यरत ऐसे पुलिसकर्मी, जो काफी दिनों से बिना अनुमति ड्यूटी से कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतते हुए लगातार अनुपस्थित चल रहे थे, उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्यवाही की गई है। कानपुर पुलिस ने बताया कि उक्त कर्मियों को पूर्व में कई बार नोटिस/सूचना भेजकर ड्यूटी ज्वाइन करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु इसके बावजूद उन्होंने ड्यूटी पर उपस्थित होना सुनिश्चित नहीं किया । कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं लगातार अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों हैं उ0नि0 मोनू सिंह, उ0नि0 राजेन्द्र कुमार तिवारी, आरक्षी दुश्यन्त, आरक्षी अंकुर, आरक्षी करन, आरक्षी जितेन्द्र, आरक्षी प्रवीन कुमार, आरक्षी भूपेन्द्र, आरक्षी रवि, अनुचर कुंवर पाल, अनुचर जय प्रकाश सिंह, स्वीपर छोटे लाल। कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अग्रिम विभागीय कार्रवाई नियमानुसार प्रचलित है। कमिश्नरेट कानपुर पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अनुशासनहीनता एवं कर्तव्यों के प्रति लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा इस प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### फर्जी आवासीय योजनाओं से सावधान रहें, डूडा ने जारी की चेतावनी

**कानपुर।** परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने जनसामान्य को सूचित किया है कि वर्तमान में डूडा कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार की निःशुल्क आवासीय योजना हेतु आवेदन पत्र वितरित नहीं किए जा रहे हैं। यह संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा 'आसरा आवास योजना' एवं 'मा0 कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना' के नाम पर लोगों से आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं तथा फर्जी आवंटन पत्र जारी कर अवैध रूप से धनराशि वसूली जा रही है। यह पूर्णतः भ्रामक एवं असत्य है। डूडा द्वारा संचालित सभी आवासीय योजनाएं पूरी तरह निःशुल्क होती हैं तथा इनके लिए किसी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं लिया जाता है। आमजन से अपील है कि ऐसे भ्रामक प्रलोभनों से सावधान रहें और किसी भी प्रकार की धनराशि का भुगतान न करें। आवासीय योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति विकास भवन स्थित डूडा कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

### उत्तर प्रदेश पोल्ट्री कानक्लेव 2026 में प्रतापगढ़ के उद्यमी चन्द्र शेखर सिंह लखनऊ में सम्मानित



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश को अण्डा व मांस उत्पादन में आत्म निर्भर बनाने के संकल्प के साथ लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश पोल्ट्री कानक्लेव 2026 का समापन हुआ। इस गरिमामयी समारोह में प्रतापगढ़ के प्रगतिशील पोल्ट्री उद्यमी और ब्रायलर इण्टीग्रेटर एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह को उनके उत्कृष्ठ योगदान के लिये विशेष रुप से सम्मानित किया गया। प्रदेश में कुल 37 ब्रायलर पैरेन्ट स्टाक यूनिट संचालित है जिसमें से एक 10000 यूनिट ब्रायलर पैरेन्ट स्टाक इकाई उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति-2022 के तहत प्रतापगढ़ के लक्ष्मणपुर ब्लाक के सरियापुर शाहपुर ग्राम में चन्द्रशेखर सिंह द्वारा स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। चन्द्रशेखर सिंह की 10000 ब्रायलर पैरेन्ट स्टाक इकाई जनपद प्रतापगढ़ और आस पास के क्षेत्रों के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले चूजे उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित हो रहे है जिससे निकटवर्ती क्षेत्र के किसानों और कुक्कुट पालकों की आय में निरन्तर वृद्धि हो रही है। सम्मान प्राप्त करने के उपरान्त चन्द्रशेखर सिंह ने कहा यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि प्रतापगढ़ के उन सभी किसानों का है जो आधुनिक तकनीक को अपना रहे है।

## मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ लूट का अभियुक्त घायल अवस्था में अस्पताल से भागा, सर्विलांस की टीम ने फिर किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** थाना बर्रा क्षेत्र के अंतर्गत एक रोहित नाम के व्यक्ति से एक पल्सर बाइक और पांच हजार रुपए लूटने वाले व्यक्ति को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी सुरक्षा में चार पुलिस कर्मी लगे थे लेकिन वह अस्पताल से भाग गया। अन्ततः सर्विलांस की टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। दिनांक 16/04/2026 को समय लगभग 3:30 बजे थाना बर्रा क्षेत्र के बर्रा बाईपास स्थित सिंह ढाबा के सामने मोहित निषाद के साथ दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तमंचे के बल पर मारपीट कर उसकी पल्सर 160cc मोटरसाइकिल, मोबाइल व 5000 नकद लूट लिया गया। इस संबंध में पीड़ित के भाई रोहित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। तत्पश्चात आज दिनांक-17/04/2026 को रात्रि लगभग 01:45 बजे फत्तेपुर चौराहा पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मुन्ना खान निवासी परमपूर्वा थाना जूही, जिसके कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, 1200 नकद, एक अदद तमंचा, दो खोखा कारतूस एवं एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुए। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। यहां से वह मौका पाकर भाग गया।

क्राइम ब्रांच व स्वॉट टीम की सतर्कता से फरार होने का प्रयास विफल, अभियुक्त पुलिस हिरासत में पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल से फरार होने का प्रयास करने वाला अभियुक्त अब पुलिस की गिरफ्त में है तथा वर्तमान में पुलिस कस्टडी में है। उक्त अभियुक्त एक शातिर लुटेरा है, जिसने मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम दिया था, जिसके संबंध में थाना बर्रा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था, जिसमें उसके द्वारा पुलिस टीम पर जवाबी फायरिंग की गई थी। गिरफ्तारी के उपरांत उपचार हेतु उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी सुरक्षा में चार पुलिसकर्मी तैनात थे। इसके बावजूद अभियुक्त ने फरार होने का प्रयास किया, परंतु सफल नहीं हो पाया और अंततः पुलिस द्वारा पुनः हिरासत में ले लिया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही क्राइम ब्रांच व स्वॉट टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए शहर में व्यापक स्तर पर घेराबंदी व नाकाबंदी कराई तथा सभी प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को एक झाड़ी के पास छिपा हुआ बरामद किया गया। उक्त सराहनीय एवं त्वरित कार्रवाई के लिए क्राइम ब्रांच टीम को 25,000 के इनाम से पुरस्कृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## पांच साल से फरार वारंटी आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस द्वारा वांछित और वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महाराजपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महाराजपुर थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी राकेश विश्वकर्मा (50) पुत्र भूरा के खिलाफ पूर्व में मुकदमा दर्ज था और वह करीब पांच वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में की गई, जिसमें चौकी प्रभारी सुनहैला उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक अतुल कुमार सिंह और उपनिरीक्षक राकेश कुमार पाल की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में वांछित और वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## शिक्षिका का चैन छीनने वाला गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर की शिक्षिका का चैन बदमाशों ने 16 मार्च को छीनकर भाग गए। उक्त मामले मे दर्ज मुकदमा से संबंधित अन्य आरोपी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए,लेकिन आरोपी अशोक तिवारी पुत्र हर्ष नारायण तिवारी निवासी पूरे गजई थाना महेशगंज हालिया पता सगरा नगर कोतवाली फरार चल रहा था,जिसे पुलिस ने एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व चैन बेचकर मिले रुपए में से 2200 बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।अशोक तिवारी पर आठ अपराधिक मामलों में केस दर्ज है।

## बेकनगंज पुलिस ने गायों के मांस का व्यापार करने वाले तीन अभियुक्तों को धर दबोचा



**कानपुर ।** कमिश्नरेट की बेकनगंज थाना पुलिस ने गायों को चोरी कर तथा आवारा गोवंशीय पशुओं को काट कर उनके मांस का व्यापार करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्त राजू हड्डी उर्फ सिराज उम्र 51 वर्ष, अरसलान पुत्र राजू हड्डी उर्फ सिराज 22 वर्ष,.मो0 उजैद उर्फ बाबू पुत्र मल्लू -23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और ये गेगेंस्टर एक्ट के अपराधी हैं। इनके विरुद्ध गोवध निवारण अधि व 11 पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत किया गया है । यह एक संगठित गिरोह उक्त गैंग अपने सदस्यो के साथ मिलकर अनुचित आर्थिक भौतिक बुनियादी लाभ प्राप्त करने हेतु गायो की चोरी करके व आवारा गोवंशीय पशुओ का वध करके उनका मांस बेचकर धन अर्जित करने जैसे अपराध कारित करते है। जिनके विरूद्ध जनपदीय स्तर पर 202 डी गैग पंजीकरण है।

## सीबीएसई बोर्ड दसवीं के परीक्षा परिणाम में डीएवी एनयूपीपीएल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### ● अप्रतिम परिश्रम, अतुलनीय सफलता – डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर कानपुर नगर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं (AISSE 2025-26) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यार्थियों ने न केवल शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और गुणवत्ता की अद्भुत मिसाल भी प्रस्तुत की। विद्यालय का औसत परिणाम 87.58 प्रतिशत रहा। लक्ष्य विश्वकर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय टॉपर बने। अंश ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दिव्यांश कुमार सिंह ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 16 रही। 75 से 89 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले 17 विद्यार्थी रहे। 60 से 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 03 विद्यार्थी रहे। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह सफलता एनयूपीपीएल परियोजना अधिकारियों, शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन तथा अभिभावकों के सहयोग का समन्वित परिणाम है। हम सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।' विद्यालय के चेयरमैन एवं एनयूपीपीएल सीईओ एस. दुरई कुमार,स्कूल प्रबंधक आनंद स्वरूप सारस्वत तथा डीजीएम एचआर कौशिक भर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं समर्पण की सराहना की।

## मजदूर संगठन एचएमकेपी भी करेगा नोएडा श्रमिक अशांति की जांच : राकेशमणि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव और यूपी के महा सचिव राकेश मणि पाण्डेय ने नोएडा में हुए हिंसक आन्दोन को लेकर उसके वास्तविक कारणों को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों के हित में चरणबद्ध योजना जल्द से जल्द लागू किए जाने की जोरदार मांग की है। उन्होंने नोएडा श्रमिक आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब तक कोई उपद्रव, अशान्ति या अप्रिय घटना नहीं घटती है। तब तक सरकार प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं देता है। इस बीच उन्होंने जिलाधिकारी नोएडा के वक्तव्य पर भी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की और कहा कि डीएम ने जो वक्तव्य जारी किया है उसमें कोई नई चीज नहीं है। सब कुछ कानून में पहले से उपलब्ध है लेकिन उसका अनुपालन न होने और ठेकेदारी प्रथा बढ़ाने, हर नियमित कार्य को संविदा आधारित करने और निजी क्षेत्र में दिये जाने के कारण ही ऐसे दुर्भाग्यशाली हालात पैदा हो रहे हैं। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए निश्चित हर 05 वर्ष में वेतन का पुर्न निरीक्षण अनिवार्य किये जाने, उपभोक्ता सूचांक के अनुसार शत प्रतिशत महंगाई भत्ता दिये जाने की भी जोरदार मांग करते हुए अनेक श्रमिक आंदोलन के सफल अगुवाकार रहे हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव और यूपी के महा सचिव राकेश मणि पाण्डेय ने यह भी आरोप लगाया कि सैकड़ों मजदूरों के बलिदान देने के बाद कानूनी रूप से कार्य के जो घंटे निर्धारित किए गए थे, उसका अतिक्रमण वर्तमान सेवायोजक कानून के खिलाफ जाकर खुलेआम कर रहे हैं । उन्होंने दावा किया कि अब 10 से 12 घण्टे आम कार्य के घण्टे हो गये हैं।

चर्चित वरिष्ठ श्रमिकनेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड व सफाई कर्मियों स 8 घंटे के बजाय 12 घंटे काम लेने के बाद इसके अनुपात में उन्हें वेतन वृद्धि व अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। विभिन्न श्रमिक समस्याओं की चर्चा करते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव और यूपी के महा सचिव राकेश मणि पाण्डेय ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ राजनैतिक दल और लोग इसे मुद्दा बनाकर मजदूरों का भड़काने में लगे रहते हैं। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन, प्रशासन और सरकार की ही है। उन्होंने कहा कि समुचित कार्यवाही न करने लागू कानूनों को समुचित रूप से पालन न कराने से ऐसी स्थितिया पैदा होती हैं। उन्होंने नोएडा की श्रमिक आंदोलन को लेकर श्रम सेवायोजन मंत्री द्वारा दिए गए बयान को गैर जिम्मेदाराना और अत्यन्त ही दुर्भाग्यपूर्ण भी बताते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव और यूपी के महा सचिव राकेश मणि पाण्डेय ने कहा कि श्रम न्यायालयों में सालों से पीठासीन अधिकारी के स्थान रिक्त हैं। श्रम विभाग मजदूरों के सम्बन्धित कार्यों के अलावा बाकी सब कार्य करता है। श्रम विभाग के कर्मचारियों का उपयोग सरकार स्टेपनियों की तरह उपयोग करती है। हर वह कार्य में लगी रहती है ,जिससे मजदूरों का कुछ लेना देना नहीं है।

उन्होंने कहा कि इसीलिए मजदूरों की समस्याएं दिन पर दिन बढ़ती जाती है और उनका निराकरण करने वाली एजन्सियाँ व तंत्र मृतप्राय हो गयी है। पक्षों में वार्ता को बढावा न देकर केवल विवादों में घसीटने का कार्य किया जा रहा है। श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने यह भी आरोप लगाया कि श्रम निरीक्षकों को जांच के अधिकार से वंचित कर दिया गया है। इससे भी बड़ विकट स्थितियां पैदा हो रही है। सरकार को उस पर गम्भीरता से विचार करना होगा, क्योंकि यह स्थिति को गम्भीर होने में ज्याद समय नहीं लगेगा। श्रमिक समस्याओं को सुलझाने समझने के लिए सरकार की पहल का हिन्द मजदूर किसान पंचायत की ओर से स्वागत करते हुए महासचिव वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने बताया कि संगठन द्वारा एक तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल द्वारा नोएडा श्रमिक आन्दोलन पर जांच कार्यवाही गठित की है, जिसकी रिपोर्ट एक माह में आने के पश्चात् हिन्द मजदूर किसान पंचायत तत्सम्बन्धित कार्यवाही के लिए संगठन में विचार विमर्श कर श्रमिकों के हित में अगली रणनीति करेगा।

## पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सिद्धार्थनगर/** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड बर्डपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर-7 ग्राम रमवापुर के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों में चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुनकर गांव में ही उसका समाधान कराया जाये। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया के सभी गांवो में बेहतर नेटवर्क कनेक्टीविटी, सड़क आदि मुहैया कराया जाये। किसानों के गेंहू की खरीद सरकारी एमएसपी की दर पर हो। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले जिससे खाद, बीज व अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सकेगा। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये। आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, पीडी नागेन्द मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गणेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर ओम प्रकाश सिंह यादव व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे ।

## साइबर सेल ने 1,01,000 रुपए की ठगी गई राशि वापस कराई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एनसीआरपी पोर्टल पर पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की जाँच के सिलसिले में साइबर सेल जनपद प्रतापगढ़ की टीम द्वारा शिकायतकर्ताओं की धोखाधड़ी से आहरित धनराशि उनके खाते में पुनः वापस कराई गई।पीड़ितों के खाते से यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड व अन्य तरीकों से ठगी की गई।प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अनजान नंबर या विदेशी से आए कॉल/मैसेज पर भरोसा न करें और किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें। बैंक, कस्टमर केयर या सरकारी अधिकारी बनकर मांगी गई किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें।मोबाइल में केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें। किसी भी प्रकार का रिमोट एक्सेस ऐप आदि अनजान व्यक्ति के कहने पर इंस्टॉल न करें।लॉटरी, इनाम, गिफ्ट या निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देने वाले कॉल/मैसेज से सतर्क रहें।सोशल मीडिया प्रोफाइल को प्राइवेट रखें और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।किसी भी वित्तीय लेन-देन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम और विवरण अच्छी तरह जांच लें।साइबर ठगी होने पर तुरंत अपने बैंक व यूपीआई ऐप में ट्रांजेक्शन को ब्लॉक या रिपोर्ट करने का प्रयास करें और संबंधित कस्टमर केयर को सूचित करें और साइबर ठगी होने पर देरी न करें- तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।

## स्टेशन पर यात्री का मोबाइल चोरी

### जीआरपी ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की सुरक्षा के दावों के बीच चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार कर रहे एक यात्री का मोबाइल अज्ञात चोर ने पार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले के थाना बार अंतर्गत ग्राम कपासी निवासी सौरभ सेन पुत्र रामसेवक सेन ने जीआरपी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार (24 मार्च) को यात्रा के लिए ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुँचा था। शाम करीब 06.40 बजे वह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर बैठा हुआ था और अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसका ध्यान भटकते ही किसी अज्ञात चोर ने उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

## नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है : कुलपति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर /** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर) में कुलपति प्रो. कविता शाह की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं के लिए नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. नीता यादव द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं उनके परिवारों को नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा समाज में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को यह शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि युवा शक्ति यदि संकल्पित हो जाए तो समाज से नशे जैसी कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। कुलपति प्रो. कविता शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सकारात्मक सोच अपनाएं, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें और अपने साथियों को भी नशामुक्त रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम युवाओं में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में उतरी महिलाएं, बताया लोकतंत्र को नई दिशा देने वाला कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आज सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ी महिलाओं ने एकजुट होकर प्रेस वार्ता की और इसे महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सशक्त करने वाला ऐतिहासिक सुधार बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह पहल देश के लोकतंत्र को नई दिशा देने के साथ-साथ आधी आबादी की भागीदारी को और मजबूत करेगी।

अधिवक्ता एवं महिला अधिकारों के लिए कार्य करने वाली सोशल एक्टिविस्ट दिशा अरोड़ा ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के प्रतिनिधित्व की ऐतिहासिक कमी को दूर करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं में क्षमता हमेशा से रही है, लेकिन अवसर और भागीदारी सीमित थे। 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ अब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की आवाज अधिक मजबूती से गूंजेगी और वे नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

सामाजिक कार्यकर्ता सुभाषिनी शिवहरे ने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं के बढ़ते आत्मविश्वास और बदलती भूमिका का प्रतीक है। पहले महिलाएं वोट डालने की बात करती थीं, लेकिन अब वे नेतृत्व की भूमिका में आने के लिए आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश की आधी आबादी से जुड़े मुद्दे मजबूती से सामने आएंगे और उनका समाधान संभव होगा। 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को निर्णय लेने का अधिकार देगा, जिससे वे अपने मुद्दों को खुलकर रख सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 'प्रधान पति' जैसी चुनौतियाँ अभी भी हैं, लेकिन यह व्यवस्था तेजी से बदल रही है और महिलाएं अब वास्तविक नेतृत्व की ओर बढ़ रही हैं।

## कुआतला में शादी के बाद विवाद

### ● ग्राम प्रधान को शादी में आमंत्रित न करना पड़ा किसान को भारी

### प्रधान सहित कई लोगों पर मारपीट कर धमकाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुआतला में एक शादी समारोह के बाद विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान सहित कई लोगों पर मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया है। कुआतला निवासी सीताराम पुलिस कामताप्रसाद ने आरोप लगाया कि गांव में बृगभान लोधी के यहां शादी समारोह में ग्राम प्रधान को आमंत्रित न करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि शादी के बाद ग्राम प्रधान विजय लोधी ने उसे अपने घर बुलाया, जहां पहले से कई लोग मौजूद थे। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और ग्राम प्रधान ने गाली-गलौज करते हुए जूते से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद विजय लोधी के परिजन व अन्य लोगों ने भी एक राय होकर लात-घूसों से मारपीट की। बीच-बचाव के लिए मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप किया, लेकिन आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और कथित रूप से हथियार लाने की बात कही। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पूर्व में भी मारपीट की घटनाओं में शामिल रहा है, जिससे उसके हौसले बुलंद हैं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई और अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले की दुल्लभछड़ा-बदरपुर रेल सेवा यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे विभाग ने फिर से शुरू की, यात्रियों को राहत



**मीडिया और जागरूक नागरिकों की सक्रिय भूमिका की स्थानीय लोगों ने सराहना की।**

**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले में लंबे समय से बंद दुल्लभछड़ा-बदरपुर (ट्रेन संख्या 55689) लोकल रेल सेवा को फिर से शुरू कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण मार्ग पर सेवा बंद होने के कारण पिछले कुछ दिनों से यात्रियों में भारी असंतोष और गंभीर असुविधा देखी जा रही थी। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों कर्मचारी, छात्र और व्यापारी यात्रा करते हैं। ऐसे में ट्रेन सेवा अचानक बंद हो जाने से स्थानीय जनजीवन पर बड़ा असर पड़ा और वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ गया था। इस मामले को लेकर मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद और जागरूक नागरिकों की सक्रिय पहल पर रेलवे अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इसके बाद सेवा को 17 अप्रैल शुक्रवार को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया। रेलवे विभाग के अनुसार, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग पर सेवा को फिर से सामान्य कर दिया गया है। साथ ही इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए मीडिया और स्थानीय नागरिकों के प्रति क्षेत्र की ओर से आभार भी व्यक्त किया गया है। सेवा बहाल होने से यात्रियों ने राहत की सांस ली है और समस्या का शीघ्र समाधान होने पर संतोष व्यक्त किया है।

### ईरान जंग की सबसे बड़ी खबर, 49 दिन बाद पूरी तरह खोला गया होर्मुज स्ट्रेट

ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने शुक्रवार को घोषणा की कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य से सभी कमर्शियल जहाज़ों के गुज़रने का रास्ता, सीज़फ़ायर की बाकी अवधि के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जलडमरूमध्य से जहाज़ों का गुज़रना उसी तय रास्ते से होगा, जिसकी घोषणा ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन ने पहले ही कर दी थी। एक्स पर एक बयान में उन्होंने कहा कि लेबनान में सीज़फ़ायर के मद्देनज़र, होर्मुज़ जलडमरूमध्य से सभी कमर्शियल जहाज़ों के गुज़रने का रास्ता, सीज़फ़ायर की बाकी अवधि के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया है; यह उसी तय रास्ते से होगा, जिसकी घोषणा इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन ने पहले ही कर दी थी। इससे पहले, अमेरिका ने कहा था कि वह होर्मुज़ जलडमरूमध्य की नौसैनिक नाकेबंदी शुरू करेगा; यह कदम तब उठाया गया, जब ईरान ने फ़रवरी में अपने ऊपर हुए अमेरिका-इज़रायल हमले के जवाब में, दुनिया के सबसे व्यस्त तेल शिपिंग मार्ग को हफ़्तों तक प्रभावी रूप से बंद रखा था।

### ऑटो चालक की घिनौनी हरकत, MMS बनाकर धमकी- पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंबई** के कुरार इलाके से एक बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां एक ऑटो रिक्शा चालक ने महिला यात्री का छिपकर वीडियो (MMS) बनाकर उसे ब्लैकमेल करने और जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। **क्या है पूरा मामला?** पुलिस के अनुसार, पीड़ित लड़की कुरार से मालाड स्थित चस्रष्ट जाने के लिए ऑटो लेने वाली थी। तभी आरोपी ऑटो चालक मोहम्मद अफजल आशिफ खान ने उसे अपने ऑटो में बैठाया और सफर के दौरान अपने मोबाइल से चुपके से उसका वीडियो बनाने लगा। लड़की को शक हुआ, लेकिन उसने तुरंत कुछ नहीं कहा। जब वह KFC पहुंची और पैसे देने लगी, तब भी आरोपी वीडियो बनाता रहा। विरोध करने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी और जबरन संबंध बनाने की कोशिश की।

**ट्रैफिक पुलिस का तुरंत एक्शन** घटना के वक्त मौके पर मौजूद समता नगर ट्रैफिक पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और उसे कुरार पुलिस के हवाले कर दिया। **पुलिस का बयान** कुरार पुलिस के अधिकारी उमेश पाटील के मुताबिक, पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, बिना अनुमति वीडियो बनाने और धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। **क्या-क्या आरोप लगे?** आरोपी पर निम्न आरोपों के तहत केस दर्ज किया गया हैः महिला से छेड़छाड़, बिना इजाजत वीडियो बनाना, ब्लैकमेल और धमकी देना जबरन संबंध बनाने का प्रयास **आगे की कार्रवाई** फिलहाल कुरार पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी ने पहले भी ऐसी वारदातें की हैं या नहीं।

# पुतिन दिल्ली आ रहे, एक से बढ़कर एक हथियारों के साथ S-500 भी ला रहे हैं! चीन-पाक में हड़कंप

● एस 500 आखिर इतना खतरनाक क्यों है और पाकिस्तान और कई दुश्मन देश इससे डरते क्यों हैं? इसकी रेंज जो है S500 की ये 600 किमी है।

एस 400 की 400 कि.मी. रिस्पांस टाइम S500 का 3 से 4 सेकंड है और S400 का करीब 10 सेकंड। हाइट कैपेबिलिटी की बात करें तो S500 200 कि.मी. स्पेस तक और एस 500 300 कि.मी. ट्रैकिंग पावर।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लगातार दूसरे साल भारत आने वाले हैं। बता दें कि पूरी दुनिया में इस वक्त हलचल मचा दी है। लेकिन कहानी सिर्फ यहां पर बता दें कि पुतिन के दौरे की नहीं है। कहानी उस खतरनाक डिफेंस डील की है जो भारत की ताकत को बता दें कि कई गुना ज्यादा बढ़ा सकती है। दरअसल इस साल भारत में होने जा रहा है ब्रिक्स समिट 2026 जहां पुतिन का आना लगभग तय माना जा रहा है और बता दें कि खास बात इस दौरे की यह है कि पुतिन इससे पहले दिसंबर 2025 में भी भारत आ चुके हैं। यानी लगातार दूसरे साल पुतिन का भारत दौरा है और यह दिखाता है कि इंडिया रशिया पार्टनरशिप कितनी मजबूत हो चुकी है। लेकिन असली धमाका यहां पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस अब भारत को सिर्फएस 500 ही नहीं बल्कि उससे कई गुना ज्यादा एडवांसएस 500 एयर डिफेंस सिस्टम देने की तैयारी में है और इतना ही नहीं रूस ये भी चाहता है कि भारत के साथ मिलकर एस 500 का जॉइंट प्रोडक्शन भी शुरू किया जाए।

एस 500 आखिर इतना खतरनाक क्यों है और पाकिस्तान और कई दुश्मन देश इससे डरते क्यों हैं? इसकी रेंज जो है S500 की ये 600 किमी है।

एस 400 की 400 कि.मी. रिस्पांस टाइम S500 का 3 से 4 सेकंड है और S400 का करीब 10 सेकंड। हाइट कैपेबिलिटी की बात करें तो S500 200 कि.मी. स्पेस तक और एस 500 300 कि.मी. ट्रैकिंग पावर। ट्रैकिंग पावर की बात करें तो एस 500 100 टारगेट और एस 400 80 टारगेट। कैपेबिलिटी की बात करें तो एस 500हाइपरसोनिक बैलस्टिक मिसाइल और स्पेस टारगेट तक मार कर सकता है। और एस 400 की बात करें तो एयरक्राफ्ट ड्रोन क्रूज मिसाइल तक सीमित है। यानी यह साफ है कि S500 एक गेम चेंजर है।

अगर यह डील मेक इन इंडिया के तहत होती है तो भारत दुनिया के सबसे एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम बनाने वाले देशों में भी शामिल हो जाएगा। और इससे क्या होगा? अब आप उसे भी समझ लीजिए। भारत की सुरक्षा कई गुना ज्यादा मजबूत हो जाएगी। दुश्मनों के लिए डिट्रेस बढ़ेगा और ग्लोबल डिफेंस पावर में इंडिया की जो पोजीशन है वो कई गुना ज्यादा ऊपर चली जाएगी। पुतिन का लगातार भारत आना यह भी साफ दिखाता है कि रूस आज भी भारत को अपना सबसे ज्यादा भरोसेमंद स्ट्रेटेजिक पार्टनर मानता है और ब्रिक्स जैसे मंच पर भारत की ग्लोबल लीडरशिप और भी ज्यादा मजबूत होती हुई भी इससे नजर आ रही है। तो कुल मिलाकर देखें तो पुतिन का भारत दौरा सिर्फ एक डिप्लोमेटिक इवेंट नहीं है। ये एक ऐसा संकेत है कि भारत अब सिर्फ फॉलोअ नहीं बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है।

## श्रीभूमि जिला के जयनगर गांव की सड़क की हालत जर्जर, ग्रामीणों को भारी परेशानी





● **विभागीय अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि :** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुल्लभछड़ा के निकट कालाछड़ा क्षेत्र से जयनगर, तारापुर और बालिया सहित कई गांवों को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को लंबे समय से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस जर्जर सड़क के कारण आम जनता, छात्र-छात्राएं, मरीज और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विशेषकर बरसात के मौसम में सड़क की हालत और अधिक खराब हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क कई स्थानों पर कच्ची, टूटी-फूटी और पूरी तरह से अनुपयोगी हो चुकी है। ऐसे में आपातकालीन सेवाओं, जैसे एंबुलेंस और अन्य वाहनों का संचालन भी लगभग असंभव हो जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत या पक्कीकरण नहीं किया गया है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से इस महत्वपूर्ण सड़क के शीघ्र मरम्मत एवं पक्कीकरण की मांग की है और प्रशासन से इस दिशा में त्वरित एवं ठोस कार्रवाई की अपील की है।

## श्रीभूमि जिले के दरगारबंद जीपी के कामुमाई छड़ा क्षेत्र में सड़क की जर्जर हालत





● **ग्रामीणों ने खुद शुरू की मरम्मत प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमिः** वर्तमान सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाने के दावों के बावजूद, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत सड़क निर्माण का लंबे समय से किया गया आश्वासन अब तक पूरा नहीं होने से श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा के निकट दरगारबंद जीपी के 3 नंबर वार्ड के निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कामुमाई छड़ा के पश्चिमी किनारे से गुजरने वाली यह ग्रामीण सड़क कई वर्षों से उपेक्षित अवस्था में है। शुष्क मौसम समाप्त हो जाने के बावजूद आज तक यहां एक भी कोदा मिट्टी का कार्य नहीं किया गया है।

स्थिति से मजबूर होकर दरगारबंद जीपी के 1 नंबर वार्ड के निवासी कमला कांत यादव, रंजीत लोहार, विजय यादव और राज कुमार मिश्रा ने अपने निजी खर्च पर कई ट्रक मिट्टी और ईंट लाकर सड़क को किसी तरह चलने योग्य बनाने का प्रयास किया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के अनुसार ब्रजकृष्ण सिंह के घर के सामने से दरगारबंद जीपी के 6 नंबर वार्ड के दक्षिण छनटिला दुर्गा मंदिर तक PMGSY के तहत सड़क निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था, लेकिन वह अब तक धरातल पर नहीं उतर सका है और फाइलों में ही लंबित है। कई बार आवेदन और ज्ञापन देने के बावजूद कोई समाधान न मिलने पर ग्रामीण स्वयं ही अस्थायी रूप से सड़क की मरम्मत करने को मजबूर हैं। इसी बीच कामुमाई छड़ा पर पुल निर्माण के लिए दो स्थानों पर बड़े अस्थायी बांध बनाए जाने से जलप्रवाह बाधित हो गया है, जिससे दोनों किनारों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे छोटे वाहनों, विशेषकर ऑटो रिक्शा का संचालन अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले लगभग तीन महीनों से छड़ा का पानी रुका हुआ है, जिसके कारण यह अब मवेशियों के पीने योग्य भी नहीं रहा है और क्षेत्र में विभिन्न बीमारियों का प्रकोप देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द स्थायी सड़क और पुल निर्माण के साथ जलप्रवाह सामान्य करने हेतु प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### दिल्ली में रिटायर्ड इंजीनियर से ठगे 2.7 करोड़ रुपये, बेटी के भविष्य के लिए बचाई रकम गंवाई

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में कृष्णा नगर निवासी 77 वर्षीय रिटायर्ड ऑटो इंजीनियर एक सुनियोजित ऑनलाइन निवेश ठगी का शिकार हो गए। आरोप है कि फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए उन्हें ऊंचे मुनाफे का लालच देकर करीब 2.7 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आर्थिक अपराध शाखा ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उनके मोबाइल पर एक वॉट्सऐप मैसेज आया, जिसके बाद उन्हें एक ग्रुप में जोड़ लिया गया। इस ग्रुप में करीब 100 से अधिक सदस्य थे और रोजाना शेयर बाजार से जुड़े टिप्स, निवेश के सुझाव और भारी मुनाफे के स्क्रीन-शॉट साझा किए जाते थे। ग्रुप को संचालित करने वाला व्यक्ति खुद को एक नामी ट्रेडिंग कंपनी का डायरेक्टर बताता था और निवेशकों को भरोसा दिलाता था कि उनके जरिए निवेश करने पर कम समय में बड़ा फायदा होगा। धीरे-धीरे पीड़ित को एक मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड कर निवेश करने के लिए कहा गया। यह ऐप बिल्कुल असली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जैसा दिखता था। शुरुआत में छोटे-छोटे मुनाफे दिखाकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद उन्होंने अपने और पत्नी के बैंक खातों से बड़ी रकम निवेश करनी शुरू कर दी। कुछ ही समय में ऐप में उनका पोर्टफोलियो 8 करोड़ रुपये से अधिक दिखने लगा, जिससे वे और ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित हुए। मार्च के शुरुआती दिनों में उन्हें एक कंपनी में बड़े निवेश का ऑफर दिया गया, जिसमें लाखों शेयर आवंटित होने की बात कही गई। पीड़ित ने इस पर भरोसा कर और रकम डाल दी। लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो हर बार तकनीकी दिक्कत या अन्य कारण बताकर टाल दिया गया। लगातार प्रयास के बावजूद जब कोई पैसा वापस नहीं मिला, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

## तेल, गैस...भारत का दिल देखो, मुसीबत में एक नहीं अनेक देशों को कर रहा मदद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पूरी दुनिया के सामने ऊर्जा संकट है। यूरोप से लेकर अफ्रीका और अफ्रीका से लेकर एशियाई देश हर कोई ऊर्जा संकट के लिए परेशान है। वजह साफ है अमेरिका ईरान जंग के कारण स्टेट ऑफ हार्मोस बंद और फिर इससे पूरे दुनिया के ग्लोबल सप्लाई चेन पर असर। ऐसे में भारत के पड़ोसी देश मुसीबत में हैं तो क्या भारत इनका साथ छोड़ देगा? जवाब है नहीं। यही जानकारी भारत के विदेश मंत्रालय से सामने आई है। बात भूटान की हो, नेपाल की हो, श्रीलंका की हो, मॉरिसिस की हो, हर जगह भारत ने उनकी ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने का काम किया है। पड़ोसी कई एक पड़ोसी मुल्क से हमारे पास उनकी तरफ से अनुरोध आया है कि हम उनको ऊर्जा सामग्री उनको उपलब्ध कराएं। कई एक देशों को भारत ऊर्जा सामग्री उपलब्ध करा रहा है। लेकिन इस दरमियान भारत की अपनी जरूरतें हैं उसको मद्देनजर रखते हुए और किस प्रकार की यहां पर उपलब्धि है उसको मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को 22,000 मेट्रिक टन हाई स्पीड डीज़ल मार्च के महीने में मुहैया कराया था और साथ ही साथ इस महीने भी हमारे जो उनको ऊर्जा सामग्री और डीजल दी जाती है वह भी उनको दिया जा रहा है। श्रीलंका के संदर्भ में आपको पता है कि 38,000 मेट्रिक टन के पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स भारत ने पिछले महीने उनको भेजा था। एक सप्ताह पहले हमारे विदेश मंत्री मॉरिशस के दौरे पर गए थे। उस दौरान दोनों देशों के बीच में बातचीत हुई इस मुद्दे पर और अभी हम लोग इस प्रक्रिया में हैं कि दोनों देशों के बीच में गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट के स्तर पर एक एग्रीमेंट को रूप फाइनल रूप देने की प्रयास कर रहे हैं ताकि मॉरिशस की जो ऊर्जा स्थिति है वह बेहतर हो और भारत उनको ऑयल और गैस प्रदान करें। जहां तक नेपाल का सवाल है, नेपाल और भारत के बीच जो पहले से चल रहे जो जो एग्रीमेंट हैं, एक तो एग्रीमेंट इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और नेपाल के बीच में है जिसके तहत हम उनको पेट्रोलियम पदार्थ उसको उनको उपलब्ध कराते हैं। और यह उनकी जरूरतों के मुताबिक उनको मुहैया कराया जा रहा है।



विदेश मंत्रालय ने बताया कि बिना कोई इंटरप्शन के, बिना कोई बाधा के उनको दिया जा रहा है। उसी तरह भूटान के साथ भी हमारे दोनों देशों के बीच में एक समझ है, एक साझेदारी है। ऊर्जा पदार्थ को लेके उनको भी ऊर्जा हम मुहैया करा रहे हैं। जहां तक मालदीव और सेशल्स की बात है, उनसे भी कुछ हमारे पास अनुरोध आया है और अह उनसे उनसे हमारी लगातार इस मामले में बातचीत चल रही है। मैं साथ-साथ यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे पड़ोसी देशों की तरफ से उनके सरकार की तरफ से उन्होंने इस बात की सराहना की है कि हम लोग भारत की तरफ से उनको ऊर्जा सामग्री उनको इस दौरान जब पश्चिम एशिया में संघर्ष चल रहा है इस दरमियान उनको मुहैया कराया जा रहा है।

## 200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग केसः जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की दी अर्जी, ईडी से मांगा जवाब

● जैकलीन ने 200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग में सरकारी गवाह बनने की अर्जी दी।

● पटियाला हाउस कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा, अगली सुनवाई 20 अप्रैल।

● मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा, जैकलीन पहले आरोपी थीं।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने खुद को सरकारी गवाह बनाने की मांग करते हुए याचिका दायर की। अदालत ने इस पर ईडी से जवाब मांगा है। विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल के लिए तय की है। मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जिस पर 200 करोड़ रुपये की ठगी और उससे जुड़े धन के मनी लांड्रिंग का आरोप है। जांच के दौरान ईडी ने जैकलीन को कई बार पूछताछ के लिए बुलाया था और बाद में पूरक आरोपपत्र में उन्हें पहली बार आरोपित बनाया गया।

**सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार किया**

इससे पहले, पिछले वर्ष तीन जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दर्ज ईसीआइआर को रद करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिससे उनके खिलाफ जांच जारी रही। मूल मामला दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप है कि सुकेश चंद्रशेखर ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर्स शिविंदर सिंह और मलविंदर सिंह की पत्नियों से 200 करोड़ रुपये की ठगी की।

**चंद्रशेखर और उसकी पत्नी के खिलाफ मकोका के तहत कार्रवाई**

जांच एजेंसियों के अनुसार, चंद्रशेखर और उनकी पत्नी अभिनेत्री लीना पालोज ने हवाला नेटवर्क और शेल कंपनियों का इस्तेमाल कर अपराध से अर्जित धन को छिपाने और इधर-उधर करने का काम किया। दोनों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था और इस मामले में मकोका के तहत भी कार्रवाई की गई।

### दिल्ली के वसंत एन्क्लेव में ब्रिगेडियर और उनके बेटे के साथ मारपीट मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार



**दक्षिणी दिल्ली।** वसंत एन्क्लेव में बिग्रेडियर और उनके बेटे से मारपीट मामले में पुलिस ने चार और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित घटना को अंजाम देने के बाद से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों में मेहरम नगर निवासी सुरजीत सिंह, सुनील शर्मा एवं आशीष और भिवानी (हरियाणा) निवासी सतेंद्र शामिल हैं। सुरजीत, मुख्य आरोपित सतेंद्र का परिचित है। ये सभी मेहरम नगर में एक साथ बैठे थे, तभी सतेंद्र का फोन आया जिसमें उसने वसंत एन्क्लेव में हुए झगड़े के बारे में बताया।

**घटना के बाद से सभी फरार थे**

इसके बाद सभी सुरजीत की कार (हुंडई और, सफेद रंग) से घटनास्थल पर गए। वहां पहुंचने पर झगड़ा हुआ और फिर वे अपने-अपने घर लौट आए। बाद में जब उन्हें पता चला कि उनके खिलाफ मामला दर्ज हो गया है, तो वे अपने घरों से फरार हो गए। मामले की जांच की जा रही है।

## संघर्ष, सेवा और सफलता की प्रेरक कहानी वकालत के साथ समाज सेवा का संगमः अधिवक्ता रवि भूषण चौबे की अनोखी पहचान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली** न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए यह विचार अधिवक्ता रवि भूषण चौबे के जीवन का मूल आधार है। यही सोच उनके व्यक्तित्व उनके पेशे और उनके सामाजिक कार्यों में स्पष्ट रूप से झलकती है अधिवक्ता रवि भूषण चौबे का जीवन इस सत्य का सशक्त उदाहरण है कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद यदि व्यक्ति में दृढ़ संकल्प निरंतर परिश्रम और समाज के प्रति समर्पण की भावना हो तो वह किसी भी ऊंचाई को प्राप्त कर सकता है। बिहार के बक्सर जिले की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर देश की राजधानी दिल्ली तक और वहां से सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बनाना उनके अदम्य साहस और अथक संघर्ष की प्रेरक गाथा है वर्ष 1994 में Vinoba Bhave University से अर्थशास्त्र ऑनर्स की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली का रुख किया और niversity of Delhi में एम.ए. में प्रवेश लिया अध्ययन के दौरान उनकी गहरी रुचि पत्रकारिता में भी विकसित हुई जिसने उन्हें समाज के जमीनी सच और आमजन की समस्याओं को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान किया यही अनुभव आगे चलकर उनके व्यक्तित्व को संवेदनशील जागरूक और जनहित के प्रति समर्पित बनाता गया विधि के क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद उन्होंने अपनी मेहनत लगन और ईमानदारी के बल पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित की आज वे सुप्रीम कोर्ट ऑफ द्रुठ्ठस्र्द्बड्ड में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं और न्याय के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। उनके लिए वकालत केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व है एक ऐसा माध्यम जिसके जरिए वे समाज के कमजोर वंचित और जरूरतमंद वर्ग को न्याय दिलाने का प्रयास करते हैं समाज सेवा के प्रति उनकी गहरी निष्ठा उन्हें सार्वजनिक जीवन में भी सक्रिय बनाती है वर्ष 2017 में Delhi Municipal Corporation Election 2017 के दौरान जनता दल यूनाइटेड पार्टी ने उन्हें पटेल नगर नई दिल्ली से निगम पार्षद पद के लिए प्रत्याशी हेतु टिकट दिया यद्यपि वे इस चुनाव में सफल नहीं हो सके लेकिन इस अनुभव ने उनकी जनसेवा की भावना को और अधिक प्रबल किया तथा उन्हें समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को और निकट से समझने का अवसर प्रदान किया रवि भूषण चौबे द्वारा स्थापित Ravi Babita Support Foundation आज समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह संस्था निःशुल्क विधिक सहायता शिक्षा के प्रसार और niversal Humanity Mission के अंतर्गत मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा में भी संस्था की सक्रिय उपस्थिति उनके कार्यों के व्यापक प्रभाव और दूरदर्शी सोच को दर्शाती है।उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा उनके माता-पिता, स्वर्गीय श्री गुप्तेश्वर चौबे और स्वर्गीय श्रीमती जयंती देवी के संस्कार रहे हैं जिनका आशीर्वाद उन्हें हर कठिन परिस्थिति में आगे बढ़ने की शक्ति देता रहा है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बबीता कुमारी चौबे जो स्वयं एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता हैं उनके प्रत्येक प्रयास में सशक्त सहयोग और प्रेरणा प्रदान करती हैं। उनके बच्चे–पुत्री रीतिका अधिवक्ता पुत्र शिवांग बी.ए. एलएल.बी. छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता और पुत्र शौर्य कात्यायन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में संलग्न भी अपने-



अपने क्षेत्रों में प्रगति करते हुए इस परिवार की सेवा और शिक्षा की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।विनोबा भावे विश्वविद्यालय से जुड़े प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर शत्रुघ्न प्रसाद सिंह की प्रेरणा से प्रेरित होकर, रवि भूषण चौबे ने जीवन के संघर्षपूर्ण रास्तों को पार करते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं बल्कि समाज के लिए किए गए योगदान में निहित होती है। उनका जीवन आज के युवाओं के लिए एक जीवंत प्रेरणा है यह संदेश देता है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना ही सच्चे अर्थों में सफलता है।

**अंततः,** अधिवक्ता रवि भूषण चौबे की यह यात्रा केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि उस विचारधारा की विजय है जिसमें न्याय को केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार माना गया है–और जिसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका जीवन लक्ष्य है संपर्क सूत्र (Contact Details): न्याय एवं समाज सेवा से जुड़े किसी भी परामर्श, सहयोग अथवा मार्गदर्शन के लिए अधिवक्ता रवि भूषण चौबे (Advocate, Supreme Court of India) से निम्न पते एवं संपर्क माध्यमों के द्वारा संपर्क किया जा सकता है– चेम्बर नं. 4, पीपल ब्लॉक, ट्रेज़री ऑफिस के निकट, गेट नं. 3, तिस हज़ारी कोर्ट्स, दिल्ली - 110054 मोबाइलः 9711422543, 9953107357

## संजय गांधी नेशनल पार्क में 'अवैध मजार' पर वन विभाग का एक्शन

● लैंड जिहाद के लिए वन विभाग इलाके में कौन बनाया अवैध मजार?

कब से चल रही थी अवैध धार्मिक गतिविधियां?

**मुंबई** से इस वक्त की बड़ी खबर...मुंबई बोरीवली संजय गांधी नेशनल पार्क के संरक्षित वन क्षेत्र में एक कथित अवैध मजार को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि इस मजार पर लंबे समय से धार्मिक गतिविधियां और नमाज़ अदा की जा रही थी, जबकि यह इलाका पूरी तरह से प्रोटेक्टेड फॉरेस्ट ज़ोन के अंतर्गत आता है.. कांदिवली पूर्व समता नगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले इस इलाके को जानूपाड़ा मैदान कहते है जिसके ऊपर फॉरेस्ट विभाग के अंदर काफी समय से यहां मजार बनाकर यहां धार्मिक अनुष्ठान करने और सरकारी जमीन को कब्जा करने का मामला सामने आया था, स्थानीय रहवासी देवांग दवे के अनुसार यह मजार काफी पुराना है, वन विभाग ने पहले भी इस मजार को लेकर तोड़क कार्रवाई



की थी लेकिन फिर दुबारा यहां निर्माण कार्य करने पूरा मजार को व्यवस्थित बनाया गया था..

**क्या है पूरा मामला?** स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस स्थान पर बिना अनुमति के मजार का निर्माण किया गया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद समता नगर पुलिस की टीम और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस ढांचे को ध्वस्त कर दिया।

**अब उठ रहे हैं बड़े सवाल**

इस घटना के बाद कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं– आखिर संरक्षित वन क्षेत्र में यह ढांचा कैसे बना? इतने समय तक यहां गतिविधियां कैसे चलती रहीं? संबंधित विभागों की नजर इससे कैसे चूक गई?



इस अवैध निर्माण को लेकर हमने संजय गांधी नेशनल पार्क के अधिकारी असिस्टेंट कंजरवेटर सुधीर सोनावले से सीधी बातचीत की... वही मामले में स्थानीय रहवासी बीजेपी प्रवक्ता रत्नाकर सिंह की प्रतिक्रिया ली है..

**शिकायतकर्ता देवांग दवे का वायरल वीडियो..**

मजार को दिखाते हुए... शिकायतकर्ता के अनुसार यहां वन विभाग में बड़े पैमाने पर मजार के नाम पर लैंड जिहाद की कोशिश जारी है..बार बार एक्शन के बाद भी जिहादी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है... फिलहाल, प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हलचल है और अब सभी की नजर इस पर है कि इस पूरे मामले में आगे क्या जांच और खुलासे होते हैं।